जबलपुर

शनिवार, 24 मई 2025

- ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष-12
- वर्ष : 20, अंक : 24
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 37
न्यून. 27

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


कल से शुरु होगी केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान की दो दिवसीय पदयात्रा

## पीएम मोदी का सपना साकार करने गांव-गांव घूमेंगे शिवराज



यात्रा 25 मई को शाम 4 बजे लाड़कुई से शुरु होगी

**सीहोर।** पहली बार केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प को पूरा करने के लिए दो दिवसीय पदयात्रा करने जा रहे है। इस दौरान वह ग्रामीण चौपाल के माध्यम से महिला, युवा व किसानों व आम जनता से न केवल सीधा संवाद करेंगे, बल्कि विकसित भारत में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने उन्हें संकल्प भी दिलाएंगे।

### चौपाल से योजनाओं की जानेंगे हकीकत

उनकी यात्रा 25 मई को शाम 4 बजे लाडकुई से शुरु होगी। यहां पर वह प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों, वन विभाग एवं आदिम जाति कल्याण विभाग योजना के संबंधित हितग्राहियों से संवाद करेंगे। इसके बाद वह पदयात्रा कर लाडकुई व भादाकुई के बीच पडने वाले खेतों में पहुंचकर किसानों से संवाद करेंगे और उन्हें जैविक खेती को बढ़ावा देने, कीटनाशक एवं रासायनिक खाद का उपयोग कम करने, नरवाई नहीं जलाने का संकल्प दिलाएंगे। इसके बाद शाम 6 बजे भादाकुई पहुंचकर चौपाल में शामिल होंगे और महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत लाड़ली बहना व लखपति दीदी से संवाद करते हुए महिलाओं को प्रोत्साहित करेंगे।

---

पीएम मोदी ने राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन किया

# पीएम मोदी ने कहा- 200 अरब डॉलर के व्यापार के प्रवेश द्वार हैं पूर्वोत्तर राज्य

1 हील इन इंडिया पहल को विश्वव्यापी आंदोलन के रूप में किया जा रहा विकसित

2 एनर्जी और सेमीकंडक्टर के लिए उभर रहा पूर्वोत्तर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि आसियान देशों के साथ भारत का व्यापार, जो वर्तमान में लगभग 125 अरब डॉलर है, आने वाले वर्षों में 200 अरब डॉलर से अधिक होने की उम्मीद है, क्योंकि पूर्वोत्तर राज्य रणनीतिक व्यापार पुल और दक्षिण-पूर्व एशियाई बाजारों के प्रवेश द्वार के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

पीएम मोदी ने नई दिल्ली में राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन करते हुए भारत-म्यांमार-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग के महत्व पर रोशनी डाली, जो म्यांमार से थाईलैंड तक सीधी पहुंच प्रदान करेगा। इससे थाईलैंड, वियतनाम और लाओस के साथ भारत की कनेक्टिविटी मजबूत होगी। यही नहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने कलादान मल्टीमॉडल ट्रांजिट परियोजना में तेजी लाने के सरकार के प्रयासों को रेखांकित किया, जो कोलकाता बंदरगाह को म्यांमार के सित्तवे बंदरगाह से जोड़ेगी, जो मिजोरम के माध्यम से एक महत्वपूर्ण व्यापार मार्ग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना पश्चिम बंगाल और मिजोरम के बीच यात्रा की दूरी को काफी कम कर देगी, जिससे व्यापार और औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। गुवाहाटी, इंफाल और अगरतला के मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स हब के रूप में चल रहे विकास पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि मेघालय और मिजोरम में भूमि सीमा शुल्क स्टेशनों की स्थापना से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के अवसरों का और विस्तार हो रहा है।

### अंबानी ने कहा- पूर्वोत्तर में 25 लाख रोजगार देंगे



*रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी ने कहा, मैं ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सलाम करता हूं। यह सफलता उनके दृढ़ संकल्प और हमारे सशस्त्र बलों की बेजोड़ बहादुरी का एक शानदार प्रमाण है। अगले 5 साल में हम अपने निवेश को दोगुना से भी अधिक करेंगे और हमारा लक्ष्य 75,000 करोड़ रुपए होगा।*

---









## खबर संक्षेप

### अनुमतिः एलजी पर दर्ज मामले होंगे वापस



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार की एक अहम याचिका को स्वीकार कर लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा सरकार को आप सरकार के दौरान केंद्र और उपराज्यपाल के खिलाफ दर्ज 7 मामलों को वापस लेने की अनुमति दे दी है। ये मामले आम आदमी पार्टी सरकार ने केंद्र सरकार और उपराज्यपाल के खिलाफ दायर किए थे।

### आपत्तिजनक हालत में दिखे नेता पर केस दर्ज



**मंदसौर।** नेशनल हाईवे पर महिला के साथ आपत्तिजनक हालत में दिखे भाजपा नेता मनोहर धाकड़ के खिलाफ पुलिस ने शुक्रवार को केस दर्ज कर लिया है। भाजपा नेता का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जांच की तो भानपुरा थाना क्षेत्र में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे का निकला।

### लव जिहादी मोहसिन पर तीन एफआईआर दर्ज



**इंदौर।** कोच मोहसिन खान पर तीन एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं। नाबालिग के द्वारा पाक्सो, महिला वकील की शिकायत पर रेप, का केस दर्ज किया है। वहीं दूसरी महिला की शिकायत पर छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया। अन्नपूर्णा थाना में दोनों ही महिलाओं ने कोच के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस जांच में जुटी है।

### वोडाफोन-आइडिया का नेटवर्क रहा डाउन



**भोपाल।** वोडाफोन-आइडिया नेटवर्क (वीआई नेटवर्क) के ग्राहकों को शुक्रवार को नेटवर्क डाउन होने से वोडाफोन-आइडिया फोन धारकों की इंटनेट सेवा बाधित रही। जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ा। यह स्थित भोपाल सहित कई जगहों पर वीआई नेटवर्क यूज कर रहे ग्राहकों को हुई।

---

मॉस्को एयरपोर्ट पर ड्रोन अटैक के चलते बनी स्थिति

# भारतीय सांसदों के दल को लेकर गया विमान मॉस्को एयरपोर्ट पर हवा में लगाता रहा चक्कर

**भारतीय डेलिगेशन के पहुंचने से पहले हुआ हमला**

**मॉस्को की ओर उड़ रहे 23 ड्रोन को हवा में ही मार गिराया गया**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय डेलिगेशन की एक टीम शुक्रवार को रूस के मॉस्को जा रही थी। डेलिगेशन में शामिल सभी नेता विमान में सवार होकर मॉस्को के लिए निकल चुके थे। भारतीय डेलिगेशन के पहुंचने से पहले मॉस्को एअरपोर्ट पर ड्रोन हमला हुआ है।माना जा रहा है कि ये ड्रोन हमला यूक्रेन ने किया है, जिसके बाद मॉस्को एयरपोर्ट पर ट्रैफिक काफी देर तक बाधित रहा।

मॉस्को के मेयर और नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने कई फ्लाइटों के उड़ान में व्यवधान की बात मानी है। वहीं रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस की यात्रा पर गया भारतीय प्रतिनिधिमंडल की फ्लाइट भी मॉस्को एयरपोर्ट के आसपास काफी देर तक भटकती रही। जिसमें सांसद कनिमोझी करुणानिधि भी बैठी थीं। हालांकि बाद में उनका विमान सही सलामत एयरपोर्ट पर उतर गया। रूसी अधिकारियों के मुताबिक आधी रात से मॉस्को की ओर उड़ रहे 23 ड्रोन को हवा में ही मार गिराया गया है।

ड्रोन का मलवा होने के कारण एयरपोर्ट पर फ्लाइट उतरना कठिन था



### कई हवाई अड्डों पर उड़ानें रोक दीं

*रूस के विमानन प्राधिकरण रोसावियात्सिया ने बताया कि गुरुवार को मॉस्को के कई हवाई अड्डों पर उड़ानें रोक दी गईं। रोसावियात्सिया ने बताया कि शहर के मुख्य शेरेमेत्येवो हवाई अड्डे के साथ-साथ वनुकोवो, डोमोडेडोवो और ज़ुकोवस्की में विमानों को रोका गया है।*

मॉस्को के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने टेलीग्राम पर कई पोस्ट में लिखा है कि आपातकालीन सेवा एक्सपर्ट्स गिरे हुए मलबे के स्थान पर काम कर रहे हैं।रिपोर्ट के मुताबिक इस दौरान रूस की यात्रा पर मॉस्को गईं डीएमके सांसद कनिमोझी के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल को काफी देर तक हवा में चक्कर लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### मॉस्को एयरपोर्ट पर यूक्रेन का ड्रोन हमला

रिपोर्ट के मुताबिक कई घंटों के बाद भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल जिस विमान से यात्रा कर रहा था, वह सुरक्षित रूप से लैंड करने में कामयाब रहा। बता दें कि भारत-पाक संघर्ष के बारे में अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान और आतंकवादियों के नेक्सस के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल अलग अलग देशों की यात्रा कर रहा है और एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में मॉस्को पहुंचा है। दूसकी तरफ मॉस्को के मेयर के मुताबिक यह हमला शहर की ओर 23 ड्रोन लॉन्च किए जाने के एक दिन बाद हुआ।

#### कुछ घंटों तक उड़ानों का परिचालन रहा बंद

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मॉस्को हवाई अड्डे के निकट ड्रोन हमले के कारण विमान उतर नहीं सका। घटना के बाद घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ान परिचालन कुछ घंटों के लिए अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया। हालांकि, कई घंटों के बाद, जिस विमान में भारतीय डेलिगेशन यात्रा कर रहा था, उसे सुरक्षित रूप से उतारा गया। बता दें, सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में एक डेलिगेशन पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद को लेकर अंतरराष्ट्रीय जागरूकता बढ़ाने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में रूस का दौरा कर रहा है।

---

भोपाल-इंदौर हाइवे पर गुरुवार-शुक्रवार दरमियानी रात हुआ हादसा

## अंधी रफ्तार से दौड़ रही कार पेड़ से टकराकर खंभे में घुसी, 3 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित भोपाल-इंदौर हाइवे पर गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात तेज रफ्तार वैन्यू कार सड़क किनारे गुमठी को टक्कर मारने के बाद पेड़ और खंभे में जा घुसी। इस हादसे में कार सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। हादसा ओवर स्पीड होने के कारण हुआ। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार राहुल कनाडे (27) शंकर मंदिर के पास, आरा मशीन रोड, बैरागढ़ में रहता है। उसके मोहल्ले में पंकज सिसोदिया (25) और प्रीत आहुजा (27) सहित विशाल डागी रहता था।

**तेज धमाके के साथ खत्म हो गई 3 जिंदगी**



ओवरस्पीड होने के कारण एक्सीडेंट कुछ सेकंड का था और तीन युवाओं ने अपनी जिंदगी गंवा दी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने सभी शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिए, जबकि गंभीर रूप से घायल राहुल कनाडे का समय पर इलाज होने से उसकी स्थिति स्थिर बनी हुई है।

शुजालपुर-आष्टा मार्ग पर हुआ हादसा

## शुजालपुर में बस ने बाइक सवारों को रौंदा, 3 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शुजालपुर

शाजापुर जिले के शुजालपुर में यात्री बस ने बाइक सवारों को रौंद दिया। बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। एक ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। बस चालक फरार हो गया। हादसा शुजालपुर-आष्टा मार्ग पर शुक्रवार सुबह 8.45 बजे हुआ।

बालाजी ट्रेवल्स की बस सारंगपुर से भोपाल की ओर जा रही थी। जेठड़ा जोड़ के आगे सामने से आ रही बाइक को रौंद दिया। हादसे में आयुष मालवीय (17 साल), रवि मालवीय (19 साल) की मौके पर ही मौत हो गई। राज मालवीय को गंभीर



हालत में डायल 100 की टीम ने शुजालपुर मंडी के सिविल अस्पताल पहुंचाया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर सिविल अस्पताल से रवाना हो गए हैं। तीनों दोस्तों का अंतिम संस्कार एक साथ होगा। तीनों युवक लसुड़िया घाघ के रहने वाले थे।

---

मदरसे में अचानक हो गया धमाका

## सोलर बैट्री फटने से झुलसे कई मासूम, तीन की हालत नाजुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मेरठ



मेरठ के किठौर थानाक्षेत्र में ललियाना गांव में एक निजी प्राइमरी स्कूल में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब स्कूल में खुले में रखी बैट्री धमाके के साथ फट गई और आसपास मौजूद पांच मासूम छात्र-छात्राएं तेजाब की चपेट में आकर झुलस गए। सभी घायल बच्चों को पास के निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया है। घटना सोडल ग्रुप पब्लिक स्कूल की है।

#### स्कूल संचालक ने हादसे को छिपाया

धमाके के बाद स्कूल में अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीण मौके पर दौड़े चले आए। उन्होंने बच्चों को निजी चिकित्सक के पास पहुंचाया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि हादसे के बाद स्कूल संचालक ने परिसर की सफाई कराकर घटना छिपाने की कोशिश की। जब स्कूल संचालक बच्चों का हाल-चाल लेने पहुंचे।

---

मंत्री ने तीसरी बार पत्र, वीडियो, ऑडियो से मांगी माफी

## मंत्री विजय शाह ने तीसरी बार मांगी माफी, बोले- यह मेरी भाषाई भूल थी



सुको ने बनाई एसआईटी, 28 मई तक रिपोर्ट मांगी

कर्नल सोफिया को आतंकियों की बहन बताने के बाद घिरे शाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देशवासियों को देने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी पर अनर्गल टिप्पणी कर चौतरफा घिरे प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह ने तीसरी बार माफी मांगी है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित एसआइटी की जांच के बीच उन्होंने पत्र, वीडियो और ऑडियो संदेश जारी कर माफी मांगी है।

#### सुप्रीम कोर्ट ने बयान पर की थी कड़ी टिप्पणी

इसके खिलाफ विजय शाह सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। सुको ने विजय शाह पर कड़ी टिप्पणी करते हुए मामले की जांच तीन आइपीएस अधिकारियों की एसआइटी से करवाने के निर्देश दिए थे।

#### दो बार और मांग चुके हैं माफी

इससे पहले विजय शाह ने टिप्पणी पर विवाद बढ़ने के बाद 13 मई को मीडिया से चर्चा में और अगले दिन 14 मई को वीडियो जारी कर माफी मांगी थी। बता दें, विजय शाह ने इंदौर जिले के मानपुर क्षेत्र में 11 मई विवादित बयान दिया था।

---

## सीएम ने भिण्ड, ग्वालियर, चंबल के रणबांकुरों को नमन किया

मछंड, असवार क्षेत्र का उन्नयन करते हुए बने नगर पंचायत

# भिंड जिले में 100 बीघा जमीन में लगेगा उद्योग, हजारों लोगों को मिलेगा रोजगार

**आलमपुर सरकारी महाविद्यालय का नाम देवी अहिल्याबाई के नाम पर करने की घोषणा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भिंड जिले के लहार में 100 बीघा जमीन पर उद्योग लगाने की घोषणा की। उन्होंने मछंड, असवार क्षेत्र का उन्नयन करते हुए नगर पंचायत बनाए जाने व जिले के आलमपुर सरकारी महाविद्यालय का नाम देवी अहिल्याबाई के नाम पर करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमा पर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारी सेना ने पराक्रम व पुरुषार्थ की एक नई गाथा लिखी है। उसके लिए मैं भिण्ड, ग्वालियर, चंबल के पूरे रणबाकुरों को नमन करता हूं। यहां के हर घर में या तो सेना का जवान मिलेगा या फिर खेत में किसान मिलेगा।



#### भिंड में कोई किसी के साथ अन्याय नहीं कर सकता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 145 करोड़ देशवासियों के लिए यदि भारत महफूज है, तो मुझे गर्व है कि देश के बाकी राज्यों के सैनिकों के साथ चंबल के सैनिक भी हमारी सीमाओं पर खड़े हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां का अतीत बहुत गौरवशाली है। खासकर लहार महाभारत कालीन लाक्षागृह की घटना के लिए जाना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि पांडवों के लिए कौरवों ने जो षड्यंत्र किया था उस षड्यंत्र के आधार पर यहां लाक्षागृह बनाया गया था। उन्होंने कहा कि भिंड के अंदर कोई किसी के साथ अन्याय नहीं कर सकता है।





Reliance
Jio Mart
समय और पैसे दोनों बचाएं
Quick
Scheduled
Biscuits, Drink & Packaged Foods
Ice Cream & Frozen
Chips & Namkeens
Biscuits & Cookies
Chocolates &...
Indian Sweets
Drinks & Juices
Breakfast Cereals
Noodles, Pasta &...
Quick फ्री होम डिलीवरी
लो प्राइस गारंटी
0
ज़ीरो एक्स्ट्रा चार्जेज़
फ्लैट ₹ 100 की छूट*
आपके पहले Quick ग्रॉसरी ऑर्डर पर
*न्यूनतम ₹399 की खरीदारी पर
कूपन कोड का उपयोग करें
JMNEW100
डाउनलोड करने के लिए स्कैन करें
*T&C Apply
प्याज 1 kg
बाजार मूल्य ₹ 25
जियोमार्ट कीमत ₹ 17
आम बेंगपल्ली 1 kg
बाजार मूल्य ₹ 80
जियोमार्ट कीमत ₹ 64
आम केसर 1 kg
बाजार मूल्य ₹ 150
जियोमार्ट कीमत ₹ 129
क्वालिटी वॉल्स पार्टी पैक / टब्स 700 ml या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 140 या उससे अधिक
जियोमार्ट कीमत ₹ 70 या उससे अधिक
फ्लैट 50% छूट
बिंगो! / प्रिंगल्स चिप्स 75 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 20 या उससे अधिक
फ्लैट 40% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 12 या उससे अधिक
कोल्ड ड्रिंक्स 750 ml / ज्यूसेस 600 ml (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 40 या उससे अधिक
फ्लैट 25% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 30 या उससे अधिक
स्वादिस्ट रिफाइंड सोया तेल 850 g / दम्मानी मूंगफली तेल 900 g
एमआरपी ₹ 180 / ₹ 190
जियोमार्ट कीमत ₹ 124/ ₹ 147
बचाइए ₹ 56 / ₹ 43
मक्कैन फ्रेंच फ्राइज़ 420 g
एमआरपी ₹ 125
जियोमार्ट कीमत ₹ 49
बचाइए ₹ 76
ट्रेसमे / हिमालय / डव शैम्पू 340 ml (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 310 या उससे अधिक
फ्लैट 33% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 207 या उससे अधिक
टाइड 6 kg + 2 kg / सर्फ एक्सेल डिटर्जेन्ट पाउडर 7 kg / एरियल / सर्फ एक्सेल मैटिक लिक्विड 4 L / कम्फर्ट फैब्रिक कंडीशनर 2 L (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 550 या उससे अधिक
फ्लैट 40% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 330 या उससे अधिक
नियम तथा शर्तें लागू। ऑफर स्टॉक खत्म होने तक वैध। सभी ऑफ़र्स को सूचना दिए बिना बदला जा सकता है। प्रोडक्ट्स की दिखाई गई तस्वीरें/फोटोग्राफ्स केवल प्रतिनिधित्व के लिए हैं। सभी प्रोडक्ट्स की एमआरपी में सभी टैक्स शामिल हैं। छूट प्रतिशत को ऑफर मूल्य के लगभग प्रतिशत तक राउंड ऑफ किया गया है। सभी ऑफ़र्स 25 मई 2025 तक चुनिंदा पिन कोड पर मान्य हैं। सभी विवाद केवल मुंबई में स्थित न्यायालयों के अनन्य क्षेत्राधिकार के अधीन हैं।

# कटनी में यात्रियों के लिए कई सुविधाएं, आधुनिक ट्रांजिट हब बनेगा सिवनी, श्रीधाम की बदली 'सूरत'

## कटनी साउथ रेलवे स्टेशन के उद्घाटन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा, उप मुख्यमंत्री शुक्ल हुए शामिल

हरिभूमि टीम ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान (बीकानेर) से गुरुवार को देश भर के पुनर्विकसित 103 अमृत रेलवे स्टेशनों सहित प्रदेश के 6 स्टेशनों का वर्चुअली उद्घाटन किया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला कटनी साउथ रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि अमृत भारत योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित कटनी साउथ सहित प्रदेश के 6 रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रदेश के लोगों को बड़ी सौगात दी है।

इसके लिए मैं सभी प्रदेशवासियों को बधाई देता हूं एवं प्रधानमंत्री, रेल मंत्री एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताता हूं। इस दौरान पूर्व मंत्री व विधायक संजय पाठक, पूर्व मंत्री अलका जैन, जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, विधायक संदीप जायसवाल, धीरेंद्र बहादुर सिंह, महापौर प्रीति सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी उपस्थित रहे।



### विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति की दिशा में बढ़ रहा देः शुक्ल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज देश भर के 103 अमृत स्टेशनों को पुनर्विकसित करने का महत्वपूर्ण कार्य हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का निरंतर सर्वांगीण विकास हो रहा है, आज देश तेज गति से विकसित भारत के संकल्प की ओर आगे बढ़ रहा है। देश के आम नागरिक को स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार की सुविधा मिल सके, इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार प्रदेश को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### सिवनी रेलवे स्टेशन को 14.46 करोड़ रुपए से दिया नया लुक



*सिवनी स्टेशन पर सुबह 9 बजे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के चलते स्टेशन पर आकर्षक लाइटिंग की गई है। स्टेशन को 14.46 करोड़ की लागत से विकसित किया गया है। इसका उद्देश्य यात्री सुविधाओं में सुधार करना, स्थानीय संस्कृति को संरक्षित रखना और सिवनी को एक आधुनिक ट्रांजिट हब में बदलना है। डीआरएम दीपक कुमार गुप्ता ने बताया कि सिवनी स्टेशन का यह नया स्वरूप इस बात का प्रतीक है कि विकास और परंपरा एक साथ आगे बढ़ सकते हैं। स्थानीय समुदाय, कलाकारों, अभियंताओं और वास्तुविदों के सहयोग से यह परिवर्तन संभव हुआ है।*

### रेलवे स्टेशन पर मोगली बना आकर्षण का केंद्र



*स्टेशन पुनर्विकास अंतर्गत कई कार्य कराए गए हैं। प्लेटफॉर्म एक की ओर स्थित बिल्डिंग के बाहर मोगली की प्रतिमा आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। यहां आकर्षक अंदाज में लिखवाए गए सिवनी के साथ बड़ी संख्या में लोग सेल्फी लेते हैं। 12 मीटर चौड़े नए फुटओवर ब्रिज का निर्माण किया गया है, जिसमें लिफ्ट व एस्केलेटर भी लगाए जाएंगे। प्लेटफॉर्म नं. 1 की ओर नवीन पार्किंग स्थल बनाया गया है। सुविधा युक्त प्रतीक्षालय, भुवनेश्वर मॉडल पर आधारित स्वच्छ शौचालय के साथ ही हाई मास्ट लाइट और सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं।*

### श्रीधाम रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का विस्तार



*नरसिंहपुर की श्रीधाम स्टेशन को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमृत स्टेशन की सौगात दी गई। कार्यक्रम के पूर्व मंचीय कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति का आनंद लिया, कार्यक्रम में स्थानीय विधायक महेंद्र नागेश पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में शिलालेख का अनावरण किया गया। पश्चिम नगर रेलवे की असिस्टेंट डिवीजन मैनेजर आनंद कुमार द्वारा बताया गया कि पहले फेस का कार्य श्रीधाम स्टेशन में पूर्ण हो चुका है और यात्री सुविधाओं में विस्तार से श्रीधाम स्टेशन को नई पहचान मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा श्रीधाम स्टेशन के पुनः निर्माण से क्षेत्र की जनता बेहद उत्साहित नजर आई।*

---

## नर्मदापुरम की भूमि उपजाऊ, विकास में नहीं छोड़ी जाएगी कोई कसर : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# औद्योगिक रूप से विकसित जिला बनेगा नर्मदापुरम सिवनी-मालवा के लिए खेल स्टेडियम की घोषणा

### सीएम डॉ.मोहन ने किया सिवनी-मालवा में विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन

*इस वर्ष एक लाख सरकारी पदों पर भर्तियां की जाएगी*

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नर्मदापुरम जिले की भूमि उपजाऊ एवं समृद्ध है, यहां कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए शासन कृत-संकल्प है। नर्मदापुरम के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। नर्मदापुरम में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित कर निवेश को प्रोत्साहित किया गया है। आने वाले समय में नर्मदापुरम औद्योगिक रूप से विकसित जिला बनेगा। मुख्यमंत्री ने गुरूवार को सिवनी मालवा में 97.07 करोड़ के 31 कार्यों का लोकार्पण एवं 102.94 करोड़ के 48 कार्यों का भूमिपूजन किया।

डॉ. यादव ने सिवनी मालवा में खेल स्टेडियम बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों, युवाओं, महिलाओं एवं श्रमिक सभी वर्ग के लिए योजनाएं बनाई हैं। मध्यप्रदेश शासन भी गरीब वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. यादव ने भारतीय सेना के पराक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने दुश्मनों को परास्त किया। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति जियो और जीने दो पर आधारित है। पूरी पृथ्वी हमारा परिवार है।

◆ ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने दुश्मनों को परास्त किया



### मप्र सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रही

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड रही है। नर्मदापुरम जिले के हॉकी खिलाड़ी विवेक सागर को ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने पर एक करोड़ की प्रोत्साहन राशि दी गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा वर्गों को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष एक लाख सरकारी पदों पर भर्तियां की जाएगी। साथ ही आगामी 5 वर्षों में ढाई लाख सरकारी पद भरे जाएंगे। उन्होंने कहा कि विगत 15 वर्षों में इस वर्ष 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट सबसे बेहतर आया है। इस वर्ष सरकारी स्कूल के बच्चों ने प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाया है।

### विंध्य और चंबल में भी आयोजित होंगे ऐसे मेले

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 26 मई को नरसिंहपुर जिले में किसान उद्योग समागम मेले का आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय इस मेले में अत्याधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन किया जाएगा। आने वाले समय में विंध्य और चंबल में भी ऐसे ही मेले आयोजित किए जाएंगे। डॉ यादव ने कहा कि शासन ने हर खेत में सिंचाई के लिए पानी पहुचाने का संकल्प लिया है। पहले प्रदेश के 7 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा थी जिसे बढ़ाकर 55 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता विकसित कर ली गई है। आने वाले समय में 100 लाख हेक्टेयर में सिंचाई के लिए जल उपलब्ध कराया जाएगा।*

### किसानों की आय बढ़ाने के लिए अभिनव योजना

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए एक अभिनव गोपालक योजना प्रारंभ की जाएगी। जो किसान 200 गिर गाय खरीदेंगे, उन्हें 25 प्रतिशत तक की अनुदान राशि दी जाएगी। किसानों से दूध खरीदा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब राज्य परिवहन निगम की बसें गांव गांव तक जाएंगी। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले को 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब आयुष्मान कार्ड धारी गंभीर मरीजों को चिकित्सालय पहुंचाने के लिए एयर एंबुलेंस सेवा शुरू की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र एवं उपकरण वितरित किए।

### सिवनी मालवा में भारत के वीर सैनिकों के सम्मान में निकाली 'तिरंगा यात्रा'

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को नर्मदापुरम जिले के सिवनी मालवा में देश के वीर सैनिकों के सम्मान में आयोजित 'तिरंगा यात्रा' में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा स्थानीय शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय से प्रारंभ हुई और नर्मदापुरम मार्ग से होकर कृषि उपज मंडी प्रांगण में सम्पन्न हुई। तिरंगा यात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव तिरंगे फूलों से सजाए गए विशेष रथ में सवार थे। उन्होंने इस दौरान हाथ हिलाकर नागरिकों का अभिवादन किया। तिरंगा यात्रा के दौरान पूरा शहर राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत हो गया और आसमान 'भारत माता की जय' और 'वंदे-मातरम' के उद्घोष से गुंजायमान हुआ। हाथों में राष्ट्रध्वज तिरंगा लिए सभी समुदायों और सभी आयु वर्ग के नागरिक बड़ी संख्या में इस तिरंगा यात्रा में भरपूर उत्साह के साथ शामिल हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस दौरान 'तिरंगा यात्रा' में शामिल नागरिकों पर पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। संगठनों द्वारा आतिशबाजी की गई। यात्रा में लोक निर्माण मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह, क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, सिवनी मालवा विधायक प्रेम शंकर वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए।



---

## एसपीएमः रोजगारोन्मुखी अप्रेंटिसशिप एम्बेडी प्रोग्राम आगामी सत्र से होंगे शुरू

**भोपाल।** शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से रोजगारोन्मुखी एईडीपी पाठ्यकम उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से शुरू हो रहे हैं। अप्रेंटिसशिप अम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम (एईडीपी) के तहत बी.कॉम में बी.कॉम एंड बैंकिग फाइनेंस सर्विसेस एंड इंश्योरेंस (बीएफ.एसआई) 30 सीट तथा बीएससी इन टूरिज्म एण्ड हॉस्पिटीलिटी ऑपरेशन्स (30 सीट) के साथ शुरूआत हो रही है।

यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत युवाओं को कौशल आधारित एवं रोजगार उन्मुखी उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की जा रही है। एईडीपी पाठ्यक्रमें के छात्र एवं छात्राओं को स्नातक की पढ़ाई के अन्तिम छह से बारह महीने की अप्रेंटिशिप दी जाएगी, जिसमें उन्हें न्यूनतम 8000 हजार रुपए प्रतिमाह का स्टायपेंड भी मिलेगा। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना ने बताया कि यह कोर्स विद्यार्थियों को न केवल अकादमिक ज्ञान देगा, बल्कि व्यावहारिक अनुभव और इंडस्ट्री से जुड़ाव का भी अवसर मिलेगा। यह पाठ्यकम युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अधिक जानकारी के लिए अधिक जानकारी के लिए कॉलेज में नोडल अधिकारी डॉ. संदीप कुमार मल्होत्रा, डॉ. मीनाक्षी सक्सेना, डॉ. आशा वर्मा, डॉ. शिवाली शाक्य से संपर्ककिया जा सकता है। बता दें कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत युवाओं को कौशल आधारित एवं रोजगार दिलाने उच्च शिक्षा प्रदान करने का इसका लक्ष्य है।

---

## अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर कार्यशाला



# जैव विविधता का संरक्षण जीवन के लिए महत्वपूर्णः मंत्री अहिरवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप सिंह अहिरवार ने कहा कि जैव विविधता का संरक्षण हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हमें जैव विविधता के महत्व को समझने और उसके संरक्षण के लिए प्रयास करने होंगे। मंत्री अहिरवार गुरुवार को नरोन्हा प्रशासन अकादमी में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जैव विविधता के संरक्षण के लिए सरकार के साथ मिलकर समाज को भी काम करना होगा। अहिरवार ने कहा कि वन विभाग द्वारा संघर्ष एवं चुनौती के साथ प्रकृति और पेड़-पौधों को संरक्षित करने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पथरीली जमीन पर भी कठिन परिश्रम से पौधे लगाकर वन तैयार करने का प्रशंसनीय कार्य वन विभाग के अधिकारी कर रहे हैं।

### प्रतियोगिताओं के पुरस्कार बांटे

*मंत्री अहिरवार ने अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर राज्य स्तरीय वार्षिक जैव विविधता पुरस्कार, राज्य स्तरीय वार्षिक जैव विविधता पुरस्कार 2023-24 और मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता के पुरस्कारों का वितरण किया। उन्होंने जैव विविधता पर आधारित पोस्टर का विमोचन भी किया। कार्यक्रम स्थल पर जैव विविधता वनस्पति स्टॉल प्रदर्शनी का अवलोकन किया। जैव विविधता आधारित नुक्कड़ नाटक भी देखा। अपर मुख्य सचिव वन अशोक वर्णवाल ने कहा कि जैव विविधता दिवस का उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और उसके महत्व को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की थीम प्रकृति के साथ सामंजस्य और विकास है, जो हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाने और उसके संरक्षण के लिए प्रेरित करती है।*

---

## संभावना, हार्ट अटैक से खिलाड़ी की जान गई

# रायपुर के जिला बैडमिंटन एकेडमी में दर्दनाक हादसा, बैठे-बैठे खिलाड़ी की हो गई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कोतवाली थाना इलाके के सप्रे स्कूल में बने जिला बैडमिंटन एकेडमी में शुक्रवार की सुबह बैडमिंटन खेलने के दौरान एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। खिलाड़ी को मेकाहारा पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। मृतक का नाम हिमांशु श्रीवास्तव है, जो दो-तीन दिन से बैडमिंटन खेलने के लिए आ रहा था। मृतक युवक मूल रुप से भिलाई का रहने वाला था।



फिलहाल इसके बारे में पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस को आशंका है कि युवक की मौत हार्ट अटैक से हुई होगी। कोतवाली थाने की सब इंस्पेक्टर दिव्या शर्मा ने बताया कि सप्रे स्कूल स्थित जिला बैडमिंटन एकेडमी में शुक्रवार की सुबह लगभग 8:30 बजे एक युवक की बैडमिंटन खेलने के दौरान संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। इस सूचना के आधार पर युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मेकाहारा भेजा गया है और इसकी सूचना मृतक की पत्नी को दे दी गई है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि डेड बॉडी स्प्रे स्कूल से सीधे मेकाहारा अस्पताल ले जाया गया है। मेकाहारा मौदहापारा थाना अंतर्गत आता है। ऐसी स्थिति में मौदहापारा थाने में जीरो पर मामला दर्ज होने के बाद मामले की शिकायत हमारे पास आएगी। इसके बाद कोतवाली के पुलिस स्टाफ मेकाहारा जाकर परिजनों का बयान दर्ज करेगी। उसके बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा। फिलहाल घटना की सूचना मिलने के बाद मृतक की पत्नी सदमे की वजह से पुलिस को कोई ज्यादा जानकारी नहीं दे पाई है।

---

## बरसते पानी में जमकर नाचे सुरक्षा बल



# खूंखार नक्सली बसव राजू को मारने वाले जवानों ने नाचकर मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणपुर

नारायणपुर में सुरक्षा बलों ने खूंखार नक्सली बसव राजू को मार गिराया। इसके बाद जवानों ने जंगल से वापस शहर लौटकर जश्न मनाया। बरसते पानी में जवान जमकर नाचे और एक-दूसरे को गुलाल लगाया। यह जीत का उत्सव सारी रात चला, जिसमें तेज बारिश भी बाधा नहीं डाल पाई।

### जवानों ने भारत माता के लगाए जयकारे

*ऐसा ही दृश्य गुरुवार की रात नारायणपुर में दिखाई दिया, जब नक्सली प्रमुख बसव राजू को मार गिराने के बाद अभियान से वापस लौटे डीआरजी जवानों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर जश्न मनाया। डीआरजी जवानों ने सफलता का उत्सव सारी रात नाच–गाकर मनाया। तेज बारिश भी इस उत्सव में बाधा नहीं डाल पाई। जवान बीच सड़क में उतर कर भारत माता के जयकारे लगाए।*

### जंगल से वापस शहर लौटे सुरक्षा बल के जवान

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में माओवादियों के प्रमुख खूंखार बसव राजू और उसके साथियों को मार गिराने वाले सुरक्षाबल गुरुवार को जंगल से वापस शहर लौटे। देर रात इन्होंने अपनी कामयाबी का जश्न मनाया और बरसते पानी में जमकर नाचे। एक समय था जब बस्तर में बड़े हमले के बाद माओवादी शवों पर नाचकर उत्सव मनाते थे। झीरम में कांग्रेस नेता महेंद्र कर्मा को मारकर भी ऐसा किया था। अब बस्तर में परिस्थिति बदल चुकी है। लगातार माओवादियों को मारा जा रहा है, और जवान अब नाचकर अपनी जीत का उत्सव मना रहे हैं।

---

# सड़क हादसों में अब मिलेगा मुफ्त इलाज, 7 दिन डेढ़ लाख तक खर्च उठाएगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में सड़क दुर्घटना के घायलों को लेकर सरकार ने एक बड़ी राहत भरी योजना शुरू की है।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रेसवार्ता में बताया कि अब दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों का इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क किया जाएगा। मंत्री जायसवाल ने जानकारी दी कि किसी भी सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति का पहले 7 दिनों तक डेढ़ लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त होगा। यदि एक ही परिवार के दो सदस्य घायल होते हैं, तो उन्हें कुल 3 लाख तक की चिकित्सा सहायता दी जाएगी। इसके लिए प्रदेश के सभी सीएमएचओ (मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी) को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### तेजी से होगा इलाज बेहतर और सुविधाएं मिलेगी

*यह योजना आयुष्मान योजना से जुड़े पैनल अस्पतालों में लागू होगी। ट्रॉमा और पॉलीट्रॉमा के अंतर्गत आने वाले अस्पतालों को भी इस योजना में शामिल किया जा रहा है, जिससे तेजी से इलाज और बेहतर सुविधा सुनिश्चित हो सके। इसको लेकर भी गाइडलाइन जारी कर दी गई है। इसी के साथ ही यदि कोई शिकायत आती है तो संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी।*

---

## अमरनाथ यात्रा के समूह पंजीयन के आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई


**भोपाल।** इस वर्ष अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से शुरू हो रही है, जो नौ अगस्त रक्षाबंधन तक चलेंगी। कुल 38 दिनों की होगी। अमरनाथ यात्रा के पंजीयन ऑनलाइन व ऑफलाइन तय बैंकों में हो रहे हैं। समूह पंजीयन के आवेदन की आखिरी तारीख 31 मई है। ओम शिव शक्ति मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि कुछ दिन पूर्व यात्रा पंजीयन के लिए आवेदन अमरनाथ श्राइन बोर्ड श्रीनगर कार्यालय में रजिस्टर्ड डाक से भेजे थे, लेकिन श्राइन बोर्ड द्वारा उनको रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर पंजीयन की जानकारी नहीं दी गई।

---

## प्रदेश में उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मनाया जा रहा यह वर्ष

# उप राष्ट्रपति धनखड़ नरसिंहपुर में 26 मई को करेंगे कृषि उद्योग समागम का शुभारंभ

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



प्रदेश में चालू वर्ष को उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इन्वेस्ट मध्यप्रदेश के अंतर्गत अनंत संभावनाओं के दृष्टिगत नरसिंहपुर में 26 मई को कृषि उद्योग समागम का आयोजन होगा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ समागम का शुभारंभ करेंगे।

कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित मंत्रीगण, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, उद्योगपति, किसान, आमजन आदि मौजूद रहेंगे। 'कृषि उद्योग समागम 2025' का आयोजन मध्यप्रदेश में कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने, खाद्य प्रसंस्करण में निवेश आकर्षित करने, और किसानों को बेहतर बाजार से जोड़ने के लिए किया जा रहा है। यह समागम उद्योगपतियों कृषक उत्पादक संगठनों एवं नीति निर्माताओं के बीच संवाद, नीति प्रस्तुति एवं सहयोग के अवसर प्रदान करेगा। कार्यक्रम में उद्योग इकाइयों का शिलान्यास एवं लोकार्पण तथा उद्योगपतियों को भूमि आवंटन पत्र एवं आशय पत्रों का वितरण भी होगा। कृषि उद्योग समागम में आधुनिक कृषि तकनीकों व उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। समागम में कृषि के साथ खाद्य प्र-संस्करण, उद्यानिकी और पशुपालन से संबंधित जानकारी मिलेगी।

---

## केंद्रीय मंत्री शिवराज विदिशा संसदीय क्षेत्र में 25 मई से पदयात्रा पर निकलेंगे

**भोपाल।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान 25 मई से अपने विदिशा संसदीय क्षेत्र में ऐतिहासिक पदयात्रा प्रारंभ कर रहे हैं। यह पदयात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने और केंद्र की योजनाओं का लाभ अधिकतम लोगों तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताई जा रही है।



### योजनाओं के प्रभाव का प्रत्यक्ष मूल्यांकन करेंगे

*पदयात्रा के दौरान केंद्रीय मंत्री चौहान ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही लाभार्थियों से संवाद करेंगे और योजनाओं के प्रभाव का प्रत्यक्ष मूल्यांकन करेंगे।*




# ननि के अतिक्रमण विभाग ने की ताबड़तोड़ कार्रवाई

## यातायात में बाधक अतिक्रमणों को हटाया, सामग्रियां भी की जब्त

**जबलपुर।** निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के सख्त निर्देश के बाद शहर के चारों तरफ यातायात में बाधक अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई लगातार अतिक्रमण शाखा द्वारा की जा रही है। इसी क्रम में आज भी शहर भर में अतिक्रमणों को हटाकर यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने की दिशा में सार्थक कार्रवाई की गयी। कार्रवाई के संबंध में अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से एवं सहायक अतिक्रमण अधिकारी अखिलेश सिंह भदौरिया ने बताया कि आज गेट नं. 4 लेफ्ट टर्न, होम साइंस कॉलेज, बस स्टैण्ड दोनो तरफ लेफ्ट टर्न खाली कराकर 2 स्टॉल, 1 होले का टपरा एवं एक आल्टो 800 कार। उन्होंने बताया कि लेबर चैक, अंधमूक वायपास से अतिक्रमण हटाकर ठेले, टपरे एवं सामग्री जप्त की गई एवं संजीवनी नगर में निर्माणाधीन नाला के बाधक अतिक्रण हटाया गया। उन्होंने बताया कि रामपुर में ग्रेनाइट चैक से सब्जी मंडी तक ठेले, टपरे एवं सब्जी की दुकाने हटाई तथा मदन महल चैराहा को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। उन्होंने बताया कि रांझी में इंजीनियरिंग कॉलेज से राँझी जोन कार्यालय तक यातयात में बाधक अवैध अतिक्रमण को हटाया गया और ठेले टपरे भी जब्त किए गए तथा मुनादी भी कराई गई कि यदि दोबारा अतिक्रमण किया जाता है तो दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार रहेगें। कार्यवाही के समय दल प्रभारी जय प्रवीण, बृजकिशोर तिवारी, वीरेंद्र मिश्रा, अंकित पारस, अभिषेक समुद्रे, विनय चैबे, रेड जॉन प्रभारी लक्ष्मण कोरी, नदीम अहमद, दुर्गा राव और सहायक दल प्रभारी आरिफ अहमद के साथ ट्रैफिक पुलिस आदि उपस्थित रहे।

# दिनदहाड़े सगड़ा चौक पर चली लाठी-तलवार

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अतंर्गत सगड़ा चौराहे पर एक बार फिर शराब ठेकेदारों के कर्मचारियों के साथ दिनदहाड़े लाठी डंडे तलवार से हमला करने का मामला सामने आया है, 10 से 15 बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े इस वारदात को अंजाम दिया है, घटना को अंजाम देने वाले आरोपी मौके से फरार हो गए, घटना की जानकारी लगने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है जहां पुलिस ने घायलों की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है,तिलवारा थाना क्षेत्र के सगड़ा चौराहे पर उस समय भगदड़ की स्थिति मच गई जब हथियारों से लैस शराब तस्कर बदमाशों ने शराब ठेका कंपनी के कर्मचारियों पर बीच चौराहे पर प्राण घातक हमला कर दिया इस हमले में तनवीर नाम का युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है जिसे निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है जिसकी हालत अभी नाजुक बताई जा रही हैघायल युवक के साथी संदीप ने बताया है कि धनवंतरी शराब दुकान से तनवीर,संदीप, निक्की,और उनके अन्य साथी शराब दुकान से पैसे का कैश लेकर रामपुर ऑफिस जा रहे थे इसी दौरान जब उनकी गाड़ी शास्त्री नगर सगड़ा चौराहे के पास पहुंची तो चाय पीने के लिए सभी लोग रुक गए जहां गाड़ी खड़ी करते ही शराब तस्करों ने उन पर हमला कर दिया जहां हथियारों से लैस हुए बदमाशों ने उनकी गाड़ी में भी जमकर तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए,

**तस्करों ने किया शराब ठेकेदार कर्मचारियों पर प्राणघातक हमला**

### शराब तस्करों की शराब पकड़ने पर विवाद

घायल के साथी संदीप ने बताया कि संजीवनी नगर शराब दुकान के ठेकेदार धर्मेंद्र पटेल और मंजू चक्रवर्ती से उनका अवैध शराब पकड़ने की बात को लेकर तीन-चार दिनों से विवाद चल रहा है शराब ठेकेदार धर्मेंद्र पटेल ने इसके पहले भी जान से मारने की धमकी दी थी इस घटना के कुछ ही देर पहले शराब तस्करों की तनवीर और उनके साथियों ने शराब पकड़ी थी जिसमें उनका छोटी बजरिया के पास विवाद हो गया था उसे विवाद के बाद जैसे ही तनवीर अपने साथियों के साथ अपने ऑफिस के लिए जा रहा था इसी दौरान मंजू चक्रवर्ती के साथियों ने उनकी गाड़ी में हमला कर दिया जिसमें गाड़ी में सवार तनवीर और उनके साथियों को चोटे आई है, जिसमें तनवीर की हालत अभी नाजुक बताई जा रही है तिलवारा थाने के एसआई अभिषेक कैथवास ने इस संबंध में बताया कि तिलवारा थाना क्षेत्र के सगड़ा चौराहे के पास शराब ठेका कंपनी के कर्मचारियों के साथ दिनदहाड़े प्राण घातक हमला किया गया है जहां घायलों की शिकायत पर पुलिस ने मंजू चक्रवर्ती और उनके अन्य साथियों पर प्राण घातक हमला करने की धारों पर मामला दर्ज किया है और जल्दी आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कही है।



## कलेक्टर-एसपी ने किया कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण

**जबलपुर्।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 26 मई को जबलपुर के प्रस्तावित प्रवास के मद्देनजर कलेक्टर दीपक सक्सेना एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने शुक्रवार को कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रीति यादव भी मौजूद थीं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 26 मई को राइट टाउन स्थित श्री महिला गृह उद्योग लिज्जत पापड़ में तथा भेडाघाट मार्ग पर लम्हेटाघाट स्थित विराट हॉस्पिस में कार्यक्रम प्रस्तावित हैं।

# निःक्षय शिविर अभियान : उत्कृष्ट कार्य के लिये राज्य स्तर पर पुरस्कृत कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर और सामाजिक कार्यकर्ता का किया सम्मान

**जबलपुर।** जिला चिकित्सालय परिसर स्थित टीबी अस्पताल के सभागार में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में सौ दिवसीय निःक्षय शिविर अभियान के अंतर्गत राज्य स्तर पर उत्कृष्ट पुरस्कार प्राप्त करने के लिये बरगी की कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर सुश्री निशा मार्को एवं जबलपुर के सामाजिक कार्यकर्ता मीनेश जैन का सम्मान किया गया।

सुश्री निशा मार्को एवं मीनेश जैन को गत दिवस भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल द्वारा क्षय रोगियों को फूड बास्केट के वितरण के लिये पुरस्कृत किया गया था। राज्य स्तर पर पुरस्कृत होने पर जिला चिकित्सालय के टीबी अस्पताल में आयोजित किये गये कार्यक्रम में जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा ने सुश्री निशा मार्को एवं मीनेश जैन का सम्मान किया। इस अवसर पर जिला क्षय अधिकारी




डॉ संतोष सिंह ठाकुर, जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ पारस ठाकुर, जिला मीडिया अधिकारी अजय कुरील एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक सुनील शर्मा भी मौजूद थे।

ज्ञात हो कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में सात दिसम्बर से 24 मार्च तक 100 दिवसीय निःक्षय शिविर अभियान का आयोजन किया गया था। कलेक्टर दीपक सक्सेना के मार्गदर्शन में संचालित किये गये इस अभियान के अंतर्गत जिले के पहुँच विहीन, सुदूर क्षेत्रों तक कैंप आयोजित किये गये, जिले के प्रत्येक एचडब्ल्यूसी में निःक्षय शिविर का आयोजन किया गया, हेण्ड हेल्ड एक्स-रे मशीन द्वारा जिले की पहुंच विहीन क्षेत्रों में जाकर संभावित क्षय रोगियों का एक्स-रे परीक्षण किया गया तथा नये निःक्षय मित्र बनाकर टीबी रोगियों को पोषण आहार का वितरण किया गया एवं जन मानस में क्षय रोग से बचाव एवं उपचार के प्रति जागरूकता लाने बैनर, पोस्टर तथा ऑडियो-विडियो के माध्यम से संदेश प्रसारित किये गये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के अनुसार इस अभियान के अन्तर्गत जिले में लगभग 43 हजार एक्स-रे परीक्षण किया गया, लगभग 27 हजार सीबी नॉट जांच की गई तथा 800 निःक्षय मित्रों द्वारा 5 हजार 700 फूड बास्केट का वितरण क्षय रोगियों को किया गया। भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में निःक्षय शिविर अभियान के विभिन्न सूचकांकों में बेहतर उपलब्धि प्राप्त करने पर भी जबलपुर जिले की सराहना की गई।

# बड़े बकायादरों के विरूद्ध होगी बड़ी कार्रवाई : महापौर

जबलपुर।

नगर निगम को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में आज महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू द्वारा एम.आई.सी. सदस्य एवं राजस्व प्रभारी डॉं. सुभाष तिवारी, अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ठाकुर, राजस्व अधिकारी डॉं. राकेश तिवारी, एवं सभी संभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की और आगामी माहों में बड़े बकायादारों के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में महापौर श्री अन्नू ने कहा कि शहर विकास के लिए पैसों की जरूरत पड़ी है इसलिए शहर के सभी बड़े बकायादारों से उन्होंने अनुरोध किया है कि सभी बकाया करों की राशि जमा कर शहर विकास में अपना योगदान दें और निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचें। बैठक में महापौर ने कहा कि नगर निगम को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है।



बैठक में उन्होंने कहा कि नगर निगम अन्तर्गत संचालित उद्योगो, तकनीकी रूप से विकसित किये जाने हेतु दिए गए स्थान आई.टी.पार्क एवं रेल्वे समपत्तियो पर बकाया हेतु पूर्व में जो भी पत्राचार किये गए है, परंतु आज दिनांक तक संपूर्ण राशि निगम को कई कारणों से प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि कुछ उद्योगों, आई.टी. पार्क, रेलवे द्वारा आंशिक भुगतान किया जाता रहा है, परंतु संपूर्ण करो का भुगतान नही किये जाने के कारण निगम की राजस्व में विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने सभी बड़े बकयदारो से अपील की है कि समय से बकाया करो का भुगतान करें जिससे कि सभी सेवाओं को निगम द्वारा निर्विरोध आम नागरिकों तक पहुचाया जा सके।

### इनसे की जानी है इतनी वसूली

अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार रेल्वे से 7 करोड़ 36 लाख 46 हजार 7 सौ 67 रूपये, स्वचलित उद्योगों से 29 करोड़ 08 लाख 34 हजार 4 सौ 15 रूपये, आई.टी. पार्क से 84 लाख 50 हजार 9 सौ 26 रूपये एवं नया बाजार से प्रीमियम 35 करोड़ रूपये एवं डोर टू डोर से 33 लाख 14 हजार 5 सौ 20 रूपये की बकाया करों की कुल 72 करोड़ 62 लाख 46 हजार 6 सौ 28 रूपये की राशि वसूल की जाना है। बैठक में बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह, संभागीय अधिकारी शैलेन्द्र कौरव, कृष्ण पाल सिंह रावत, कुलदीप तिवारी, सुरेंद्र मिश्रा, संतोष अग्रवाल एवं सभी राजस्व निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

## हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल द्वितीय परीक्षा आवेदन की तिथि बढ़ी

**जबलपुर।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल ने सत्र 2024-25 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिये पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की तिथि में वृद्धि की है। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण छात्र अंक सुधार के लिये अथवा अनुत्तीर्ण छात्र उत्तीर्ण विषयों के अंक सुधार के लिये अब 25 मई 2025 रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा में केवल अनुत्तीर्ण विषयों की द्वितीय परीक्षा के लिये 31 मई 2025 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन किये जा सकेंगे।

# जिला अदालत के वकीलों व पक्षकारों को मिलेगा शुद्ध नर्मदा जल

जबलपुर ।

जिला एवं सत्र न्यायालय, जबलपुर के वकीलों व पक्षकारों को अब शुद्ध नर्मदा जल पीने को मिलेगा। शुक्रवार को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने अधिवक्ताओं की मांग पूरी करते हुए इस सुविधा का शुभारंभ किया। इससे पूर्व मुख्य पाइप लाइन अदालत तक बिछवाई गई थी। साथ ही भवन के ऊपर जल पहुंचाने के लिए पानी की टंकी तक फिटिंग व मोटर की व्यवस्था की गई थी। जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा व सचिव ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि महापौर अन्नू की उपस्थिति में पूजन-अर्चन हुआ। महापौर का पुष्पगुच्छ से स्वागत



किया गया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इसी भांति भविष्य में अन्य शिकायतें दूर की जाएंगी। दूसरे लोकार्पण भी हुए : इस कार्यक्रम के बाद जिला अधिवक्ता संघ भवन में स्थित एस-वन, जी-वन के बाथरूम का लोकार्पण जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, उपाध्यक्ष मनोज तिवारी, महिला, उपाध्यक्ष ज्योति राय, सह सचिव मनोज शिवहरे, कोषाध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा, पुस्तकालय सचिव शैलेन्द्र यादव, कार्यकारणी सदस्य रवीन्द्र दत्त, प्रशांत नायक, अनुभव शर्मा (सीपू), अर्जुन साहू, दुर्गेश मनाना, मनोज तिवारी व तरुण रोहितास सहित अन्य उपस्थित थे।

# उप राष्ट्रपति का नगर प्रवास 26 मई को

## डुमना एयरपोर्ट की पांच किलोमीटर की परिधि नो फ्लाईजोन घोषित

**जबलपुर।** जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर महामहिम उप राष्ट्रपति के प्रवास के मद्देनजर 26 मई को डुमना विमानतल जबलपुर की पांच किलोमीटर की परिधि को नो फ्लाईजोन घोषित किया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 के तहत जारी इस आदेश में कहा गया है कि महामहिम उप राष्ट्रपति के प्रवास के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से डुमना विमानतल की पांच किलोमीटर की परिधि में 26 मई को किसी भी तरह से ड्रोन या पैराग्लाईडर अथवा हॉट एयर बैलून या अन्य फ्लाईंग आब्जेक्ट को उड़ाना प्रतिबंधित रहेगा। पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी इस प्रतिबंधात्मक आदेश में कहा गया है कि इसका उल्लंघन होने की स्थिति में दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहित 2023 की धारा 223 तथा अन्य सभी प्रावधानों के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की जायेगी।

### सभा स्थल के चयन को लेकर मंथन, कांग्रेस तैयारी में जुटी

# वर्मा–शर्मा की जोड़ी को मिली जय हिन्द सभा की बड़ी जिम्मेदारी

**जबलपुर। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी के जबलपुर दौरे को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) से लेकर नगर कांग्रेस तक सभी तैयारियों में जुट गए हैं। समय कम है, आयोजन बड़ा है और पूरे देश की निगाहें इस सभा पर टिकी हैं, जिससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर दबाव भी साफ नजर आ रहा है।**

इस दबाव को कम करने और आयोजन को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए प्रदेश कांग्रेस ने वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा और पूर्व विधायक संजय शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद प्रजापति सहित प्रदेश स्तर के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने जबलपुर के समदड़िया होटल में बैठक की, जिसमें 'जय हिन्द सभा' को ऐतिहासिक बनाने की रूपरेखा तय की गई।

सूत्रों के अनुसार, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सज्जन सिंह वर्मा और पूर्व विधायक संजय शर्मा को जबलपुर में आयोजित होने वाली जय हिन्द सभा की सम्पूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। अब यह जोड़ी आयोजन को सफल बनाने के लिए जबलपुर में सक्रिय है। शुक्रवार को हुई बैठक में विधायक लखन घनघोरिया, पूर्व विधायक तरुण भनोत, सौरभ शर्मा, जगदीश सैनी, दिनेश यादव, नीलेश जैन, नित्य निरंजन खंपरिया सहित अन्य प्रमुख कांग्रेस नेता भी उपस्थित थे।

### सभा स्थल पर असमंजस

बैठक में मुख्य रूप से आयोजन स्थल को लेकर चर्चा हुई। जानकारी के अनुसार, तीन संभावित स्थानों—गोलबाजार, सिविक सेंटर और अंबेडकर चौक—पर विचार किया गया। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु नेताओं को विभिन्न जिम्मेदारियाँ भी सौंपी गईं।चुनौती यह है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को जेड + श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है। हाल ही में हुए पहलगाम हमले और "ऑपरेशन सिंदूर" के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर हुई कार्रवाई के बाद देशभर में सुरक्षा के स्तर को और अधिक सख्त किया गया है। साथ ही, 31 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मध्य प्रदेश के दौरे पर रहेंगे, जिससे सुरक्षा बलों का एक बड़ा हिस्सा वहां तैनात रहेगा।इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए आयोजन स्थल को लेकर प्रशासन काफी सतर्क है। कांग्रेस जहाँ अंबेडकर चौक या सिविक सेंटर में सभा करना चाहती है, वहीं प्रशासन घनी आबादी वाले क्षेत्रों में खुले में सभा की अनुमति देने से बच रहा है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि सभा का आयोजन या तो गैरीसन ग्राउंड में किया जाएगा या फिर सिविक सेंटर को अंतिम विकल्प के तौर पर चुना जाएगा।

# जबलपुर के सभी थाने अधिवक्ताओं को अविलंब रिकार्ड मुहैया कराएं

### -एसपी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के पालन में जारी किए निर्देश

जबलपुर। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के परिपालन में पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने जबलपुर के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया है कि अधिवक्ताओं को अविलंब रिकार्ड मुहैया कराए जाएं। इसी के साथ अब वकीलों को जमानत अर्जियों के साथ आवेदक के पूर्व आपराधिक रिकार्ड की जानकारी संलग्न करने परेशान नहीं होना पड़ेगा। उनके एक आवेदन पर संबंधित थाना अपेक्षाकृत अधिक तत्परता से रिकार्ड की उपलब्धता सुनिश्चित करा देगा। अधिवक्ता तरुण रोहितास ने बताया कि वे स्वयं इस सिलसिले में हलकान होने के बाद जिला बार एसोसिएशन के समक्ष शिकायत लेकर गए थे। जिसके उपरांत जिला बार अध्यक्ष मनीष तिवारी व सचिव ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक से संपर्क साधा। जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आ गया है। अब न केवल वकील बल्कि आरोपित या उसके स्वजनों की मांग पर भी पुलिस अविलंब जानकारी मुहैया कराने प्रतिबद्ध होगी।

## शुरू होने से पहले सुपर फ्लाप नर्मदा जल योजना

- कुप्रबंधन का दंश झेल रहे नगरवासी
- अकुशल श्रमिकों के जिम्मे नगर की पेयजल

# सिहोरा नगर में बूंद-बूंद पानी को तरस गयी जनता

हरिभूमि सिहोरा।

वितरण व्यवस्था के चलते नगरवासियों को भीषण पेयजल से जुझना पड़ रहा है।ग्रीष्म ऋतु में नगर के अनेक क्षेत्रों में जलसंकट गहरा गया है।अभी नोतपा की भीषण गर्मी को लगभग एक सप्ताह का समय है इसके बावजूद लोगों को पानी के लिए जद्दोजहद करना पड़ रही है। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 5 के हालात यह है कि लोगों को एक-एक बाल्टी पानी के लिए भारी मशक्कत करना पड़ रही है वहीं जिम्मेदार जनप्रतिनिधि गंभीर जल समस्या पर केवल आश्वासन देकर अपने कर्तव्यों की इति श्री कर रहे हैं।

### हिरन के पुनर्जीवित होने पर भी नहीं सुधरे हालात

विदित हो ग्रीष्म ऋतु के शुरुआती दिनों में ही हिरन नदी के सूख जाने के कारण जलसंकट गहराने लगा एंव हालात और बिगड़ने लगे है।नगर की पालक संस्था ने भी हिरन नदी के सुखने का हवाला देकर जल वितरण को लेकर अपने हाथ खड़े कर दिए। राजनैतिक प्रयासों एवं मां नर्मदा की क्रपा से नहर से पानी छोड़कर हिरन नदी को पुनर्जीवित तो कर लिया लेकिन हालात जस के तस बने हुए है।



### अकुशल श्रमिकों के कन्धों पर पेय जल वितरण का भार

नगर पालिका के इंटेक वैल की जवाबदेही हो या फिर वार्डों के वोरवैल हो अधिकांश जगह पेय जल वितरण की जवाबदेही अकुशल श्रमिकों के हाथ में है जिसके चलते पेय जल वितरण सतत रूप से नहीं हो पा रहा है। अकुशल श्रमिकों की लापरवाही के चलते आये दिन इनटेक वैल की मोटर जल जाती है जिसका खामियाजा नगरवासियों को झेलना पड़ता है इसी प्रकार अपनों को उपकृत करने के चक्कर में किसी वार्ड में व्यर्थ पानी बहता रहता है तो कोई वार्ड जल संकट से जूझ रहा है। भोगोलिक स्थिति के चलते पहाड़ी क्षेत्र की बसाहट में निर्धारित प्रेशर से वाल्व न खोलें जाने पर लोगों के नल हवा उगल रहे हैं।

### नर्मदा जल योजना पूरी तरह से फेल

केन्द्र सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट हर घर नल से जल पहुंचाने लांच की गई योजना के प्रारंभ होते समय तो बड़े बड़े आयोजन हुए जिसमें नेताओं ने खूब अपनी फ्रोटो खिंचवाकर अखबारों में प्रकाशित कराई लेकिन लेकिन फिर भूल गए और नतीजा यह निकला कि नर्मदा नल जल योजना शुरू होने से पहले ही फ्लाप होती नजर आ रही है।

### जल आपूर्ति के पर्याप्त इंतजाम फिर भी कण्ठ प्यासे

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र के 18 वार्डों में निवासरत लगभग 8000 नल कनेक्शन है जिन्हे हिरण नदी मैं स्थापित इनटेक बैल एवं नगर के विभिन्न वार्डों में स्थापित 62 ट्यूबवेल के माध्यम से सतत जल आपूर्ति की जाती है इसके अलावा पहाड़ी क्षेत्र एवं पाइपलाइन विहीन क्षेत्रों में 92 हैंडपंप भी स्थापित किए गए हैं इसके बावजूद नगर वासियों के कंठ तर नहीं हो पा रहे। करोड़ों की लागत से नगर के नागरिकों को पीने के पानी के लिए लाई गई नर्मदा जल योजना विगत आठ वर्षों में पुर्ण नहीं हो आए दिन कहीं यहां की लाइन फूट गईं है तो कहीं वहां की लाइन फूट रही है तथा लोगों को पानी मुहैया कराने के नाम पर नर्मदा जल योजना से जुड़े अधिकारी कर्मचारी अपनी मनमानी चला रहे नल का बाल्व खोलने रखे गए कर्मचारी अपनी मनमानी चला रहे हैं ना तो बाल्व खोलने का समय निर्धारित है और ना ही पानी का मन मर्जी से कहीं आधा घंटा तो कहीं एक घंटा पानी दिया जाता है। कुल मिलाकर सिहोरा नगर में बूंद बूंद पानी को तरसती जनता की सुध बुध लेने वाला कोई नहीं है।



## कराटे टीम ताशकंद पहुंची

# ए.के.एफ. एशियाई चैंपियनशिप 23 से

हरिभूमि सिहोरा।

भारतीय राष्ट्रीय सीनियर कराटे टीम वर्ल्ड कराटे फेडरेशन,एशियाई कराटे फेडरेशन, कॉमनवेल्थ कराटे फेडरेशन और साउथ एशियन कराटे फेडरेशन से सम्बद्ध कराटे इंडिया ऑर्गनाइजेशन का प्रतिनिधित्व करती है जो कि ताशकंद, उज्बेकिस्तान पहुंच चुकी है। टीम का उद्देश्य 23 से 25 मई तक युनूसोबोद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होने वाली 21वीं ए.के.एफ.एशियाई सीनियर कराटे चैम्पियनशिप और 4 वीं ए.के.एफ एशियाई पैरा-कराटे चैम्पियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना है।

विदित हो कराटे इंडिया ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष भारत शर्मा,महासचिव संजीव कुमार जांगड़ा और कोषाध्यक्ष मुतुम सिंह बंकीम के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कराटे टीम ने 31 मार्च से 1 अप्रैल, 2025 तक हैदराबाद (तेलंगाना) के गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में आयोजित 4 वीं राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर अपनी जगह बनाई थी।

# डॉ. राजकुमार दुबे पेंशनर फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त

**जबलपुर**। ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट पेंशनर फेडरेशन नई दिल्ली में माह मई में चेन्नई में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से एड. राजकुमार दुबे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए। इनकी नियुक्ति पर वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसो. भोपाल के प्रांतीय, संभागीय, जिला, ब्लाक एवं तहसील के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। साथ ही केएस ठाकुर, एसके तिवारी, आरपी सेन, वृंदावन साहू, ललित मिश्रा, विनय तिवारी, महेन्द्र सिंह, आरपी विश्वकर्मा, अभय जोशी आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# पुलिस अधीक्षक को सौंपी किन्नर समाज एवं मठों को बदनाम करने वाले तत्वों की शिकायत



**जबलपुर**। किन्नर समाज ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर बताया कि जबलपुर में कुछ पुरुषों द्वारा (अनवर अंसारी, मोसिम कुरेशी, इममू खान, असलम भाईजान एवं अन्य) हम सभी मंगलमुखी किन्नर समाज, मठों को आए दिन बदनाम करके हमारे किन्नर समाज की छवि खराब की जा रही है, जबकि हम सभी किन्नर जिसकी संख्या 200 के लगभग है और हम साथ में ही रहकर अपना जीवन यापन करते हैं, हमारी गद्दियां सात पीढ़ियों से बुजुर्गों द्वारा स्थापित हैं जिसमें हम मांगलिक कार्यों में जैसे जन्म, विवाह, गृह प्रवेश में अपने यजमानों के घर जाकर उनकी खुशियों को बांटकर बधाई प्राप्त करते हैं, जिससे हम सभी किन्नर पंचायत संगठन अपना जीवन यापन करते हैं। इन असामाजिक पुरुषों जिनका नाम अनवर अंसारी, मोसिम कुरेशी, इममू खान, असलम भाईजान है, ये पुरुष किन्नर भेष धारण करके समाज की भावनाओं एवं किन्नर समाज की छवि को धूमिल कर रहे हैं अतः आपसे निवेदन है कि इन पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए ताकि हम किन्नर समाज की छवि को भविष्य में कोई धूमिल न कर सके।

# महाराणा प्रताप के शौर्य को समर्पित कार्यक्रम 29 मई को

**जबलपुर**। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मातृ शक्तियों द्वारा भारत के वीर योद्धा महाराणा प्रताप की वीरगाथा को जन-जन तक पहुँचाने हेतु एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन 29 मई को शौर्य यात्रा के रूप में आयोजित है। इस कार्यक्रम में महाराणा प्रताप के शौर्य, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति से जुड़ी प्रेरणादायक लीलाओं का मंचन किया जाएगा, जो विशेष रूप से हमारी नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ने का प्रयास है। जिसमें वीरगनाओं की झांकियों के साथ सिंदूर मिशन की जीत के साथ जश्न झांकियां होंगी। इस संबंध में एक विशेष बैठक आयोजित की गई जिसमें अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, लेखराज सिंह, माला राकेश सिंह, यामिनी अन्नू सिंह, मधुबाला सिंह, मोनिकासिंह, अर्चना सिंह, सोनिया सिंह, प्रेम सिंह, सीमा सिंह जुग्गी, डॉ. आराधना सिंह, सीमा सिंह चौहान, मेघा सिंह, शेफाली सिंह, कल्पना सिंह, सुनीता भदौरिया, मालती सिंह, निकिता सिंह, विद्या सिंह, रचना सिंह, चंदासिंह, विजेता सिंह की उपस्थिति सराहनीय थी। आयोजन की रूपरेखा तैयार करने एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक में लीलाओं के चयन, पात्रों की भूमिका, मंच सज्जा, परिधान और अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर सभी सदस्यों और समाज के प्रबुद्ध नागरिकों से सहयोग की अपील की गई है, ताकि यह कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से यादगार बन सके।



## कचहरी दरगाह में कुल शरीफ आज



**जबलपुर**। हाईकोर्ट के सामने स्थित हज़रत ख्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह (कचहरी वाले बाबा) की दरगाह में आज उर्स शरीफ के अंतिम दिन कुल शरीफ का आयोजन किया गया है। बाद नमाज जुमा दोपहर 3 बजे महफिले रंग के साथ मनाया जाएगा, जिसमें शहर भर के अकीदतमंद शिरकत करेंगे। इस पाक मौके पर, जबलपुर के जाने-माने कव्वाल सूफियाना कलाम पेश करेंगे। कुल शरीफ की फातिहा के बाद, लंगर ए आम तक़सीम किया जाएगा, जिसमें दूर-दराज से आए जायरीनों और स्थानीय लोगों को वितरित किया जाएगा। इस दौरान देश और समाज में अमन-चैन और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं भी मांगी जाएंगी। दरगाह के सज्जादानशीन बाबर खां बंदानवाजी एवं खादिमे आला चंगेज खान अशरफी ने जबलपुर की तमाम खानकाहों से जुड़े सूफी हज़रत और सभी अकीदतमंदों से इस मुबारक महफिल में शिरकत करने और सवाबे दारैन हासिल करने की गुजारिश की है।

## 46वीं जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता प्रारंभ

**जबलपुर**। जिला तैराकी संघ जबलपुर के तत्वावधान में 46वीं जिला स्तरीय तैराकी, वॉटर पोलो प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष संजय पटेल, जमना प्रसाद पटेल, राजीव कुमार सिंह चेयरमेन आयोजन समिति, जयंत गुप्ता, उमेश पटेल, भगवान सिंह नगर निगम क्रीड़ा अधिकारी ने स्वीमिंग पूल का पूजन कर किया। मुख्य अतिथि विशाल धगड न्यायाधीश हाईकोर्ट जबलपुर का स्वागत अध्यक्ष संजय पटेल, जयंत गुप्ता, उमेश पटेल, नवराज सिंह ने एवं विशिष्ट अतिथि मनोज सिंह अध्यक्ष क्रीड़ा भारतीय महानगर जबलपुर का स्वागत सुनील कुमार पटेल सह सचिव मप्र तैराकी संघ, सिमोन पटेल, नीतेश कछवाहा, पं. रामदत्त शुक्ला, संजय सिंह ने किया।



## मजदूरी के पैसे मांगने पर दो भाईयों ने की मारपीट

**जबलपुर**। भेड़ाघाट थाना अतंर्गत खिरका मोहल्ला ग्राम तेवर में मजदूरी के पैसे मांगने की बात पर दो भाई ने दो युवक को जातिगत रुप से अपमानित कर गालीगलौज व मारपीट कर डंडे से हमला कर घायल कर दिया। भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार खिरका मोहल्ल ग्राम तेवर निवासी 35 वर्षीय रामेश्वर झारिया गत रात लगभग 10.30 बजे अपने चचेरे भाई समीर झारिया के साथ बरिया के पेड़ के नीचे बैठा जहां पर गांव का मंटू श्रीपाल एवं अक्कू श्रीपाल भी बैठे थे। समीर ने मंटू एवं अक्कू श्रीपाल से मजदूरी के पैसे मांगे तो दोनों भाई समीर को जातिगत रुप से अपमानित कर गालीगलौज व मारपीट करने लगे, रामेश्वर बीच बचाव करने आया तो मंटू ने डंडे से उसके सिर पर और समीर के हाथ पर हमला कर घायल कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस तथा 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)(व्हीए) एससी एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।



## अंडे के पैसे मांगने पर बदमाश ने युवक पर चाकू से किया वार

**जबलपुर**। खमरिया थाना अतंर्गत ग्राम रिठौरी में अंडे के पैसे मांगने की बात पर एक बदमाश ने एक युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए विक्टोरिया ले जाया गया, जहां से उसे मेडीकल कॉलेज रिफर कर दिया गया है। खमरिया पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत रिठौरी निवासी 19 वर्षीय ड्रायवर मानसू रजक उर्फ लक्की की सदगुरु मेडीकल दुकान के बाजू से लक्की फुटवेयर के नाम से दुकान है जिसमें जूते चप्पल, साड़ी, फुल्की, अण्डा लगाकर बेचता है। गत रात लगभग 8.30 बजे वह अपनी अण्डे की दुकान पर था तभी वहां अनुराग उर्फ छर्रा कटोरी अण्डा खाने आया और उसकी दुकान से पानी पीकर वहीं खड़ा हो गया उसने अनुराग से 10 अण्डे के 70 रूपये मांगे तो अनुराग ने उसे पैसे देने से मना कर दिया। मानसू ने जब अपने पिता रविन्द्र रजक को फोन लगाया तो अनुराग गाली गलौज कर जान से मारने की नियत से चाकू से उसके हाथ, पीठ पर हमलाकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 109(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



# सड़क किनारे खड़े हाईवा की बैटरी चोरी

जबलपुर। बरेला चौकी अतंर्गत ग्राम खमरिया में खड़े एक हाईवा की बैटरी अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। बरेला चौकी गौर से प्राप्त जानकारी के अनुसार ललपुर गौरीघाट निवासी 23 वर्षीय ट्रांसपोर्ट व्यापारी राज ठाकुर का ड्रायवर गुड्डू बर्मन ने गत 15 अप्रैल की रात लगभग 12 बजे ग्राम खमरिया में मोती यादव के घर के सामने हाईवा क्रमांक एमपी 20 एचबी 6618 खड़ी करके अपने गांव गोटेगांव चला गया था। दूसरे दिन सुबह लगभग 9 बजे गुड्डू हाईवा चलाने के लिये आया और हाईवा चालू किया, हाईवा चालू नहीं होने पर देखा कि हाईवा में लगी बैटरी अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।






**श्री नारायण राय-** दत्त टाउनशिप तिलहरी निवासी श्री नारायण राय का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला बाई गुप्ता-** कैलाशपुरी गुप्तेश्वर निवासी श्री इमरत लाल गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई गुप्ता (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री महेश दत्त मिश्रा-** गढ़ाफाटक रामनगर निवासी श्री महेश दत्त मिश्रा (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पार्वती विनोदिया-** रामकृष्ण कॉलोनी शीतलामाई वार्ड निवासी श्री शिव कुमार विनोदिया की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती विनोदिया (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती प्रमिला राजपूत-** गोराबाजार केंट निवासी श्री ताराचंद राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला राजपूत (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गुलशन चावला-** श्रीनाथ की तलैया के पास निवासी श्री गुलशन चावला (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती हैदरा बाई चौधरी-** गोकुलधाम कॉलोनी रामनगर अधारताल निवासी श्री दुलीचंद चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती हैदरा बाई चौधरी (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री श्याम पटेल-** फूटाताल बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री श्याम पटेल (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अचिंत भट्टाचार्य-** राजुल टाउनशिप फेस 1 तिलहरी निवासी श्री अचिंत भट्टाचार्य (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमेश गुप्ता-** गुप्तेश्वर एमजीएम स्कूल के पास निवासी श्री रमेश गुप्ता (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती माया यादव-** रामनगर अधारताल निवासी श्री द्वारका प्रसाद यादव की धर्मपत्नी श्रीमती माया यादव (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रीतम लाल यादव-** उड़िया मोहल्ला छोटी ओमती निवासी श्री प्रीतम लाल यादव (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव-** एलआईजी 45, रेसीडेंसी कॉलोनी साउथ सिविल लाइन निवासी श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. राशिम पांडे-** नेता कॉलोनी अधारताल निवासी श्री ज्ञान प्रकाश पांडे की पुत्री कु. रश्मि पांडे (22) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

# जहर खाने से युवक की मौत

**जबलपुर**। रांझी थाना अतंर्गत झंडा चौक में जहरीली वस्तु का सेवन करने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार झंडा चौक रांझी निवासी 48 वर्षीय ओमप्रकाश रावत को जहरीली वस्तु का सेवन करने के बाद पत्नी रुना देवी रावत द्वारा देर रात लगभग 3 बजे इलाज के लिए विक्टोरिया अस्पताल में लाया गया था, जहां डॉक्टर ने चैक कर ओमप्रकाश रावत को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
रंगीन 400/-
रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग

**खबर संक्षेप**

## भारतीय म्यूचुअल फंड का एयूएम बढ़ 70 लाख करोड़



**कोलकाता।** आपदा प्रबंधन सेवा एवं समाधान प्रदान करने वाली इक्रा एनालिटिक्स का कहना है कि भारतीय म्यूचुअल फंड (एमएफ) उद्योग की प्रबंधन अधीन संपत्ति (एयूएम) मार्च 2025 तक 22.5 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 70 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई। एयूएम में अप्रैल 2025 में 23.80 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

## अशोक लेलैंड लाभ 33.44% बढ़कर 1,246 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता कंपनी अशोक लेलैंड लिमिटेड का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 33.44 प्रतिशत बढ़कर 1,245.92 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का 2024 की इसी तिमाही में मुनाफा 933.69 करोड़ रुपये रहा था। परिचालन आय 14,695.65 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 13,542.37 करोड़ रुपये थी।

## दरों को तर्कसंगत बनाने जीएसटी परिषद की बैठक



**नई दिल्ली।** कर दरों को सरल और तर्कसंगत बनाने तथा क्षतिपूर्ति उपकर के भविष्य पर चर्चा करने के लिए जीएसटी परिषद की जल्द ही बैठक होने की संभावना है। एक सूत्र ने कहा, ''जीएसटी को सरल बनाने से संबंधित तीन या चार अलग-अलग पहलू हैं। हम क्षतिपूर्ति उपकर, दरों को तर्कसंगत बनाने और सरलीकरण के मुद्दे पर विचार करेंगे।''

## भारत में हीरे के आभूषणों की मांग 2030 तक होगी दोगुनी



**मुंबई।** हीरा कंपनी डी बियर्स के सीईओ एल कुक ने कहा है कि भारत में 2030 तक हीरे के आभूषणों की खपत दोगुनी हो जाने की उम्मीद है। डी बियर्स भारत में ब्रांड फॉरएवरमार्क पेश कर रही है। कुक ने कहा, "भारत पिछले साल चीन को पीछे छोड़ते हुए वैश्विक स्तर पर प्राकृतिक हीरे के आभूषणों का दूसरा सबसे बड़ा बाजार बन गया है।

## सेंसेक्स में शामिल होंगी ट्रेंट बीईएल, नेस्ले होगी बाहर



**नई दिल्ली।** बीएसई ने कहा कि टाटा समूह के स्वामित्व वाली ट्रेंट और सार्वजनिक क्षेत्र की भारत इलेक्ट्रॉनिक्स 30 शेयरों वाले सेंसेक्स में नेस्ले इंडिया और इंडसइंड बैंक की जगह लेंगी। ये बदलाव 23 जून को कारोबार की शुरुआत से लागू होंगे। इस फेरबदल से मानक सूचकांक की संरचना में बदलाव हुआ है।

## अमेरिकी कंपनी रेडबर्ड ब्रिटेन के टेलीग्राफ अखबार को खरीदेगी




**लंदन।** अमेरिकी निवेश फर्म रेडबर्ड कैपिटल पार्टनर्स के नेतृत्व वाले एक समूह ने ब्रिटेन के 170 साल पुराने 'डेली टेलीग्राफ' अखबार के प्रकाशक को लगभग 50 करोड़ पाउंड (67 करोड़ अमेरिकी डॉलर) में खरीदने पर सहमति जताई है। दोनों पक्षों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रेडबर्ड ने कहा कि वह टेलीग्राफ मीडिया समूह का स्वामित्व हासिल करने के लिए सैद्धांतिक रूप से एक समझौते पर पहुंच गया है। यह सौदा ''द टेलीग्राफ के लिए एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है।

# इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री बढ़ाने में हाइब्रिड गाड़ियों की बड़ी भूमिका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- हाइब्रिड वाहन पेट्रोल या डीजल के साथ बिजली से भी चलती है

हाइब्रिड वाहनों ने भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के साथ प्रतिस्पर्धा करने के बजाय उन वाहनों की बिक्री बढ़ाने में योगदान दिया है। एचएसबीसी ग्लोबल रिसर्च ने एक रिपोर्ट में यह कहा है।

हाइब्रिड वाहन परंपरागत पेट्रोल या डीजल के साथ-साथ बिजली से भी चलती है। इन दोनों तकनीकों के संयुक्त इस्तेमाल से वाहन की ईंधन दक्षता बेहतर होती है और उत्सर्जन में कमी आती है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय वाहन परिदृश्य मध्यम से लंबी अवधि में कई ईंधन विकल्पों वाला उद्योग बना रहेगा।

**एचएसबीसी ग्लोबल रिसर्च की रिपोर्ट में यह कहा गया**

### यूपी सबसे अधिक यात्री वाहन बेचने वाला राज्य

इस रिपोर्ट के मुताबिक, जिन राज्यों में हाइब्रिड वाहनों को सरकारी प्रोत्साहन दिया जा रहा है वहां बैटरी ईवी की बिक्री में भी मजबूत वृद्धि देखी गई है। वित्त वर्ष 2024-25 में ईवी की बिक्री में वृद्धि एसएचईवी की बिक्री में वृद्धि के बराबर थी, जबकि भारत में सबसे अधिक यात्री वाहन बेचने वाले राज्य उत्तर प्रदेश में एसएचईवी पर प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं।



*देश ईवी वाहनों को अपनाने की और कदम बढ़ा रहा : इसमें हाइब्रिड, सीएनजी और जैव ईंधन मध्यम से लंबी अवधि के व्यावहारिक समाधान हैं जबकि देश को आखिरकार इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की ही तरफ कदम बढ़ा रहा है।*

*एसएचईवी व बीईवी एक दूसरे को नुकसान नहीं पहुंचा रही : एचएसबीसी ग्लोबल रिसर्च ने कहा, /"हमें लगता है कि मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन (एसएचईवी) और बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी) एक-दूसरे को नुकसान नहीं पहुंचा रहे हैं, बल्कि अलग-अलग तरह के ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं।*

### बीईवी की बिक्री पर प्रभाव पड़ा

यह प्रवृत्ति बताती है कि एसएचईवी अपनाने का बीईवी की बिक्री पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। रिपोर्ट कहती है, /"यह धारणा गलत है कि एसएचईवी को बढ़ावा देने से ईवी अपनाने में बाधा आएगी। असल में यह एक वृद्धिशील अवसर है जहां एसएचईवी को प्रोत्साहित करने से स्वच्छ गतिशीलता पारिस्थितिकी के व्यापक विकास में मदद मिलती है।/"

### हाइब्रिड वाहनों की हिस्सेदारी बढ़ी

कुल यात्री वाहनों में हाइब्रिड वाहनों की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़कर 2.4 प्रतिशत हो गई जबकि 2023-24 में यह 2.1 प्रतिशत थी।

## बोर्ड ने इस महीने पाक को एक अरब डॉलर की सहायता दी

# पाक को वित्तीय सहायता पर आईएमएफ ने कहा- उसने सभी लक्ष्य-शर्तें पूरी कीं

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा है कि उसके कार्यकारी बोर्ड ने इस महीने पाकिस्तान को एक अरब डॉलर की सहायता दी है, क्योंकि उसे पता चला है कि देश ने सभी शर्तें और लक्ष्य पूरे कर लिए हैं।

वैश्विक निकाय के संचार विभाग की निदेशक जूली कोजैक ने कहा कि आईएमएफ ने पिछले साल सितंबर में पाकिस्तान को दी गई विस्तारित कोष सुविधा (ईएफएफ) की समीक्षा की और उसके आधार पर बोर्ड ने नौ मई को राशि को मंजूरी दी। आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने पाकिस्तान को हालिया सहायता को मंजूरी दे दी, जबकि भारत को आशंका है कि इस धनराशि का इस्तेमाल सीमा पार आतंकवाद के लिए किया जा सकता है।

### भारत का पुनर्विचार करने पर दबाव

भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 16 मई को आईएमएफ पर वित्तीय सहायता पर पुनर्विचार करने का दबाव डाला और कहा कि इस्लामाबाद इसका एक बड़ा हिस्सा आतंकवादी ढांचे को वित्तपोषित करने के लिए इस्तेमाल कर सकता है।

**पाक ने सभी शर्तें और लक्ष्य को पूर्ण कर लिया है**

### समीक्षा पूरी होने के बाद हालिया सहायता दी गई

कोजैक ने बातचीत के दौरान एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने पिछले साल सितंबर में पाकिस्तान के ईएफएफ कार्यक्रम को मंजूरी दी थी और उस समय पहली समीक्षा 2025 की पहली तिमाही के लिए निर्धारित की गई थी। उन्होंने कहा कि समीक्षा पूरी होने के बाद हालिया सहायता प्रदान की गई।




- भारत को आशंका धन राशि का इस्तेमाल सीमा पर आतंकवाद के लिए
- रक्षा मंत्री सिंह ने आईएमएफ पर पुनर्विचार के लिए दबाव डाला

### पाक का शर्तों से विचलन कार्यक्रम को प्रभावित करेगा

कोजैक ने कहा कि स्थापित कार्यक्रम शर्तों से कोई भी विचलन पाकिस्तान कार्यक्रम के तहत भविष्य की समीक्षाओं को प्रभावित करेगा। उन्होंने कहा, "मैं यहां इस बात पर जोर देना चाहती हूं कि यह कार्यक्रमों के तहत एक मानक प्रक्रिया का हिस्सा है कि हमारा कार्यकारी बोर्ड ऋण कार्यक्रमों की प्रगति का आकलन करने के लिए समय-समय पर समीक्षा करता है।

### भारत-पाक को मिलने वाली राशि का विरोध करेगा

भारत अगले महीने पाकिस्तान को विश्व बैंक से मिलने वाले वित्त पोषण का विरोध करेगा। एक सरकारी सूत्र ने यह जानकारी दी। इससे पहले भारत ने पाकिस्तान को आईएमएफ से मिलने वाले धन का यह कहते हुए विरोध किया था कि इस्लामाबाद ने अतीत में ऐसे धन का इस्तेमाल हथियार और गोला-बारूद खरीदने के लिए किया था।

### पाक राशि का उपयोग सैन्य उद्देश्यों के लिए कर रहा

सूत्र ने कहा कि विकासशील देशों को बहुपक्षीय एजेंसियों द्वारा दिया जाने वाला धन गरीबी उन्मूलन और विकास लक्ष्यों के लिए है, लेकिन पाकिस्तान इसका दुरुपयोग सैन्य उद्देश्यों के लिए कर रहा है। देश भागीदारी ढांचे के तहत विश्व बैंक पाकिस्तान को दिए जाने वाले 20 अरब अमेरिकी डॉलर के ऋण की समीक्षा अगले महीने कर सकता है। इस पर जनवरी में सहमति बनी थी।

# आईफोन अमेरिका में नहीं बने तो लगेगा 25% आयात शुल्कः ट्रंप



- ट्रंप ने फिर स्मार्टफोन कंपनी एप्पल को दी चेतावनी
- कंपनी अमेरिका में उत्पादों का निर्माण नहीं करती तो लगेगा टैक्स

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को चेतावनी दी कि अगर स्मार्टफोन आईफोन का विनिर्माण अमेरिका में नहीं किया जाता है तो वे इसकी कंपनी एप्पल के उत्पादों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे।

ट्रंप ने यह चेतावनी सोशल मीडिया पर दी है। अगर ऐसा होता है तो आईफोन की कीमत में नाटकीय रूप से वृद्धि हो सकती है। इसके साथ ही अमेरिका की अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियों में से एक एप्पल की बिक्री और मुनाफा प्रभावित हो सकता है। कंपनी अब अमेजन, वॉलमार्ट और अन्य प्रमुख कंपनियों में शामिल हो गई है जो व्हाइट हाउस के निशाने पर हैं। ये कंपनियां ट्रंप द्वारा लगाए जा रहे आयात शुल्क से उत्पन्न अनिश्चितता और मुद्रास्फीति के दबाव का जवाब देने की कोशिश कर रही हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, "मैंने बहुत पहले ही एप्पल के टिम कुक को बता दिया था कि मुझे उम्मीद है कि अमेरिका में बेचे जाने वाले उनके आईफोन का विनिर्माण यहीं किया जाएगा, न कि भारत में या किसी अन्य स्थान पर।" उन्होंने कहा, "यदि ऐसा नहीं है, तो एप्पल को अमेरिका को कम से कम 25 प्रतिशत शुल्क का भुगतान करना होगा।"

### एप्पल आईफोन विनिर्माण भारत में स्थानांतरित कर रही

कंपनी मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक के नेतृत्व में एप्पल, चीन पर ट्रंप के शुल्क के जवाब में, आपूर्ति श्रृंखलाओं को समायोजित करने के लिए आईफोन विनिर्माण को भारत में स्थानांतरित करने पर विचार कर रही थी। यह योजना अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए निराशा लेकर आई है, जिन्होंने पिछले सप्ताह अपने पश्चिम एशिया के दौरे पर भी इस पर बात की थी।

# चांदी 2,000 रुपए फिसली सोना 100 रुपए मजबूत



- सोना 100 रुपए बढ़कर 98,750 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी घटकर 99,200 रुपए प्रति किलो ग्राम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 100 रुपये बढ़कर 98,750 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 100 रुपये बढ़कर 98,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया।

अमेरिकी राजकोषीय नीति को लेकर जारी चिंताओं ने सराफा की मांग को समर्थन देना जारी रखा है। शुक्रवार को चांदी की कीमत 2,000 रुपये फिसलकर 99,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। बृहस्पतिवार को चांदी 1,01,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना 35.46 डॉलर यानी 1.08 प्रतिशत बढ़कर 3,330.23 डॉलर प्रति औंस हो गया। कोटक सिक्योरिटीज में एवीपी (जिंस शोध) कायनात चैनवाला ने कहा, ''अमेरिका में राजकोषीय चिंताओं के बीच अप्रैल के मध्य के बाद से सोने में सबसे बड़ी साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गई।''

### अमेरिका में प्रमुख आंकड़ों की प्रतीक्षा

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी के अनुसार, बाजार प्रतिभागियों को अमेरिका में जारी होने वाले प्रमुख आंकड़ों की प्रतीक्षा है। इसमें नए घरों की बिक्री का आंकड़ा शामिल है...इससे सोने की कीमतों पर असर पड़ने की संभावना है।

## जेएसडब्ल्यू स्टील के लाभ में 13.54 फीसदी का उछाल...



**नई दिल्ली।** सज्जन जिंदल की अगुवाई वाली जेएसडब्ल्यू स्टील का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में 13.54 प्रतिशत बढ़कर 1,501 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी ने बताया कि उसके मुनाफे में वृद्धि खर्च घटने के कारण हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 1,322 करोड़ रुपये रहा था। समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आमदनी घटकर 45,049 करोड़ रुपये रह गई, जो 2023-24 की समान तिमाही में 46,511 करोड़ रुपये थी। हालांकि कंपनी का खर्च पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की चौथी तिमाही में घटकर 43,032 करोड़ रुपये रह गया, जो 2023-24 की समान अवधि में 44,401 करोड़ रुपये था। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का शुद्ध लाभ 61 प्रतिशत गिरकर 3,491 करोड़ रुपये रह गया, जो 2023-24 में 8,973 करोड़ रुपये था।

# होंडा गुजरात में करेगी चौथी उत्पादन लाइन स्थापित

- वर्ष 2027 में चालू होने वाली उत्पादन कुल क्षमता को 26.1 लाख तक जाएगी

एजेंसी ▶▶| मुंबई




दोपहिया वाहन विनिर्माता होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने कहा कि वह 920 करोड़ रुपये के निवेश से अपने विट्ठलपुर (गुजरात) संयंत्र में चौथी उत्पादन लाइन स्थापित करेगी। इसकी क्षमता 6.50 लाख इकाई सालाना उत्पादन की होगी। कंपनी ने कहा कि वर्ष 2027 में चालू होने वाली अतिरिक्त उत्पादन लाइन, गुजरात संयंत्र की कुल क्षमता को 26.1 लाख इकाई तक ले जाएगी। इससे यह दुनिया में होंडा मोटरसाइकिलों के लिए होंडा का सबसे बड़ा 'असेंबली'' संयंत्र बन जाएगा। एचएमएसआई के वर्तमान में भारत में चार उत्पादन संयंत्र हैं जिनकी कुल वार्षिक उत्पादन क्षमता 61.4 लाख इकाई की है। एचएमएसआई के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, होंडा लंबे समय से भारत में अपनी उत्पादन क्षमता का निवेश और विस्तार कर रही है। एचएमएसआई ने (वर्ष 2001 में उत्पादन शुरू होने के बाद से) सात करोड़ इकाई (यूनिट) संचयी उत्पादन के महत्वपूर्ण लक्ष्य को हासिल किया है।

# आरबीआई सरकार को देगी रिकॉर्ड लाभांश

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सरकार को 2.69 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभांश देने की घोषणा की, जो 2023-24 के लाभांश भुगतान से 27.4 प्रतिशत अधिक है। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सरकार को 2.1 लाख करोड़ रुपये का लाभांश हस्तांतरित किया था। इसके पहले वित्त वर्ष 2022-23 के लिए भुगतान वितरण 87,416 करोड़ रुपये रहा था। आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की यहां आयोजित 616वीं बैठक में सरकार को रिकॉर्ड लाभांश भुगतान करने का निर्णय लिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता गवर्नर संजय मल्होत्रा ने की। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि निदेशक मंडल ने वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिदृश्य की समीक्षा की, जिसमें परिदृश्य से जुड़े जोखिम भी शामिल हैं। इस दौरान निदेशक मंडल ने अप्रैल 2024 -मार्च 2025 के दौरान रिजर्व बैंक के कामकाज पर भी चर्चा की और वर्ष 2024-25 के लिए रिजर्व बैंक की वार्षिक रिपोर्ट और वित्तीय विवरणों को मंजूरी दी।

# शेयर बाजार में खरीदारी से सेंसेक्स 769 अंक उछला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और आईटीसी में खरीदारी आने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 769 अंकों की बढ़त रही जबकि निफ्टी 243 अंक चढ़ गया। विश्लेषकों ने कहा कि रिजर्व बैंक की तरफ से सरकार को रिकॉर्ड लाभांश दिए जाने की संभावना और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में नरमी आने से भी निवेशक धारणा को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स स्थिर शुरुआत के बाद तेजी से उछला और 769.09 अंक बढ़कर 81,721.08 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 953.18 अंक बढ़कर 81,905.17 पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 243.45 अंक बढ़कर 24,853.15 अंक पर बंद हुआ। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में कुल 609.51 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि निफ्टी में 166.65 अंक यानी 0.66 प्रतिशत की गिरावट रही।

## अमेरिकी टकसाल की पेनी को खत्म करने की योजना

# अमेरिकी डॉलर से छोटी मुद्रा 'सेंट' का होगा अंत

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका में ट्रंप प्रशासन का कहना है कि सेंट ढालने का अब कोई मतलब नहीं है। अमेरिकी टकसाल ने सेंट के लिए अपना अंतिम ऑर्डर दे दिया है और इसके खत्म होने के बाद इन सिक्कों की ढलाई बंद करने की योजना है।

अमेरिकी वित्त विभाग के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की। सेंट को आम बोलचाल की भाषा में पेनी कहा जाता है। जैसे भारत में रुपया के 100वें हिस्से के रूप में पैसा का इस्तेमाल किया जाता है, उसी तरह अमेरिका में सेंट या पेनी डॉलर के 100वें हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है।

### अमेरिका में 114 अरब पेनी प्रचलन में

वित्त विभाग ने कहा कि इस समय अमेरिका में लगभग 114 अरब पेनी प्रचलन में हैं, लेकिन इसका बहुत कम इस्तेमाल किया जाता है।

### 5.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर बचत की उम्मीद

यह कदम तब उठाया गया है जब वित्त विभाग के अनुसार पेनी बनाने की लागत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह लागत 2024 में 20 प्रतिशत से अधिक बढ़ी है। अधिकारी के अनुसार पेनी के उत्पादन को रोकने से वित्त विभाग को सामग्री लागत में 5.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर की तत्काल वार्षिक बचत की उम्मीद है।




*एक पेनी बनाने की लागत दो पेनी से अधिक : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फरवरी में कहा था कि उन्होंने एक सेंट के सिक्के की ढलाई बंद करने का आदेश दिया है। उन्होंने उस समय कहा था कि अमेरिका में एक पेनी बनाने की लागत दो पेनी से अधिक है। वित्त विभाग का कहना है कि ये लागत अब बढ़कर चार पेनी हो गई है।*

*सेंट एक मौद्रिक इकाई : सेंट कई राष्ट्रीय मुद्राओं की एक मौद्रिक इकाई है जो सेंट के सौवें हिस्से के बराबर होती है। 1 100 ) मूल मौद्रिक इकाई है। यह शब्द लैटिन के सेंटम, ' सौ ' से निकला है। संयुक्त राज्य अमेरिका का एक सेंट का सिक्का, जिसे पेनी के नाम से भी जाना जाता है।*

**कार्यालय क्षेत्र संचालक, पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी (म. प्र.)**
e-mail : fdpennp.sni@mp.gov.in, url : www.penchtiger.org

ई टेण्डर क्रमांक/स्टोर/ 2432 — **संक्षिप्त निविदा विज्ञप्ति** — सिवनी/ दिनांक 19/5/25

पेंच टाईगर रिजर्व, सिवनी (म.प्र.) के उपयोगार्थ कैमरा ट्रैप क्रय हेतु विभिन्न फर्मो से ई-टेण्डरिंग पद्धति के अंतर्गत ऑनलाईन निविदा www.mptenders.gov.in ij Key data and time अनुसार आमंत्रित की जाती है।

**Technical Specifications**

1.Camera Trap a. Confrigation:

Cemara Trap Technical Specification / Parameters:-

| Sr. No. | Technical Specification/ Parameters | Requirement |
|---|---|---|
| 1 | Image Resolution | ≥10 Mega Pixel |
| 2 | Flash Type | White Flash (Day and Night Colour Photos) |
| 3 | Trigger Speed | ≤0.8 seconds |
| 4 | Delay/Recovery time | ≤2.5 seconds |
| 5 | Flash range | ≥30 feet |
| 6 | Power supply | AA (Alkaline) batteries |
| 7 | Storage | Should support 32 GB SD or Micro SD memory card |
| 8 | Stamping / Infostrip on the photo | Date, Time and Camera ID |
| 9 | Protection (IP rating) | IP 65 and above |
| 10 | Warranty | 1 Year |
| 11 | Firmware Update Support | Minimum of 3 years via OEM official website |

टीप - उपरोक्त सामग्री की मात्रा किसी भी सीमा तक कम या अधिक हो सकती है।

| | |
|---|---|
| Bid Submission Start Date & time<br>निविदादर प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि | 30/05/2025, 10.00 AM |
| Bid Submission Clossing Date & time<br>निविदादर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 06/06/2025, 05.00 PM |
| Bid Opening Date<br>निविदा खोलने का दिनांक | 13/06/2025, 12.00 PM |

उप संचालक
पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी (म. प्र.)

G-13273/25 "स्वच्छता ही सेवा"

## चिंतन

# भारत से उलझने की बजाए देश संभालें पाकिस्तानी नेता

पुरानी कहावत है कि अगर कुत्ते की दुम को 16 साल तक पोगली में रखकर बाहर निकाला जाए तो भी वो टेढ़ी की टेढ़ी ही रहती है। यही हाल हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान का है। भारतीय सेना की कार्रवाई को पिद्दी सा पाकिस्तान चार दिन भी नहीं झेल पाया और भारत को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय मंचों पर गुहार लगाने लगा। संयुक्त राष्ट्र संघ और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने गिड़गिड़ाने तक की नौबत आ गई। जब भारत संघर्ष विराम के लिए सहमत हो गया तो पाक नेता और सेना अधिकारी अपनी शेखी बघारने लगे। अब ऐसा ही एक और बयान सामने आया है। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी ने भारत को धमकी देते हुए कहा कि, अगर तुम (भारत) हमारा पानी बंद करोगे, तो हम तुम्हारी सांसें बंद कर देंगे। यह बयान पाकिस्तान के एक विश्वविद्यालय में भाषण के दौरान का है। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो गया है। दरअसल भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ जल संधि स्थगित कर दी है और पाकिस्तान जाने वाले पानी को रोक दिया है। चौधरी ने कहा कि भारत सोचता है कि वह पाकिस्तान का पानी रोक देगा। 24 करोड़ लोगों का पानी रोकना संभव ही नहीं है। जबकि भारत युद्ध विराम के दौरान ही साफ कर चुका है कि सिंधु जल समझौता निलंबित ही रहेगा। महज चार दिनों के युद्ध में ही यह बात पाकिस्तान अच्छी तरह से जान चुका है कि नए भारत को दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती। भारत अब दुनिया की सशक्त अर्थव्यवस्था बन चुका है। वहीं पाकिस्तान दिवालिया के कगार पर है। इसके बावजूद वो अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि पाक से नेपाल पहुंचे संदिग्ध आतंकी किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने के इरादे से भारत में दाखिल होने की योजना बना रहे हैं। सूचना है कि करीब तीन दर्जन संदिग्ध नेपाल पहुंच चुके हैं। इनमें पाकिस्तानी और बांग्लादेशी नागरिक शामिल हैं। ये लोग खुली सीमा का फायदा उठाकर भारत में घुसने की फिराक में हैं। इसीलिए सीमा पर सघन चेकिंग और पेट्रोलिंग बढ़ा दी है, ताकि कोई भी संदिग्ध तत्व भारत में प्रवेश न कर सके। असल में पाकिस्तान अपनी कमजोरी छिपाने के लिए भारत में अशांति पैदा करने की कोशिश करता रहता है। भारत के नाम पर वहां के हुक्मरान अपनी असफलताओं को ढकते रहते हैं। पाकिस्तान में अर्थव्यवस्था चौपट है। महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। बलूच अलगाववादी आंदोलन देश के अस्तित्व पर खतरा बन गया है। मार्च में जाफर एक्सप्रेस के हाईजैक के बाद बलूच लिबरेशन आर्मी के हौसले सातवें आसमान पर हैं। पाकिस्तानी सैनिकों को मौत के घाट उतार कर बीएलए ने स्पष्ट तौर पर पाक सरकार को चेता दिया है कि स्वतंत्र बलूचिस्तान की मांग को बलपूर्वक दबाना मुश्किल है। खैबर पख्तूनख्वा अलग तरह की आग में जल रहा है। यहां तहरीक-ए-तालिबान पाक आर्मी के लिए चुनौती बना हुआ है। सैन्य मोर्चे पर भी पाकिस्तान के हालात काफी खस्ता हैं। अब सेना अध्यक्ष मुनीर को फील्ड मार्शल का पद देकर शरीफ सरकार ने पाकिस्तान के आम आदमी के जख्मों पर नमक डालने का काम किया है। असल में इमरान खान समर्थक मुनीर को पसंद नहीं करते और शहबाज शरीफ उन्हें सिर पर बैठा रहे हैं। पाक नेताओं और सेना अधिकारियों को चाहिए कि भारत से उलझने की बजाए अपने हालात पर ध्यान दें। कहीं ऐसा न हो कि पाक इतिहास की किताबों में ही रह जाए।



# मोदी सा साहस शहबाज नहीं दिखा सकते

**एयरबेस मामला**
अवधेश कुमार

> पाकिस्तान ने झूठ फैलाया था कि पंजाब स्थित आदमपुर एयरबेस पर हमले में रनवे, मिग-29 जेट, एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम और रडार नष्ट कर दिया, 60 सैनिक मारे गए और एयरबेस को भारी नुकसान पहुंचा। पाकिस्तान के सामने चुनौती है कि उसके प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ उन एयरबेसों पर जाकर लाइव दिखाएं जिनके बारे में भारत ने जबरदस्त क्षति पहुंचाने की बात कही है। खंडन तभी होगा जब पाकिस्तान वहां से लाइव कार्यक्रम करें और वह प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के द्वारा ही संभव है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ऐसा नहीं कर पाए हैं और यही बताता है कि भारतीय सेना का दावा सही है। शब्दों से खंडन की जगह प्रधानमंत्री ने स्वयं जाने और सैनिकों से संवाद करने का रास्ता चुना।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं आदमपुर एयरबेस यानी वायु सैनिक अड्डे पर गए जहां से उनका कार्यक्रम पूरी दुनिया ने देखा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कुछ एयरबेस पर जा रहे हैं । पाकिस्तान ने झूठ फैलाया था कि पंजाब स्थित आदमपुर एयरबेस पर हमले में रनवे, मिग-29 जेट, एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम और रडार नष्ट कर दिया, 60 सैनिक मारे गए और एयरबेस को भारी नुकसान पहुंचा। पाकिस्तान के सामने चुनौती है कि उसके प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ उन एयरबेसों पर जाकर लाइव दिखाएं जिनके बारे में भारत ने जबरदस्त क्षति पहुंचाने की बात कही है। प्राइवेट कंपनी मेक्सार ने सेटेलाइट की तस्वीरें जारी की हैं। इनमें सरगोधा, नूर खान, भेल्लारी, सुक्कूर, जकोबाबाद स्थित शाहबाज एयरबेस आदि की तस्वीरें बता रही हैं कि 8 मई के पहले कैसी थीं और भारतीय कार्रवाई के बाद किस हालत में हैं। खंडन तभी होगा जब पाकिस्तान वहां से लाइव कार्यक्रम करें और वह प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के द्वारा ही संभव है। काफी दिनों बाद उनमें से कुछ पर जाते हैं तो कोई मायने नहीं होगा क्योंकि कम क्षति वाले कुछ क्षेत्र की मरम्मत की जा सकती है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ऐसा नहीं कर पाए हैं और यही बताता है कि भारतीय सेना का दावा सही है। शब्दों से खंडन करने की जगह प्रधानमंत्री ने स्वयं जाने और सैनिकों से संवाद करने का रास्ता चुना। लाइव तस्वीरें दुनिया देख रही थी। प्रधानमंत्री जहां से बोल रहे थे उसके पीछे एस400 प्रणाली भी दिख रही थी, रनवे भी दिखा और सैनिकों का उत्साह सातवें आसमान पर था।

जब कोई देश किसी पर हमला करेगा और हमारे बीच अघोषित युद्ध होगा तो यह संभव नहीं कि उसमें अपना नुकसान नहीं हो। बगैर मूल्य चुकाये कोई उपलब्धि हासिल नहीं होती। देश का मानस पाकिस्तान के साथ सैनिक टकराव में इसके लिए तैयार था कि हमारा भी नुकसान होगा किंतु उसे सबक सिखाये बगैर रुकना नहीं है। जितनी संख्या में उनके मिसाइल, ड्रोन चले, लड़ाकू जेट तक शामिल हुए तो उसका कहीं असर होगा। वैसे जितनी जानकारी आई है उसके अनुसार कोई बड़ी क्षति भारत को नहीं हुई। पाकिस्तान ने अपने सैन्य दुस्साहस की शर्मानाक विफलता और लगातार कमजोर होती रक्षा और आक्रमण प्रणाली से देश की जनता की दृष्टि हटाने के लिए लगातार झूठी सूचनायें प्रसारित कीं। पाकिस्तान के दुष्प्रचार का साथ देने वाले हमारे देश के इकोसिस्टम ने आदमपुर से आए वीडियो में एक-एक के चेहरे और आंखों को तलाशने की कोशिश की होगी ताकि कोई या कुछ मिल जाए जिसके चेहरे को देखकर बता सकें कि उत्साह झूठा था। वीडियो को रोक कर स्लो मोशन में देखा होगा ताकि कुछ नुकसान दिख जाए। कुछ दिखा नहीं पाए, इसका अर्थ भी साफ है। दुर्भाग्य से भारत को दुष्प्रचार युद्ध में पाकिस्तान और भारत विरोधी विदेशी शक्तियों के साथ बड़ी संख्या में अपने देश के उन समूहों से लड़ना पड़ रहा है जिनके बारे में समझना मुश्किल है कि उनकी प्रतिबद्धता क्या है? सच यह है जब भारत की मिसाइलें पाकिस्तान के न्यूक्लियर संस्थाओं के दरवाजे तक पहुंच गई, वह ज्यादा भयभीत हुआ कि आगे न्यूक्लियर युद्ध की धमकी भी देने की स्थिति में नहीं रहेंगे। डोनाल्ड ट्रंप स्वयं को विश्व का अगुवा नेता और अपने नेतृत्व में अमेरिका को किसी संघर्ष को रोकने में सक्षम



दिखाने के उतावलेपन में कह रहे हैं कि उन्होंने दो नाभिकीय संपन्न देशों के बीच नाभिकीय युद्ध रुकवाया तो साफ है कि पाकिस्तान ने यही बात रखी होगी। हालांकि नाभिकीय युद्ध की कहीं संभावना नहीं थी। प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष अमेरिका की ओर से यह बात आई तभी तो उन्होंने कहा कि न्यूक्लियर ब्लैकमेल नहीं चलेगा। क्या इसका अर्थ है कि भारतीय बलों ने अपनी युद्ध रणनीति के कारण यह आत्मविश्वास प्राप्त कर लिया है कि समय पर पाकिस्तान के नाभिकीय संस्थानों को ऐसी स्थिति में पहुंचा सकते हैं या उनका नियंत्रण ले सकते हैं जहां न रेडियोएक्टिव तत्वों के रिसने का खतरा रहे और न पाकिस्तान उनके इस्तेमाल करने में सक्षम? अभी अंतिम निष्कर्ष नहीं दिया जा सकता किंतु दो दिनों के युद्ध में कुछ स्थितियां स्पष्ट थीं। विश्व के कई विख्यात रक्षा विशेषज्ञ भी इसकी पुष्टि कर रहे हैं। ज्यादातर का मानना है कि 10 मई को जब भारतीय वायु सेना ने ब्रह्मोस और स्कैल्प इजी मिसाइलों से पाकिस्तान के कई एयरबेस को निशाना बनाया और इस दौरान सुखोई 30 एमके आई, मिराज 2000 और राफेल भी दौड़ रहे थे तो पाक की स्थिति काफी खराब हो गई। जगुआर लड़ाकू बमवर्षक विमानों से इसराइल से प्राप्त रैम्पेज मिसाइलों से सुक्कूर एयरबेस को निशाना बनाया गया। ब्रह्मोस-ए सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ने पाक एयरबेस के मुख्य रनवे को पूरी तरह नष्ट कर दिया। रहीम यार खान एयरबेस को शेख जायद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी कहा जाता है, जो पाकिस्तान वायुसेना का महत्वपूर्ण सैन्य अड्डा है। हमले को रात में सटीकता से अंजाम दिया गया ताकि नागरिक नुकसान से बचा जा सके। हमले में सैन्य सुविधाओं, इमारतों और उपकरणों को नुकसान पहुंचा और स्क्वाड्रन लीडर उस्मान यूसुफ सहित कुछ सैन्यकर्मियों की मौत हो गई। सरगोधा एयरबेस निशाने पर था और वहीं किरण हिल्स में नाभिकीय केंद्र के प्रवेश द्वार पर विस्फोट किया गया। पाकिस्तानी लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि भारतीय निर्मित इजरायली हारोप ड्रोन ने कराची और लाहौर सहित कई स्थानों में हमले किए। लाहौर के सुंदर इंडस्ट्रियल एरिया में धमाकों के वीडियो और स्थानीय मीडिया की रिपोर्टों ने भी इन हमलों की पुष्टि की मोटा-मोटी आकलन है कि दो-तीन दिन से ज्यादा का भंडार उसके पास नहीं था। साफ दिख रहा था कि पाकिस्तान ने भारत द्वारा मिसाइलों से नौ महत्वपूर्ण आतंकवादी केन्द्रों को ध्वस्त करने को अपनी शान और इज्जत के विरुद्ध मान लिया और उत्तर से दक्षिण श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट ,अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, भटिंडा ,चंडीगढ़, नाल फलोदी और भुज आदि पर ड्रोन और मिसाइल के ताबड़तोड़ हमले शुरू कर दिए। भारतीय सैन्य बलों ने इसका पूर्ण आकलन करते हुए प्रत्यक्ष कई गुना बड़े प्रत्याक्रमण की तैयारी की थी और परिणाम हुआ कि हमले असफल किए जाने लगे। पाकिस्तान सेना के मुख्यालय रावलपिंडी भी ड्रोन के निशाने पर आया। भारतीय ड्रोनों ने चीन की हत्फ 9 सरफेस टू एयर मिसाइल ऑपरेट करने वाली बटालियन को नुकसान पहुंचाया, लाहौर में पूरी टुकड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई, कराची की सुरक्षा में तैनात हत्फ 9 बटालियन को भी जबरदस्त नुकसान पहुंचा। इसी का परिणाम था कि पाकिस्तान को एफ16 वायुयान तक का इस्तेमाल करना पड़ा। पाकिस्तान अगर एस 400 मिसाइल रक्षा प्रणाली को मार गिराने का दावा कर रहा है तो उसे बताना होगा कि रडार मिसाइल निगरानी में यह कैसे संभव हुआ? प्रधानमंत्री और हमारे सैन्य प्रवक्ताओं की भाषा बिल्कुल एक है कि सीमा पार आतंकवाद की संभावनाओं तक को पूरी तरह समाप्त करने की लंबी योजना और रणनीति से आरंभ ऑपरेशन सिंदूर केवल स्थगित है, समय और परिस्थितियों के अनुसार आगे भी जारी रहेगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## वैश्विक परिदृश्य
डॉ. एस.डी. वैष्णव




# बलूचिस्तान के संघर्ष की मुखर आवाज़ बनी महरंग

युद्ध सभ्य समाज की निशानी नहीं है,लेकिन पहलगाम में आतंकी हमला करके पाकिस्तान ने अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली। हालांकि, वर्षों से भारत में सुनियोजित तरीके से आतंकवादी हमले प्रायोजित करना पाकिस्तान की पुरानी फितरत रही है, लेकिन इस बार उसे मुँह की खानी पड़ी। भारतीय सेना के शौर्य-पराक्रम और सरकार के त्वरित एवं साहसिक निर्णयों ने भारतीय जनमानस की उम्मीदों के अनुरूप 'ऑपरेशन सिंदूर' से उसे ऐसे नाकों चने चबवाए कि भारत के एक ही प्रहार से ध्वस्त और आहत पाकिस्तान में ऐसा हाहाकार मचा कि उसे सीजफायर पर आना पड़ा। पाकिस्तान एक ऐसा देश है जो अपने भीतरी संघर्षों एवं खून-खराबों से ऊपर उठ नहीं पा रहा है। बावजूद उसने इस बार भारत से टकराने की हिमाकत की जिसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ा। वैसे तो पीओके वाले गिलगित-बाल्टिस्तान और पाक-अफ़गान सीमा जो डूरंड लाइन के आसपास का क्षेत्र है, वहां सक्रिय चरमपंथी संगठन तहरीक-ए-तालिबान के साथ पाकिस्तानी सेना का वहाँ के लोगों के साथ संघर्ष और झड़पें लगातार चलती रहती हैं। इन दिनों सिंध प्रांत में भी वहां की अवाम ने पाकिस्तान सेना और सरकार के ख़िलाफ़ मोर्चा खोल दिया है। इसी क्रम में बलूचिस्तान प्रांत एक ऐसा क्षेत्र है, जो सदैव अराजकता और अशांति के अंधेरे के बीच गुजर-बसर करते हुए, आज भी आजादी की नई रोशनी के कतरे तलाश रहा है। पिछले कुछ वर्षों से वहां की सामाजिक एवं मानवाधिकार कार्यकर्ता महरंग बलोच बलूचिस्तान की आजादी की मुखर आवाज़ बन गई है। बलूचिस्तान की शेरनी के नाम से मशहूर महरंग बलोच पेशे से डॉक्टर और मानवाधिकार कार्यकर्ता एवं बलोच यकजेहती कमेटी कमेटी की संस्थापक है। वहाँ दशकों से हो रही हिंसा, असहमति की लड़ाई, अपहरण, बेजा हत्याएं और मानवाधिकारों के हनन के ख़िलाफ़ वह अहिंसात्मक आंदोलनों के माध्यम से बलूच लोगों को एकजुट करती रही है। उनके तेज-तर्रार और आक्रोश से भरे भाषणों में गुलामी और पीड़ा से उपजी व्यथा का दंश झलकता है। महरंग बलोच ने पाकिस्तानी सेना और वहां के राजनीतिक हलकों का दम फूलाकर रख दिया है। यही कारण है कि कुछ दिन पूर्व क्वेटा में एक प्रदर्शन के दौरान उन्हें पाकिस्तानी सेना द्वारा गिरफ्तार करके ब्लॉक 9 की सेल नंबर 5 में बंद कर दिया गया। क्वेटा की इसी जेल में कभी उनके पिता को भी क़ैद रखा गया था। बाद में उनका क्षत-विक्षत शव मिला था। इतिहास में झाँककर देखें, तो भारत-पाकिस्तान के विभाजन के साथ ही बलूचिस्तान और वहाँ के लोगों ने स्वयं को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया। हालांकि, ब्रिटिश शासन के दौर में ही 11 अगस्त 1947 को बलूचिस्तान को नया देश बना दिया गया। उस वक्त लॉर्ड माउंटबेटन ब्रिटिश वायसराय थे। बलूचिस्तान को आजाद करते हुए एक पेंच ऐसा फंसाया गया जिसके तहत बलूचिस्तान की सुरक्षा का जिम्मा पाकिस्तान को सौंपा गया। बलूचिस्तान की आजादी के एक महीने बाद ही ब्रिटेन ने एक नया प्रस्ताव पारित किया और कहा कि बलूचिस्तान अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारियां उठाने लायक नहीं है, इसलिए उसे एक स्वतंत्र देश नहीं बनाया जा सकता। आगे इसका फायदा पाकिस्तान ने बलूचिस्तान को अपने कब्जे में लेकर उठाया। 1948-50 से लेकर अब तक बलूचिस्तान की आजादी के लिए कई आंदोलन हो चुके हैं। बलूचिस्तान की आजादी के लिए जंग लड़ रही बीएलए यानी बलूच लिबरेशन आर्मी का पाकिस्तानी सेना के साथ लगातार संघर्ष जारी है। हालिया दिनों में 14 मई 2025 का दिन बलूचों के लिए एक ऐतिहासिक दिन रहा, जब बलूच नेता, मानवाधिकार कार्यकर्ता और 'फ्री बलूच मूवमेंट' के प्रतिनिधि मीर यार बलूच ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बलूचिस्तान की आजादी की घोषणा की। बहरहाल, पाकिस्तान में महरंग बलोच नाम का एक तूफ़ान उठ खड़ा हुआ है। शांति के वैश्विक प्रयासों को मान्यता देने वाले वर्ष 2025 के शांति के नोबेल पुरस्कार के लिए महरंग बलोच को नामित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार उनके लिए नहीं, बल्कि बलूचिस्तान में जबरन गायब किए गए लोगों और उनके परिवारों की आवाज़ को वैश्विक स्तर पर मान्यता का प्रयास है। उम्मीद की जानी चाहिए कि शांति और अहिंसा के मार्ग पर चलकर आजादी की अलख जगा रही महरंग बलोच को यह पुरस्कार मिले और जल्द उनकी रिहाई सुनिश्चित हो। पाकिस्तान में गृह युद्ध के हालात उत्पन्न हो गए हैं। इधर भारतीय जनमानस ऑपरेशन सिंदूर से मिले विजय उत्साह को बनाए रखें। एक दिन पीओके में तिरंगा अवश्य लहराएगा।

(लेखक सामरिक मामलों के जानकार, स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# श्रावण मास का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व



संकलित
**दर्शन**

भारतीय मनीषियों ने काल गणना के प्रसंग में संस्कृत के 12 मासों को वैज्ञानिकता की पृष्ठभूमि में निर्धारित किया है, जिसमें श्रावण मास चैत्रादि मासों के क्रम में पांचवें मास के क्रम में स्वीकार किया है। संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से श्रवण नक्षत्र में अण प्रत्यय के योग से श्रावण शब्द बनता है, जिसका अर्थ है श्रवण से संबंधित। ध्यातव्य है कि ज्योतिष शास्त्र में श्रवण नक्षत्र का स्वामी भगवान विष्णु को माना गया है। जिस महीने में श्रवण नक्षत्र में पूर्णिमा होती है, उसे ही श्रावण मास कहते हैं। कुछ विद्वानों के मत से सृष्टि का प्रारंभ जल से हुआ है और सावन मास जल के लिए जाना जाता है। अतः यह सृष्टि का पहला महीना है। वेद कहते हैं- 'अप एव ससर्जादौ' अर्थात विधाता ने सर्वप्रथम जल का निर्माण किया। महाकवि कालिदास जी कहते हैं- या सृष्टिः स्त्रष्टुराद्या अर्थात ब्रह्मा की पहली सृष्टि जल ही है। सावन मास में सूर्य दक्षिणायन हो जाते हैं। कर्क राशि का सूर्य ही सावन मास है। इस महीने भगवान विष्णु जल का आश्रय लेकर क्षीरसागर में शयन करने चले जाते हैं। जल वृष्टि अधिक होने से पृथ्वी में कणों के गर्भांकुर फूट पड़ते हैं। गर्मी का ताप शांत हो जाता है। हृदयहारी वायु बहने लगती है। सभी चराचर जड़ चेतन जीव-जंतु हर्षित हो जाते हैं। प्रकृति का वातावरण सुरम्य हो जाता है। संपूर्ण जीव-जगत उल्लास से भर जाता है। ऊष्णता से संतप्त प्राणियों को शरण देने वाला श्रावण मास का शुभागमन परम आह्लाद देने वाला हो जाता है। सरिताएं, नद, तालाब, नवीन जल से परिपूर्ण हो जाते हैं। बादल पृथ्वी के निकट आ जाते हैं।

# ज्ञान पाना चाहते हैं तो अहंकार छोड़ दें



संकलित
**प्रेरणा**

गौतम बुद्ध यात्रा करते रहते थे और बीच-बीच में जहां ठहरते थे, वहां अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। बुद्ध के साथ उनका एक शिष्य हमेशा रहता था। उसका नाम था आनंद। एक दिन बुद्ध प्रवचन दे रहे थे और उस समय आनंद ने पूछा कि तथागत, आप जब प्रवचन देते समय ऊंची जगह पर बैठते हैं और सुनने वाले नीचे बैठते हैं, ऐसा क्यों है? बुद्ध ने आनंद की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आनंद पहले तुम ये बताओ कि क्या तुमने कभी किसी झरने से पानी पिया है? आनंद बोला कि हां, मैंने झरने से पानी पिया है। इसके बाद बुद्ध ने फिर पूछा कि तुमने पानी कैसे पिया? आनंद ने बुद्ध को बताया कि झरना ऊपर से बह रहा था और मैंने झरने के नीचे खड़े होकर पानी पिया था।

बुद्ध ने आनंद से कहा कि बस यही तुम्हारी बात का जवाब है। अगर हम झरने से पानी पीना चाहते हैं तो हमें उस झरने के नीचे ही खड़े रहना पड़ेगा। ठीक इसी तरह प्रवचन भी एक झरने की तरह है। जहां ज्ञान का झरना बहाने वाला ऊंची जगह पर बैठते हैं और जो लोग ज्ञान के झरने का पान करना चाहते हैं, वे नीचे बैठते हैं। दरअसल, ज्ञान पाने का सबसे पहला नियम ये है कि हमें अहंकार छोड़ना पड़ेगा। नीचे बैठने से हमारे स्वभाव में जो विनम्रता आती है, अहंकार दूर होता है। इसके बाद ही हम किसी की ज्ञान की बातें ठीक से समझ पाते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### कूटनीति के मंच पर लोकतंत्र की परीक्षा

भारत की लोकतांत्रिक संरचना और विविधतापूर्ण सामाजिक ताने-बाने ने उसे वैश्विक मंच पर एक आदर्श राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है, जहां विभिन्न विचारधाराएं, जातियां, धर्म और भाषाएं एकजुट होकर सह-अस्तित्व की प्रेरणा देती हैं। लेकिन जब यह आंतरिक एकता राजनीतिक स्वार्थों और आरोप-प्रत्यारोप की भेंट चढ़ने लगे, तब राष्ट्र की साख और उद्देश्य दोनों ही संकट में पड़ जाते हैं। हाल ही में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के जवाब में भारत सरकार द्वारा गठित सात प्रतिनिधिमंडलों का उद्देश्य था- भारत की एकता, अनेकता में एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों का संदेश दुनिया भर में पहुंचाना।

– **राजेंद्र ठाकुर**, धमतरी

## ट्रेंड


### बीएसएफ सबसे सशक्त



दुर्गम सीमाओं और विषम मौसमीय परिस्थितियों में भी सीमाओं पर मुस्तैद बीएसएफ ने सीमा सुरक्षा के अपने संकल्प को दृढ़ता से निभाया है। मोदी सरकार बीएसएफ को अत्याधुनिक तकनीकों और संसाधनों से सुसज्जित कर इसे विश्व का सबसे सशक्त सुरक्षा बल बना रही है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री


### जर्मनी की एकजुटता



आज बर्लिन में चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से मिलकर गौरवान्वित महसूस किया। हम रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करने के लिए उनकी सरकार के साथ काम करने के लिए तत्पर हैं। आतंकवाद से मुकाबले के प्रति जर्मनी की एकजुटता सराहनीय है।

- एस. जयशंकर, विदेश मंत्री

### जनता की मुस्कान



हमारी सरकार का संकल्प है कि हर नागरिक की शिकायत का समयबद्ध समाधान हो और प्रशासन अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी व जनहितैषी बने। जनता की मुस्कान ही हमारी सबसे बड़ी जीत है।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### नकारात्मकता का खोल




'आपरेशन सिंदूर' के सफल होने के बाद से ही कांग्रेस में खरगे-राहुल गांधी की जोड़ी ने 'घोर नकारात्मकता का खोल ओढ़' रखा है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान में मय सबूत के साथ प्रहार कर दिया जो अब उनकी खुन्नस में तब्दील हो गया है।

केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र

## करंट अफेयर

# सार्वभौमिक टीके महामारी से लड़ने के तरीके बदल देंगे




हर साल, वैज्ञानिक उत्परिवर्तित वायरस का पता लगाने के लिए संघर्ष करते हैं, दवा कंपनियां टीकों को नये सिरे से तैयार करती हैं तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली टीके और उपकरणों की नयी खेप प्राप्त करने की तैयारी करती है। यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया फ्लू और कोविड जैसे खतरों के खिलाफ हमारी अग्रिम पंक्ति की रक्षा है – लेकिन इसकी कीमत बहुत अधिक है। वैश्विक स्तर पर, अरबों अमेरिकी डॉलर, वायरस के स्वरूप की निगरानी, टीके के विकास और वितरण में खर्च किए जाते हैं तथा पहले से ही मुश्किल परिस्थितियों का सामना कर रही स्वास्थ्य प्रणाली – विशेष रूप से निम्न आय वाले देशों में – तालमेल बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रही है। यही कारण है कि वैज्ञानिक लंबे समय से सार्वभौमिक टीके विकसित करने का लक्ष्य रखते रहे हैं – जो मौसमी और महामारी, दोनों प्रकार के वायरस सहित इसके सभी प्रमुख स्वरूपों से सुरक्षा प्रदान करते हैं। लेकिन इन टीकों को डिजाइन करना मुश्किल साबित हुआ है। कठिनाई वायरस के उत्परिवर्तन के तरीके में है। इन्फ्लूएंजा और सार्स सीओवी-2 (कोविड का कारण बनने वाला वायरस) तेजी से बदलते हैं, जिससे वे पिछले संक्रमणों या टीकाकरणों से उत्पन्न होने वाली प्रतिरक्षा प्रणाली की स्मृति प्रतिक्रियाओं से बच जाते हैं।

## ऑफ बीट

# घर अक्सर थर्मोस्टेट से अधिक गर्म लगते हैं

एक ही सड़क पर बने दो घर : एक 1950 के दशक में और दूसरा 1990 के दशक में बनाया गया था। वहां कोई पेड़ या अन्य छाया नहीं है। एयर कंडीशनिंग इकाइयाँ समान हैं, हाल ही में बदली गई हैं, और पूरी तरह से काम कर रही हैं। समान थर्मोस्टेट 82 डिग्री फ़ारेनहाइट (27.8 सेल्सियस) पर सेट होते हैं। जब बाहर का तापमान 110 एफ (43.3 सी) होता है, तो 1950 के दशक का घर हवा के समान तापमान के साथ भी अंदर संभवत: कम से कम 10 एफ (5.6 सी) गर्म महसूस होता है। क्यों? इसका उत्तर तेज गर्मी से संबंधित है। तेज़ गर्मी ही वह चीज़ है जो आपको ठंडी सर्दियों की रात में कैम्प फायर में गर्म रखती है। आग हवा को अधिक गरम नहीं करती; बल्कि, सूर्य की तरह, आग की अधिकांश गर्मी अदृश्य तरंगों के माध्यम से सीधे कैम्प फायर से आपके शरीर तक पहुंचती है। गर्म, धूप वाले दिन में, अच्छा इन्सुलेशन और डबल-फलक वाली खिड़कियां एयर कंडीशनिंग के लिए कम गर्मी का हस्तांतरण करती हैं, जिससे इमारत के अंदर का औसत तापमान हवा के तापमान के कुछ डिग्री के भीतर रहता है। गर्म सतहों के कारण छोटी इमारतें, जैसे कि मोबाइल घर, छोटे घर, शिपिंग कंटेनर और अपार्टमेंट में बदल गए गैरेज, अक्सर थर्मोस्टेट सेटिंग की परवाह किए बिना असहज महसूस करते हैं।



**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## बांग्लादेश में मची सियासी हलचल, दिसंबर तक होंगे चुनाव

# बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख यूनुस दे सकते हैं इस्तीफा सेना प्रमुख बोले- निर्वाचित सरकार ही ले सकती है सही फैसले

एजेंसी ढाका

बांग्लादेश के अंतरिम सरकार प्रमुख प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं। उन्हें लगता है कि राजनीतिक दलों के बीच सहमति नहीं बन पाने के कारण काम करना मुश्किल हो रहा है। गुरुवार आधी रात को छात्रों के नेतृत्व वाली नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख एनहिद इस्लाम के हवाले से स्थानीय मीडिया ने यह खबर दी है। वहीं, बांग्लादेश की मौजूदा सियासी अशांति और अंतरिम सरकार की ओर से अगले संसदीय चुनावों के लिए स्पष्ट रोडमैप की घोषणा में नाकामी के बीच, देश के सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमान ने इस साल दिसंबर तक चुनाव कराने की इच्छा जताई है। सेना प्रमुख ने अंतरिम सरकार से कहा है कि सिर्फ निर्वाचित सरकार ही देश के भविष्य की दिशा निर्धारित करने संबंधी फैसले ले सकती है। सेना प्रमुख ने ढाका छावनी के सेना परिसर में अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार में कुछ विदेशी लोग गैर-जिम्मेदाराना काम कर रहे हैं। सेना और सरकार के बीच ऐसी बातें बताती हैं कि बांग्लादेश में सब कुछ ठीक नहीं है। बांग्लादेश के सेना प्रमुख ने 'भीड़ के हिंसा' पर कहा कि सेना अब कानून-व्यवस्था पर सख्त रुख करेगी। संगठित भीड़ के नाम पर अराजकता या हिंसा अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अंतरिम सरकार की ओर से स्पष्ट रोडमैप नहीं

राजनीतिक दलों और सेना से असहमति से यूनुस पर दबाव

### सेना ने किया रोहिंग्याओं के कॉरिडोर का विरोध



बांग्लादेश की सेना भी अपने देश से म्यांमार के रखाइन तक जाने वाले कॉरिडोर का विरोध कर चुके हैं। रखाइन वही इलाका है, जहां से भागकर रोहिंग्या बांग्लादेश और अन्य देशों पहुंच रहे हैं। बांग्लादेशी सेना का मानना है कि म्यांमार से यह कॉरिडोर सिर्फ बांग्लादेश की स्वायत्तता को ताक पर रख रहा है, जबकि इससे उसे कोई कूटनीतिक फायदा नहीं हो रहा। बैठक में कहा कि ऐसा कोई कॉरिडोर (रोहिंग्याओं के लिए) नहीं होगा। बांग्लादेश की स्वायत्तता पर कोई समझौता नहीं हो सकता। सिर्फ एक ऐसी

**दिसंबर तक चुनाव कराने की मांग**

*वकर उज-जमां ने इस पर भी जोर दिया कि बांग्लादेश में इस साल दिसंबर तक संसदीय चुनाव हो जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि सिर्फ एक चुनी हुई सरकार ही बांग्लादेश के भविष्य पर फैसला ले सकती है, न कि गैर निर्वाचित सरकार। आर्मी चीफ ने यह भी साफ कर दिया कि 1 जनवरी 2026 को बांग्लादेश में एक नई सरकार का सत्ता में होना बेहद जरूरी है। बता दें, पूर्व पीएम खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) समेत कई राजनीतिक दल दिसंबर तक संसदीय चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं।*

### देश की मौजूदा स्थिति में वे काम नहीं कर पाएंगे

नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख एनहिद इस्लाम ने स्थानीय मीडिया को बताया कि हम गुरुवार सुबह से सर (यूनुस) के इस्तीफे की खबर सुन रहे हैं। इसलिए मैं उस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए सर से मिलने गया था। एनसीपी संयोजक ने कहा कि मुख्य सलाहकार यूनुस ने आशंका जताई कि देश की मौजूदा स्थिति में वे काम नहीं कर पाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक राजनीतिक दल सहमति नहीं बना लेते, मैं काम नहीं कर पाऊंगा। एनसीपी प्रमुख ने कहा कि अगर राजनीतिक दल चाहते हैं कि यूनुस अभी इस्तीफा दे दें तो वह क्यों रहेंगे? अगर उन्हें विश्वास और आश्वासन का वह स्थान नहीं मिलता?


### बांग्लादेश में नए विदेश सचिव नियुक्त

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने गुरुवार को विदेश मंत्रालय में शीर्ष स्तर पर बदलाव करते हुए विदेश सचिव जाशिम उद्दीन को अस्थायी रूप से कार्यमुक्त कर दिया। विदेश मंत्रालय के एक आदेश के अनुसार, यह निर्णय लिया गया है कि विदेश सचिव जाशिम उद्दीन को जिम्मेदारियों से मुक्त किए जाने की पृष्ठभूमि में अग्रिम आदेश तक एम रुहुल आलम सिद्दीक विदेश सचिव के नियमित कामकाज संभालेंगे। विदेश मंत्रालय के एक महानिदेशक के हस्ताक्षर वाले संक्षिप्त आदेश में कहा गया कि यह 23 मई से प्रभावी होगा और इसे जनहित में जारी किया गया है।

---


## खबर संक्षेप

### ऑस्ट्रेलिया में बाढ़ से तबाही, 4 की मौत




**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तटीय इलाकों में भारी बारिश के चलते बाढ़ और तबाही का मंजर है। इस बाढ़ में चार लोगों की मौत हो गई है और एक व्यक्ति लापता है। गनीमत है कि अब बादल छंट गए हैं और मौसम साफ है, जिससे राहत और बचाव कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। बाढ़ और बारिश के चलते 50 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं। पूर्वी तटीय इलाकों में कम दाब का क्षेत्र बनने पर भारी बारिश हुई थी और अब यह कम दाब का क्षेत्र सिडनी की तरफ चला गया है। बाढ़ से कई सड़कें और पुल तबाह हो चुके हैं।

### दो माताएं 'माता-पिता' के रूप में होंगी रजिस्टर्ड




**रोम।** इटली के संवैधानिक न्यायालय ने गुरुवार को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। इस फैसले में कहा गया है कि अब दो महिलाएं जन्म प्रमाण पत्र पर एक बच्चे के 'माता-पिता' के रूप में पंजीकरण करा सकती हैं। न्यायालय ने कहा कि समान लिंग वाले माता-पिता वाले परिवारों में माता-पिता के अधिकारों की मान्यता केवल जैविक मां तक सीमित नहीं की जा सकती। एलजीबीटीक्यू प्लस के अधिवक्ताओं ने इस फैसले पर खुशी जताते हुए कहा कि आखिरकार जो हम हमेशा से कहते आ रहे थे, उसे मान्यता मिल गई है।

### मार्लेस बने ऑस्ट्रेलिया के डिप्टी पीएम और रक्षा मंत्री



**नई दिल्ली।** रिचर्ड मार्लेस फिर से ऑस्ट्रेलिया के डिप्टी पीएम और रक्षा मंत्री नियुक्त किए गए हैं। इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'ऑस्ट्रेलियन लेबर पार्टी' के नेता रिचर्ड मार्लेस को बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि ऑस्ट्रेलिया के डिप्टी पीएम और रक्षा मंत्री के रूप में फिर से नियुक्त होने पर मेरे मित्र रिचर्ड मार्लेस को हार्दिक बधाई। भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत करने के लिए सहयोग को जारी रखने की उम्मीद है।

### मुठभेड़ में 4 नक्सली ढेर, हथियार बरामद



**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस की विशेष कमांडो यूनिट सी-60 की 12 टीमें (करीब 300 जवान) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की संयुक्त कार्रवाई में 4 नक्सली मारे गए। यह मुठभेड़ महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित कवांडे क्षेत्र में हाल ही में स्थापित फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस के पास हुई। यह मुठभेड़ करीब दो घंटे तक चली। मौके से एक ऑटोमैटिक सेल्फ लोडिंग राइफल, दो आई303 राइफलें, एक बंदूक, वॉकी-टॉकी सेट, कैंपिंग सामग्री और नक्सली साहित्य बरामद किया।

---

## भारत की कूटनीतिक योजना से पस्त अपनी ही सरकार को कोसने में जुटे पाक सांसद

# पानी के बम की तरह है सिंधु समझौता स्थगन हम भूखे मर जाएंगे, इसे निष्क्रिय करना जरूरी

एजेंसी इस्लामाबाद

पाकिस्तान के सांसद सैयद अली जफर ने भारत की ओर से सिंधु जल संधि को निलंबित करने के प्रभाव को बहुत ही चिंताजनक अंदाज में समझाया है। उन्होंने इसे एक 'वाटर बम' बताया है। सांसद जफर ने शहबाज शरीफ सरकार से इस 'पानी के बम' को निष्क्रिय करने का आग्रह किया है। भारत ने यह कदम जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद उठाया था। विपक्षी दल पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के सांसद जफर ने सीनेट को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का 10 में से 9 व्यक्ति सिंधु नदी प्रणाली के पानी पर निर्भर है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इस संकट का समाधान नहीं किया गया तो बड़ी संख्या में लोग भूखे मर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि अगर हमने इस जल संकट को अभी नहीं सुलझाया, तो हम भूख से मर सकते हैं। इसका कारण यह है कि सिंधु बेसिन हमारी जीवन रेखा है। हमारे पानी का तीन-चौथाई हिस्सा देश के बाहर से आता है। हर 10 में से 9 लोग इस बेसिन के आधार पर अपना जीवन जी रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार, हमारी 90% फसलें इस पानी पर निर्भर हैं। हमारी सभी बिजली परियोजनाएं और बांध इसके पानी पर बने हैं। इसलिए हमें यह समझना होगा कि यह हमारे ऊपर लटकते हुए पानी के बम की तरह है - हमें इसे निष्क्रिय करना होगा, हमें इसे हल करना होगा।

हमारी 90% फसलें सिंधु प्रणाली पानी पर निर्भर

10 में से 9 लोगों के जीवन का आधार सिंधु बेसिन

### भारत से रोक हटाने के लिए गिड़गिड़ा रहा पाक



*सिंधु जल संधि पर लगी रोक हटाने के लिए पाकिस्तान लगातार भारत के सामने गिड़गिड़ा रहा है। लेकिन भारत ने दो टूक कह दिया है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद का समर्थन करना बंद नहीं करेगा, तब तक यह रोक जारी रहने वाली है। चार दिनों तक चले भारत-पाक में तनाव के बाद जब सीजफायर लागू किया गया, उसके बाद भी पाकिस्तान ने भारत को पत्र लिखकर जल संधि से रोक हटाने की गुहार लगाई थी। यह अपील पाकिस्तान के जल संसाधन मंत्रालय के सचिव सैयद अली मुर्तजा द्वारा भारत के जल शक्ति मंत्रालय की सचिव देबाश्री मुखर्जी को लिखे गए पत्र में की गई थी। वहीं, गुरुवार को भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि सिंधु जल संधि तब तक स्थगित रहेगी जब तक कि इस्लामाबाद सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद नहीं कर देता।*

### भारत से बम या लोग नहीं आते हमलावर हमारे ही लोग:फारूक



पाकिस्तान के सांसद उमर फारूक ने भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद देश की सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों की सार्वजनिक रूप से जमकर लताड़ा। उन्होंने बलूचिस्तान को लेकर भी अपनी सरकार की पोल खोली। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान में बम भारत से नहीं आ रहे हैं। वहां हमला करने वाले हमारे अपने लोग ही हैं। उनके बयानों ने पाकिस्तान सरकार के झूठे दावों की पोल खोल दी और उसके प्रोपेगैंडा को भी उजागर कर दिया।

### पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में शामिल कराएगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत एफएटीएफ के समक्ष पाकिस्तान को धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण रोधी नियमों का पालन करने में विफल रहने के कारण उसे अपनी 'ग्रे सूची' में वापस लाने के लिए मजबूत मामला रखेगा। एक सरकारी सूत्र ने यह जानकारी दी है। जो देश धन शोधन, आतंकवादी वित्तपोषण और प्रसार वित्तपोषण का मुकाबला करने के लिए अपने शासन में रणनीतिक कमियों को दूर करने में विफल रहते हैं, और जिन पर कड़ी निगरानी रखी जाती है, उन्हें फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे सूची में रखा जाता है।

**वर्ल्ड बैंक से भी बात करेगा भारत**

*पाकिस्तान की फंडिंग रोकने के लिए भारत वर्ल्ड बैंक से भी बात कर सकता है। पाकिस्तान की अगली कोशिश वर्ल्ड बैंक से राहत पैकेज और लोन पाने की है। हालांकि, भारत अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सटीक रणनीति के साथ पाकिस्तान की कलई खोलने में जुटा है। पाकिस्तान के लिए अब वैश्विक मंचों से अपना प्रोपगैंडा फैलाना आसान नहीं रहने वाला है।*

## फिर उजागर हुए ना'पाक' इरादे

# तूफान में फंसे विमान की मदद करने से भी पीछे हटा पाकिस्तान

एजेंसी नई दिल्ली



श्रीनगर में इंडिगो के विमान की आपात लैंडिंग के बारे में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बयान जारी कर पूरे वाकये की जानकारी दी है। विमानन नियामक ने बताया है कि 21 मई 2025 को, इंडिगो ए321 नियो विमान वीटी-आईएमडी ने उड़ान संख्या 6ई-2142 दिल्ली से श्रीनगर के बीच संचालित की गई। एफएल 360 पर उड़ान भरते समय, विमान पठानकोट के पास ओलावृष्टि और गंभीर टर्बुलेंस के क्षेत्र में प्रवेश कर गया। चालक दल के बयान के अनुसार, उन्होंने मार्ग पर खराब मौसम के कारण भारतीय वायुसेना के उत्तरी नियंत्रण से अंतरराष्ट्रीय सीमा से बाईं ओर जाने की अनुमति मांगी। हालांकि उन्हें मंजूरी नहीं दी गई। बाद में चालक दल ने खराब मौसम से बचने के लिए लाहौर (पाकिस्तान) से उनके हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए संपर्क किया। लेकिन उन्होंने भी मना कर दिया।

### खराब मौसम में जाने का फैसला किया

चालक दल ने शुरू में लौटने की कोशिश की लेकिन जब वे आंधी व बादल के करीब पहुंच गए तो, तो उन्होंने खराब मौसम में घुसने का फैसला किया। इसके बाद, उन्हें ओलावृष्टि और गंभीर टर्बुलेंस का सामना करना पड़ा। फिर अधिकतम परिचालन गति से जुड़ी समस्या आने लगी। चालक दल ने श्रीनगर की ओर सबसे छोटे मार्ग से मौसम से बाहर निकलने की कोशिश की उसी दौरान ऑटोपायलट ट्रिप हो गया और विमान की गति में बहुत अधिक बदलाव दिखा। इस अवधि के दौरान विमान की गति 8500 एफपीएम तक पहुंच गई। फ्लाइट में 227 लोग सवार थे। तेज झटकों के कारण सभी चीखने-चिल्लाने लगे थे।

### डीजीसीए जांच कर रहा

डीजीसीए के अनुसार, चालक दल ने विमान को तब तक मैन्युअल रूप से उड़ाया जब तक कि वे ओलावृष्टि से बाहर नहीं निकल गए। सभी चेक लिस्ट का पालन (ईसीएएम क्रियाएं) करने के बाद, चालक दल ने श्रीनगर एटीसी को पैन पैन घोषित किया और रडार वेक्टर के लिए अनुरोध किया। इसके बाद ऑटो थ्रस्ट के सामान्य रूप से संचालन के साथ सुरक्षित लैंडिंग की गई। विमान में सवार किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आई। विमान के नोज रेडोम (अगले हिस्से) को नुकसान पहुंचा है। डीजीसीए ने बताया है कि इस मामले की जांच की जा रही है।

---

## राष्ट्रीय सुरक्षा पर श्वेत पत्र में चीनी दावा

# भारत से सभी मुद्दे सुलझेंगे, भारत व भूटान से सीमा वार्ता सार्थक दिशा में

एजेंसी बीजिंग



चीन की राष्ट्रीय सुरक्षा पर एक नए श्वेत पत्र में कहा गया है कि भारत और भूटान के साथ सीमा मुद्दे को सुलझाने के लिए वार्ता सर्थक दिशा में आगे बढ़ रही है। मंदारिन भाषा में जारी 23 पेज के श्वेत पत्र में देश और इसकी एकदलीय राजनीतिक प्रणाली के समक्ष मौजूद आंतरिक और बाहरी खतरों का भी जिक्र किया गया है।

'नए युग में चीन की राष्ट्रीय सुरक्षा' शीर्षक वाले श्वेत पत्र में कहा गया है कि चीन ने अपने 14 में से 12 पड़ोसी देशों के साथ सीमा संबंधी मुद्दों को सुलझा लिया है तथा सीमा विवादों को सुलझाने के लिए भारत और भूटान के साथ बातचीत जारी है। खासतौर पर भारत से सभी मुद्दे सुलझाए जाएंगे। इसमें कहा गया है कि बीजिंग ने चीन और वियतनाम के बीच बेइबू खाड़ी के जल क्षेत्र का सीमांकन पूरा कर लिया है। नौ पड़ोसी देशों के साथ सीमा रक्षा सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं और 12 देशों के साथ सीमा रक्षा वार्ता तथा बैठक तंत्र स्थापित किए हैं। साथ ही नियमित रूप से मैत्रीपूर्ण दौरे, कार्य वार्ता, संयुक्त गश्त और संयुक्त सीमापार अपराध अभ्यास किए हैं।

## जर्मन चांसलर से मिले विदेश मंत्री एस जयशंकर, बोले-

# भारत रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने के लिए उत्सुक

एजेंसी बर्लिन

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्च ने से कहा कि भारत द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने और उसका विस्तार करने के लिए जर्मनी की सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक है। जयशंकर नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी के दौरे के अंतिम पड़ाव में बर्लिन में हैं।

जयशंकर ने एक्स पर लिखा कि बर्लिन में चांसल फ्रेडरिक मर्ज से मुलाकात कर सम्मानित महसूस कर रहा है। उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं। उनकी सरकार में हमारी रणनीतिक साझेदारी के आगे बढ़ने और विस्तार होने की उम्मीद है। भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में जर्मनी की ओर से एकजुटता की सराहना करता है।

### औद्योगिक साझेदारी पर की चर्चा



### वैश्विक मुद्दों पर विचार साझा किए

जयशंकर ने कहा कि उनकी जर्मनी के सांसदों के साथ भी अच्छी बातचीत हुई और भारत-जर्मनी संबंधों के निरंतर विकास के लिए उनके मजबूत समर्थन की सराहना की। विदेश मंत्री ने कहा, हमने आतंकवाद के सभी रूपों से लड़ाई में भारत की प्रतिबद्धता पर भी चर्चा की। साथ ही प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर विचार साझा किए।

जयशंकर ने बताया कि उन्होंने जर्मनी की अर्थव्यवस्था और उर्जा मंत्री कैथरीना रीचे से भी मुलाकात की। इस दौरान हमने प्रतिभाओं के आदान-प्रदान, औद्योगिकी साझेदारी और मिलकर काम करने के तरीकों पर चर्चा की, ताकि आपूर्ति श्रृंखलाओं को और ज्यादा मजबूत बनाया जा सके। एक अनिश्चित दुनिया में हमारी बढ़ती साझेदारी स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। हम संबंधों को मजबूत करने और भरोसे को बढ़ाने के लिए भी मिलकर काम करेंगे।

## घुसपैठियों पर एक्शन

# दिल्ली पुलिस ने 121 अवैध बांग्लादेशियों को पकड़ा, बड़े गिरोह पर शक गहराया



एजेंसी नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। दिल्ली पुलिस ने कथित तौर पर भारत में अवैध रूप से रह रहे 121 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। जिन्हें डिपोर्ट किया जाएगा। दिल्ली में पकड़े गए अवैध बांग्लादेशियों को लेकर उनके निर्वासन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जो विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के माध्यम से की जा रही है। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि एक सप्ताह में अवैध प्रवासियों को हिरासत में लिया गया है। इन सभी से पूछताछ की जा रही है। कैसे भारत में एंट्री मिली और कैसे यहां तक पहुंचे हैं। वहीं इस मामले पर पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) निधिन वलसन ने कहा कि देश में बाहर से आकर रह रहे अवैध प्रवेश और ठहरने में कथित रूप से शामिल एक संदिग्ध सिंडिकेट की जांच के लिए नरेला औद्योगिक क्षेत्र पुलिस स्टेशन में भी मामला दर्ज किया गया है। जिसकी जांच की जा रही है।

### 15 मई को पकड़े थे 361 बांग्लादेशी

*बीती 15 मई को दिल्ली में पुलिस ने छह जिलों में तीन दिनों के अंदर 361 से ज्यादा अवैध बांग्लादेशियों को पकड़ा था। इनमें से ज्यादातर को बांग्लादेशी वापस डिपोर्ट कर दिया गया है। बाकी को लामपुर और शाहजादपुर स्थित डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। जांच में बांग्लादेश से भारत में घुसने का नया रूट भी सामने आया है। सबसे ज्यादा 200 से ज्यादा अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया। उत्तर जिला पुलिस ने 46, द्वारका जिला पुलिस ने 25 से ज्यादा, दक्षिण जिला पुलिस ने 40 से ज्यादा को पकड़ा है।*

### एक नए रास्ते से भारत में करते हैं प्रवेश

बांग्लादेश से भारत में प्रवेश का नया रास्ता सामने आया है। ये बांग्लादेशी कूच बिहार की तरफ से खेतों से भारत में प्रवेश करते हैं। यहां ये कोलकाता के मालदा रेलवे स्टेशन पहुंचते हैं। इनके बाद ये ट्रेन से दिल्ली पहुंच जाते हैं। आरोपियों से पूछताछ में पता लगा कि कुछ बांग्लदेशियों ने भारत में खुद ही प्रवेश किया था, जबकि कुछ ने एजेंट के जरिए प्रवेश किया है।

---

## संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान को भेज रहे थे दो गद्दार

# भारत की जासूसी कर रहे दो आईएसआई एजेंट गिरफ्तार

एजेंसी वाराणसी

यूपी एटीएस ने भारत की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों आरोपी पाकिस्तान के लिए जासूसी करने में शामिल थे। गिरफ्तार लोगों की पहचान मोहम्मद हारून और तुफैल के रूप में हुई है। मोहम्मद हारुन दिल्ली में रहकर स्क्रैप का काम करता था और वो पाकिस्तान उच्चायोग में नियुक्त मोहम्मद मुजम्मिल हुसैन के साथ मिलकर पाकिस्तान का वीजा दिलवाने का काम करता था। हारुन ने दिल्ली समेत कई महत्वपूर्ण स्थान की जानकारियां मोहम्मद मुजम्मिल हुसैन को दी थीं। मुजम्मिल हुसैन को भारत सरकार पहले ही 'पर्सोना नॉन ग्राटा' घोषित कर देश से निकाल चुकी है।

एक पाक हाई कमीशन अधिकारी का करीबी निकला

दूसरा 600 पाकिस्तानी नागरिकों के संपर्क में था

### पाकिस्तानी व्हाट्सएप ग्रुप्स के लिंक वाराणसी में साझा किए



मोहम्मद हारून    तुफैल

दूसरा आरोपी तुफैल, वाराणसी से गिरफ्तार हुआ है। वह 600 पाकिस्तानी नागरिकों के संपर्क में था। उसने राजघाट, नमो घाट, ज्ञानवापी, वाराणसी रेलवे स्टेशन और लाल किला की तस्वीरें पाकिस्तान भेजीं। तुफैल ने पाकिस्तानी व्हाट्सएप ग्रुप्स के लिंक वाराणसी में साझा किए ताकि लोग सीधे पाकिस्तान से जुड़ सकें। वह पाकिस्तान सेना के एक अधिकारी की पत्नी नफीसा के संपर्क में था। तुफैल पर आरोप है कि उसने तहरीक-ए-लब्बैक के नेता मौलाना शाद रिजवी के वीडियो और बाबरी मस्जिद का बदला लेने व शरीयत लागू करने से जुड़े संदेश भी व्हाट्सएप ग्रुप्स में साझा किए। एटीएस अब इस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

**शहजाद पर नया खुलासा**

### आईएसआई एजेंटों को फर्जी नाम पर सिम दिलवाई



टांडा (रामपुर)। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार टांडा निवासी शहजाद तीन बार पाकिस्तान जा चुका है। एक बार वह पत्नी को लेकर भी गया था। इसके अलावा वह 10 बार सऊदी अरब भी जा चुका है। शहजाद को एटीएस ने 18 मई को मुरादाबाद से गिरफ्तार किया था। एटीएस जांच में खुलासा हुआ है कि शहजाद ने भारत में रह रहे आईएसआई एजेंटों को फर्जी नाम-पते पर सिम कार्ड दिलवाए और रुपयों की भी व्यवस्था की। इन सिम कार्ड्स का इस्तेमाल पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स से संपर्क में रहने के लिए किया जाता था।

## खबर संक्षेप

### संभागीय कुशवाहा समाज की चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ

**जबलपुर।** संभागीय कुशवाहा समाज के पदाधिकारियों के चुनाव आगामी त्रैवार्षिक के लिए होना है, पिछली बैठक में सभी की सहमति से चुनाव अधिकारी एड. गोपाल पटेल को नियुक्त किया गया। चुनाव अधिकारी ने बताया कि निर्विघ्न एवं पारदर्शी चुनाव कराने के लिए प्रकाश पटेल के कार्यालय पीसी ज्वेलर्स राइट टाउन में कार्यालय का शुभारंभ आज प्रातः 10 बजे किया जाएगा, जहां एक सप्ताह तक निर्वाचन संबंधी कार्य की जानकारी पूर्वान्ह 11 बजे से 01 बजे तक सहायक चुनाव अधिकारी एड. कुंवर सिंह पटेल द्वारा दी जाएगी।

### लोक संगीत अलंकरण समारोह कल

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती कला वीथिका में 25 मई को शाम 06 बजे गूंज मंच द्वारा आयोजित लोक संगीत समारोह में देश की सुप्रसिद्ध लोक संगीत गायिका विदुषी रजनी देवी अरजरिया को लोक गंधर्व रुद्रदत्त दुबे राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। आकाशवाणी उप महानिदेशक प्रदीप कुमार पटले, डॉ. स्मृति शुक्ल, डॉ. बैजनाथ गौतम, डॉ. गीता गीत, रवि किरण साहू के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस समारोह में माधुरी उमेश मिश्रा, मनीष तिवारी एवं नीरज शुक्ला ने रसिकजनों से उपस्थिति का अनुरोध किया है।

### संपूर्ण ब्राह्मण मंच ने की परशुराम की महाआरती

**जबलपुर।** सत्य के लिए असत्य को पराजित करना, भारतीय सेना का पराक्रम गीता के महान नायक भगवान वासुदेव का आधार हमारी संस्कृति का जीवन है ऑपरेशन सिंदूर सत्य को उजागर करना है पहलगाम के आतंकियों ने भारतीय संस्कृति को चुनौती दी उसका परिणाम ऑपरेशन सिंदूर है, आज भारतीय सेना एवं उसके कर्तव्य पथ की भूरी-भूरी प्रशंसा हमारी संस्कृति की झलक संपूर्ण विश्व को आतंक समाप्त करने के लिए प्रेरित कर रही है, आज पूरा विश्व भारत का नेतृत्व स्वीकार कर रहा है भारत सत्य का प्रतीक है। न्याय दृष्टांत के लिए गीता के महाभारत का युद्ध और उसकी शक्ति एवं भक्ति स्वयं ईश्वर द्वारा रचा गया है।

# शनि जयंती पर 2 दिवसीय महोत्सव 26 से

## राम चरित मानस पाठ एवं 56 भोग के साथ महाभिषेक होगा

**जबलपुर।** हिंदू पंचांग के अनुसार हर साल ज्येष्ठ महीने के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को शनि जन्मोत्सव का पर्व मनाया जाता है। इस दिन शनि देव का जन्म हुआ था तभी से ये दिन शनि जन्मोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है. शनि देव के भक्त इस दिन व्रत रखते हैं और विधि-विधान के साथ शनि देव की उपासना करते हैं ।श्री शनि जन्मोत्सव पर 27 मई मंगलवार को तिलवारा स्थित प्राचीन शनिदेव मंदिर में विभिन धार्मिक कार्यक्रम होंगे। दिव्य 56 भोग के साथ भव्य महोत्सव आयोजित किया जाएगा। 26 - 27 मई श्री रामचरित मानस पाठ , शाम 6 बजे शनि महाभिषेक, मथुरा वृंदावन से आये महाराज द्वारा निर्मित 56 भोग अर्पण , पुष्प श्रृंगार,दिव्य आरती व पूरे दिन भंडारे का आयोजन किया गया है। मंदिर के व्यवस्थापक पं. सतीश तिवारी ने बताया कि इस साल शनि जंयती का पर्व बेहद खास माना जा रहा है. श्री शनि जन्मोत्सव वट सावित्री अमावस्या के दिन ही मनाया जाता है। वैदिक पंचांग के अनुसार, इस दिन कृतिका और रोहिणी नक्षत्र के



साथ सुकर्मा योग बन रहा है। शनि जयंती पर शनिदेव की पूजा करने से साढ़ेसाती और शनि की पीड़ा से छुटकारा मिलता है। मान्यता है कि इस खास योग में शनिदेव की पूजा करने से आपको बहुत ही शुभ फलों की प्राप्ति होती है ।

इस दिन पवित्र स्थानों एवं नर्मदा घाटों में श्रद्धालुओं द्वारा पुण्य की डुबकी लगाई जाएगी। शास्त्रों के अनुसार इस शुभ अवसर पर पवित्र नदियों में स्नान करने के साथ ही दान पुण्य करना विशेष पुण्यकारी माना गया है। स्नान व दान पुण्य से लोगों को जीवन में कष्टों से मुक्ति मिलती है । पुराणों में वर्णित है कि शनिदेव की महादशा या साढ़ेसाती से परेशान जातकों को शनि जन्मोत्सव के दिन शनिदेव की पूजा जरूर करनी चाहिए। इस दिन पूजा करने से शनिदेव अति प्रसन्न होते हैं। श्री शनिधाम तिलवारा मे विधि विधान से पूजन अर्चन करने का आग्रह पं सतीश जी महाराज, पं. अनिल मिश्रा, नितिन शर्मा ,विध्येश भापकर , नितिन भाटिया ,संजय तिवारी ,शुभम तिवारी, सोनू कुररिया, राज सिंह,नितेश राजपूत, हितेश पटेल, विवेक पाण्डेय, राकेश कुशवाहा , शिवा तिवारी, अशोक साहू, गणेश साहू, विजय पटेल, विजय ठाकुर, ने किया है



# श्रीमद्भागवत कथा षष्ठम दिवसः रूक्मिणी विवाह महारास का किया भावपूर्ण वर्णन

**जबलपुर।** अग्रवाल धर्मशाला ग्वारीघाट (दरोगाघाट) पर मुरैना के सिकरवार परिवार द्वारा चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन पूज्य सिया बल्लभदास वेदांती महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के महा रासलीला और रुक्मिणी विवाह से संबंधित प्रवचन सुनाया तथा श्रीमद्भागवत में भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला को विस्तारपूर्वक बताया। कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की, भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया, अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने रास का आयोजन किया इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया, सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण ने रास शुरू किया, रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने इस प्रकार सब राजाओं को जीत लिया और विदर्भ राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधि पूर्वक पाणिग्रहण किया उस समय द्वारकापुरी के घर-घर में बड़ा ही उत्सव मनाया जाने लगा, क्यों न हो वहां के सभी लोगों का यदुपति श्रीकृष्ण के प्रति अनन्य प्रेम जो था, वहां के सभी नर-नारी मुनियों के चमकीले कुण्डल धारण किये हुए थे उन्होंने आनंद से भरकर चित्र-विचित्र वस्त्र पहने दूल्हा और दुल्हिन को अनेक भेंट की सामग्रियां उपहार दीं। श्रीमद्भागवत कथा में तुलसी पूजन भी सिकरवार परिवार द्वारा किया गया, भगवान श्रीकृष्ण रूक्मिणी विवाह में श्रद्धालु भक्तों ने जमकर नृत्य किया।

# पशुपालन के क्षेत्र में अनुसंधान की आवश्यकता

## वीयू की अनुसंधान परिषद की बैठक में कुलगुरु के उद्गार

**जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में शुक्रवार को विश्वविद्यालय के सभागार में छठवें अनुसंधान परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विश्वविद्यालय में चल रही विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं की समीक्षा की गई। कुलगुरु प्रो मनदीप शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में डॉ नीलेश शर्मा प्रोफेसर वेटरनरी मेडिसिन शेरे कश्मीर यूनिवर्सिटी जम्मू ,डॉ ए साहू डायरेक्टर आईसीएआर नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ एनिमल न्यूट्रिशन एंड फिजियोलॉजी बैंगलोर तथा डॉक्टर विशेष कुमार सक्सेना पूर्व डायरेक्टर रिसर्च बी ए एस यू - पटना बिहार से विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर मनदीप शर्मा द्वारा



उद्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय के विभिन्न इकाईयो में चल रहे अनुसंधान कार्य में नवाचार ,नई तकनीक शामिल करते हुए उसे स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र छात्राओं को भी अवगत कराया जाए। उन्होंने आगे कहा कि आज पशुपालन के क्षेत्र में बुनियादी के साथ-साथ उपयोगी अनुसंधान की भी अत्यधिक आवश्यकता है।

समीक्षा बैठक में प्रमुख अन्वेषकों द्वारा परियोजना का प्रगति प्रतिवेदन पावर पॉइंट द्वारा प्रस्तुत किया गया साथ ही उपस्थित विशेषज्ञ द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए।

# विद्यार्थियों ने जानी रेडीमेड गारमेंट मैन्यूफैक्चरिंग की प्रकिया

## विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

**जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय, जबलपुर, म.प्र. में अध्ययनरत स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थियों को उद्योगों से प्रत्यक्ष रुप में संपर्क कराने हेतु शुक्रवार को औद्योगिक भ्रमण कराया गया। विद्यार्थियों को गारमेन्ट क्लस्टर, गोहलपुर, जबलपुर का औद्योगिक भ्रमण किया। प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग, जबलपुर ने बताया कि विद्यार्थियो को औद्योगिक भ्रमण में गारमेंट क्लस्टर, गोहलपुर, जबलपुर ले



जाया गया। जहाँ पर रेडीमेड गारमेंट्स का निर्माण होता है। इस क्लस्टर में सलवार सूट, शर्ट, ट्राउजर, कुर्ता-पायजामा, लोअर, कुर्ती, वेडिंग सूट, स्कूल ड्रेस, लैगिंग्स और जीन्स के पैंट-शर्ट बनाए जाते हैं। विद्यार्थियों को रेडीमेड गारमेंट मैन्यूफैक्चरिंग की प्रकिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को अपैरल ट्रेनिंग एंड डिजाईन सेंटर का विजिट कराया गया। जहाँ पर विद्यार्थियों ने फेब्रिक पेटिंग, ड्राइंग, नोटबुक, स्कैचिंग, हस्तनिर्मित कढ़ाई-बुनाई, स्टिचिंग, सलवार कुर्ती, शर्ट, वूमन पेंट, पारंपारिक परिधान को तैयार करने की प्रकिया को जाना एवं समझा। विद्यार्थियों ने गारमेंट क्लस्टर की कार्यप्रणाली एवं कंपनी मे रोजगार/स्वरोजगारों के अवसरों की जानकारी प्राप्त की।

दीपक जैन, प्रबंध निदेषक, जबलपुर गारमेंट एवं फैषन डिजाइन क्लस्टर, जबलपुर द्वारा विद्यार्थियों को गारमेंट मैन्यूफैक्चरिंग की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

औद्योगिक भ्रमण में डॉ. राजीव मिश्रा, डॉ. महेन्द्र कुशवाहा, डॉ. मीनाक्षी मेरावी, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. सौरव राय, डॉ. सुशील ठाकरे, मनीष कुमार रघुवंशी के साथ महाविद्यालय के 42 विद्यार्थी उपस्थित रहें।



# भारत माता के जयकारों के साथ निकली तिरंगा यात्रा

**जबलपुर।** कटंगी नगर में विगत दिनों पाकिस्तान के साथ युद्ध में भारत की सेना ने अभूतपूर्व शौर्य ओर धैर्य का परिचय दिया हैं,जो ऑपरेशन सिंदूर किया था उसके लिए सेना के सम्मान मैं विधायक अजय विशनोई के नेतृत्व मैं तिरंगा यात्रा निकाली गई,जिसमे नगर तथा आसपास के सभी युवा वर्ग सहित वरिस्टजन सम्मलित हुये। तिरंगा यात्रा नगर परिषद सामुदायिक भवन से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई वापस सामुदायिक भवन में समापन हुआ इस दौरान विधायक अजय विशनोई,नगर परिषद अध्यक्ष अमिताप साहू,जिला पंचायत सदस्य सत्येन्द्र सिंह,मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि स्वपनिल अग्रवाल, कमलेश ताम्रकार, डॉ राजेश ठाकुर,विक्की जैन,दिनेश चौरसिया,सहित सभी सम्मलित रहे।

# एलएलबी पांचवे सेमेस्टर की स्पेशल एटीकेटी परीक्षा करवाने की मांग



**जबलपुर।** महाकौशल लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन द्वारा दो सूत्रीय मांगो को लेकर डी. एस. डब्ल्यू. विवेक मिश्रा द्वारा कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। एसोसिएशन अध्यक्ष अंकुश चौधरी ने बताया की सत्र 2024 एलएलबी के पांचवे सेमेस्टर के एटीकेटी छात्रों की स्पेशल एटीकेटी परीक्षा छठवे सेमेस्टर परिक्षा के पहले कारवाई जाए, क्योंकि एलएलबी पांच वर्ष मे करना होता है यदि स्पेशल एटीकेटी परीक्षा नहीं कारवाई जाती हैं तो सैकड़ों विधि छात्रों का भविष्य खराब हो रहा हैं, फिर पूरे एक साल छात्रों को इंतजार करना होगा. इस अवसर पर अंकुश चौधरी, रोहित कुरील, अमित पटेल, एड. मोहित प्यासी, एड पवन रैदास, सुरेंद्र शर्मा, अभिरूप चंसौरिया, हर्ष प्रताप, राहुल चौधरी, आशिका चौधरी, शक्ति कश्यप, साहिल कोरी उपस्थित रहें।

# समर कैंप का हुआ रंगारंग समापन

## समर कैम्प में छात्र-छात्राओं ने की उत्साहपूर्वक सहभागिता

**जबलपुर।**

शासकीय माध्यमिक शाला सुभाष नगर रानीताल में अक्षर फाउंडेशन द्वारा आयोजित समर कैंप का समापन कार्यक्रम बीआरसी डीसी अहिरवार एवं बीएसी अजय रजक के आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, माँ सरस्वती वंदना एवं पूजन के साथ हुआ। छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम कार्यक्रमों का प्रस्तुतिकरण किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एवं सहभागिता करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समर कैम्प जीवन दायनी मां नर्मदा पर आधारित था, कार्यक्रम में मां



नर्मदा पर आधारित जानकारी, उद्गम से लेकर तटीय क्षेत्र में बसी आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरण संरक्षण, जल प्रदूषण रोकने, जल संरक्षण संबंधित जानकारी प्रदान की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। उन्होंने अपने आसपास पड़ोस में मित्रों को भी जागरूक करने की बात कही, विभिन्न आनंदमयी गतिविधियों एवं खेलों के माध्यम से बुनियादी दक्षता, कौशल सीखा। कैंप में प्रार्थना सभा से शुरुआत होकर व्यायाम, खेलकूद, आर्ट एंड क्राफ्ट, ड्राइंग, पेंटिंग, किचन गार्डनिंग, मूवी स्क्रीनिंग, विभिन्न आकर्षक सेल्फी पाइंट, वोकेशनल क्लास, पीयर लर्निंग, बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर आधारित खेल, शारीरिक कौशल पर आधारित बहुत सी गतिविधियां कराई गईं।

इस अवसर पर बीआरसी डीसी अहिरवार, बीएसी अजय रजक, प्रधानाध्यापक ललिता उरैती, अक्षर फाउंडेशन के योगेंद्र एवं सदस्य सहित विद्यालय के शिक्षक व बड़ी संख्या में अभिभावकगण उपस्थित रहे।



# शिविर में वालीबाल प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थी

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद का मशाल परिसर स्थित वालीबाल कोर्ट नयी संभावनाओं के रूप में उभर रहा है। ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में स्कूल के साथ कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी वालीबाल में गहरी रूचि दिखायी है। लम्बे अर्से के पश्चात विद्युत परिवार में एक बार फिर वालीबाल खेल पुनर्संगठित होते दिख रहा है। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता व अन्य पदाधिकारियों ने वालीबाल प्रशिक्षण शिविर का निरीक्ष करने के पश्चात संभावना व्यक्त की कि परिषद के तत्वावधान में लगातार बारहवीं बार आयोजित वालीबाल प्रशिक्षण शिविर में 24 लड़के-लड़कियों के शामिल होने से सभी लोग उत्साहित हैं। पिछले वर्षों की तुलना में शिविर में प्रतिभागियों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। शिविर में शामिल हुईं सात लड़कियों ने वालीबाल खेलने के प्रति उत्साह दिखाया है, जो कि इस खेल के प्रति शुभ संकेत है।

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS RAJEEV ANAND I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I,SHALL BE KNOWN AS RAJIV ANAND W/O DHARAM PAL ANAND RESIDENT OF-2504, AZAD NAGAR, CHANDRA SHEKHAR WARD, RANJHI, MONEGAON, JABALPUR (M. P.) 482005.



### पर्यावरण जागरूकता पर व्याख्यान सत्र का किया आयोजन

**जबलपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय में भारत सरकार एवं पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (म.प्र. शासन) के निर्देशानुसार, विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम "Ending Plastic Pollution Globally" के अंतर्गत 23 मई 2025 को महाविद्यालय के ईको क्लब द्वारा, पर्यावरण जागरूकता पर व्याख्यान सत्र का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएस चंडोक के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एनवायरनमेंटल साइंस सेक्शन, इंडियन साइंस कांग्रेस एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं जीव विज्ञान विभाग (रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय) के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एस.एस. संधू, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.एस. चंडोक, महाविद्यालय के जीव विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष शिखा पाराशर एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. हर्षिता शुक्ला मंचासीन रहे। प्राचार्य ने स्वागत उद्बोधन दिया, जिसमें उन्होंने इस वर्ष 2025 की विश्व पर्यावरण दिवस की थीम प्लास्टिक प्रदूषण और उसके समाधान के लिए सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को शपथ दिलाई. कि "हम प्लास्टिक का उपयोग अपने दैनिक जीवन में नहीं करेंगे।" इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. मनीष शाह, डॉ. शिवमणि मिश्रा, डॉ. अंजू पाठक, डॉ. विपिन राय, डॉ. विमल शुक्ला, डॉ. रोहित वर्मा, डॉ. संध्या कोष्टा, डॉ. शशि दुबे, डॉ. जीसी राय, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. आरती शुक्ला, डॉ. रत्नेश नामदेव अन्य सभी प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही।

# खेलो इण्डिया के तहत संडे ऑन साइकिलिंग रैली पत्रकारों के साथ कल

**जबलपुर, हरिभूमि।** भारत सरकार खेल मंत्रालय की खेलो इंडिया योजना की फिट इंडिया मिशन पहल के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण, (साई) जबलपुर द्वारा प्रत्येक रविवार की तरह इस रविवार को संडे ऑन साइकिलिंग रैली दिनांक 25.05.2025 को प्रातकालः 06:30 बजे शहर के सभी पत्रकारों और मिडिया पेशेवरों के साथ मिलकर आयोजित की जा रही है । साइकिंलिग रैली रानीताल, स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स से आरंभ होगी तथा बल्देवबाग से ऊखरी रोड होते हुए वापस रानीताल, स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, में समाप्त होगी । सभी साइकिलिस्ट 06 किलोमीटर तक निर्धारित रुट पर साइकिल चलायेगें। ताकि अभियान की पहुँच और प्रभाव को बढ़ाया जा सके । विदित हो कि खेलों इंडिया योजना की फिट इंडिया पहल के तहत और फिटनेस को हमारी दिनचर्या में शामिल करने के उद्देश्य से, केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री ने 17 दिसम्बर 2024 को नई दिल्ली में फिट इंडिया साइकिलिंग अभियान का उद्घाटन किया था, जिसमें 500 से अधिक साइकिलिंग उत्साही लोगों ने भाग लिया था। यह साइकिलिंग पहल तब से संडे ऑन साईकिल के बैनर तले एक राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में विकसित हुई है, जिसे देश भर में, 5500 से अधिक स्थानों पर आयोजित किया जाता है और लगभग 3 लाख साईकिल चालक इसमें शामिल होते है।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र. 11/25-26/ दिनांक 23-05-2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मनोज कुमार पिता श्री जगदीश प्रसाद श्रीमति ज्योति माला पति श्री मनोज कुमार ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक ख.क्र. 17/5-39/8 का भाग भू.क्र.-9 बिलहरी सम्पत्ति पिन क्रमांक 1000383023 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 940 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री विश्वजीत कुमार विद्यार्थी पिता श्री विजय प्रसाद विद्यार्थी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगरनिगम, जबलपुरमेंप्रमाणं सहित आपत्तिप्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**नाम सुधार सूचना**

मैं, हेमेन्द्र कुमार सैयाम पिता जमना प्रसाद सैयाम उम्र 38 वर्ष निवासी मकान नं. 62/2 वार्ड नं. 4 ग्राम भीमलाट बिरसा, बहेराखर मलाजखंड बालाघाट म.प्र. वर्तमान जबलपुर म.प्र. का शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूँ कि:-1. यह कि, मैं शपथकर्ता उपरोक्त वर्णित स्थान का मूल निवासी हूँ। 2. यह कि, मैं शपथकर्ता म.प्र. उच्च न्यायालय में जूनियर जुडिशियल असिस्टेंट के पद पर कार्यरत हूँ मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम हेमेन्द्र कुमार सैयाम दर्ज है मैं अपने सर्विस रिकार्ड में दर्ज नाम हेमेन्द्र कुमार सैयाम के स्थान पर हेमेन्द्र सैयाम दर्ज कराना चाहता हूँ। 3. यह कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड में मेरा नाम हेमेन्द्र सैयाम दर्ज है तथा हेमेन्द्र कुमार सैयाम व हेमेन्द्र सैयाम दोनों ही नाम मुझ शपथकर्ता के है। किसी अन्य व्यक्ति के नहीं है। 4. यह कि मुझ शपथकर्ता की म.प्र. उच्च न्यायालय की सेवापुस्तिका में मेरा सही नाम हेमेन्द्र सैयाम दर्ज किया जावे एवं भविष्य में मुझ शपथकर्ता को हेमेन्द्र सैयाम के नाम से जाना-पहचाना पढ़ा व समझा जावे।

# एलन कोटा में सरकारी स्कूलों के छात्रों को मिलेगी नीट की निःशुल्क कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोटा

एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास एवं एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षा संबल योजना की वर्ष 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। योजना के दूसरे वर्ष नीट-2026 के लिए पोस्टर का विमोचन एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के संकल्प कैम्पस में किया गया। इस अवसर पर एलन के निदेशक डॉ.गोविंद्र माहेश्वरी, डॉ.नवीन माहेश्वरी व डॉ.बृजेश माहेश्वरी मौजूद रहे।योजना के बारे में जानकारी देते हुए न्यास के ट्रस्टी डॉ.नवीन माहेश्वरी ने बताया कि देश के 7 हिन्दी भाषी राज्यों के सरकारी स्कूलों के हिन्दी माध्यम के चयनित विद्यार्थियों को नीट-2026 की तैयारी के लिए निःशुल्क शिक्षा, आवास और भोजन सुविधा के लिए यह योजना का दूसरे वर्ष है। परीक्षा में सत्र 2024-25 में जीव विज्ञान विषय से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे। परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि 7 जून है तथा 22 जून को देश के 7 राज्यों में 63 परीक्षा केन्द्रों पर होगी।

### शिक्षा संबल योजना की वर्ष 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू



### परमार्थ न्यास की ओर से निःशुल्क आवास व भोजन की व्यवस्था

जुलाई में जारी होने वाले परीक्षा के परिणाम के आधार पर चयनित 126 विद्यार्थियों को एलन कोटा में एलन की ओर से एक साल के लिए निःशुल्क कोचिंग और परमार्थ न्यास की ओर से निःशुल्क आवास व भोजन की व्यवस्था दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में निर्धन व प्रतिभावान विद्यार्थियों के सपने पूरे करने के लिए गठित एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास की ओर से शिक्षा संबल योजना शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि इसके पीछे प्रेरणास्रोत वैकुंठवासी लक्ष्मीनारायण माहेश्वरी हैं, जिन्होंने हमें शिक्षा का महत्व समझाते हुए, परमार्थ की सीख दी। इसीलिए ट्रस्ट का नाम एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास रखते हुए कार्य शुरू किया गया है। योजना में 12वीं पास 126 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। 81 छात्राएं एवं 45 छात्रों का चयन किया जाएगा। चयन के लिए उन्हीं परिवारों के विद्यार्थी पात्र होंगे जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय 3 लाख से कम है।

### किए जा सकते है ऑफलाइन निःशुल्क आवेदन

*न्यास के ट्रस्टी डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि इसके लिए बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड में स्थित एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के स्टडी सेंटर्स पर ऑफलाइन निःशुल्क आवेदन किए जा सकते हैं। यह परीक्षा इन सात प्रदेशों के 63 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी। आवश्यक पात्रता के तहत विद्यार्थी को 12वीं विज्ञान में औसत 50 प्रतिशत तथा फिजिक्स, कैमेस्ट्री व बॉयलोजी में भी 50 प्रतिशत प्राप्तांक होना जरूरी है। प्रश्नपत्र का प्रारूप बहुविकल्पी प्रश्न का होगा, कुल 120 प्रश्न दिए जाएंगे, जो कि 12वीं विज्ञान परीक्षा पर ही आधारित होंगे। इनमें से 100 प्रश्न करने होंगे। भौतिक विज्ञान में 30 में से 25, केमिस्ट्री में 30 में से 25 तथा जीव विज्ञान में 60 में से कोई 50 प्रश्नों का उत्तर देना होगा। पोस्टर विमोचन के साथ ही सभी सातों राज्यों में परीक्षा केन्द्रों की संख्या और आवेदन भरने की प्रक्रिया की भी जानकारी दे दी गई। बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड में एलन कॅरियर इंस्टीट्युट के स्टडी सेंटर्स पर आवेदन फार्म उपलब्ध होंगे तथा वहां पूर्ण आवेद न भरकर परीक्षा के लिए आवेदन किए जा सकते हैं।*

## परवान चढ़ी मिलर्स की मुनाफाखोरी, भुगत रहा ग्राहक

# 1700 रुपए का जार 2100 में, 110 रु. का तेल पाउच और बॉटल मिल रहा 135 से 140 रुपए में

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

स्थानीय तेज बाजार में मिलर्स की मुनाफाखोरी परवान चढ़ी हुई है। मिलर्स घटतौली के साथ घटे भाव का लाभ नहीं देकर ग्राहकों पर दोहरी बार कर रहे हैं। शुरू साल से अभी तक खाद्य तेल सोयाबीन और सरसो तेल के दाम में 30 से 35 फीसदी की जबरदस्त गिरावट आई है। लेकिन मिलर्स वजन में कम तेल देकर ग्राहकों से खूली लूट कर रही हैं।

आमतौर पर जार में 13 किलो 650 ग्राम तेल का भराव होता है तो पाउच में 900 ग्राम तेल होता है, मगर मौजूदा समय में ऐसा नहीं हैं। तेल मिलर्स जार में 1300 किलो और पाउच में 800 ग्राम तेल भर रही बाजार में बिक्री के लिए तेल व्यापारियों को उपलब्ध करा रही हैं। जिसके चलते 1700 रुपए का जार में भरा तेल ग्राहकों को 2100 रुपए में मिल रहा है वहीं 110 रुपए का पाउच में भरा तेल ग्राहकों को 135 से 140 रुपए में खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। गौरतलब है कि तेल मिलर्स और कंपनियों का घटतौली और घटे भाव का लाभ नहीं देने का यह गोरखधंधा राजधानी भोपाल ही नहीं समूचे भारत वर्ष में धड़ल्ले से चल रहा है। स्थानीय तेल बाजार हनुमानगंज, जुमेराती के तेल ब्रोकर रमाकांत तिवारी के अनुसार सरकार एक तरफ महंगाई पर अंकुश लगाने के प्रयास पर प्रयास करने में जुटी हुई है तो दूसरी तरफ मुनाफाखोर मिलर्स और कंपनियां सरकार की आंख में धूल झोंकने का काम कर ग्राहकों को खुली लूट करने में जुटे हुए हैं।

### भोपाल में प्रतिदिन 30 से 40 करोड़ रुपए का तेल व्यापार



### खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतों पर सरकार की गहरी नजर

*केंद्र सरकार समूचे देश में खाद्य तेलों की समुचित आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा कीमतों में तेजी पर अंकुश लगाने का प्रयास कर रही है। पिछले कुछ महीनों से देश में खाद्य तेलों का आयात कम हो रहा है और बंदरगाहों पर तथा पाइप लाइन में इसका स्टॉक काफी घट गया है। वैश्विक बाजार में भाव ऊंचा चल रहा और देश में इस पर ऊंचे स्तर का आयात शुल्क भी लगा हुआ है। सरकार ने आम लोगों से खाद्य तेलों की खपत घटाने की अपील की है। स्वस्थ आहार आदतों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर खाद्य तेल के उपयोग में कटौती का अभियान चलाया जा रहा है। केन्द्रीय खाद्य सचिव के अनुसार खाद्य तेलों के खुदरा मूल्य में आई तेजी पर सरकार की गहरी नजर है और इसके कारणों का पता लगाया जा रहा है। इसके स्टॉक पोजीशन का आंकलन हो रहा है। बंदरगाहों पर आयातित खाद्य तेलों की खेप को जल्दी-जल्दी क्लीयरेंस दिया जा रहा है। पिछले चार महीनों से पाम तेल का बहुत कम आयात हो रहा है।लेकिन अब नया आयात होने और सरसों की जोरदार क्रशिंग जारी रहने से खाद्य तेलों की आपूर्ति एवं उपलब्धता में सुधार आने तथा कीमतों में नरमी का माहौल बनने की संभावना है।*

### बाजार में करीब 100 से अधिक ब्रांड वाले तेल मौजूद

तिवारी के अनुसार राजधानी भोपाल में 30 से 40 करोड़ रुपए रोजाना का तेल का व्यापार होता है। स्थानीय बाजार में छोटे-बड़े मिलर्स के करीब 100 से अधिक ब्रांड वाले तेल मौजूद है। ब्रोकर खाद्य तेल के दामों में गिरावट आने के बावजूद उपभोक्ताओं को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। यह स्थिति कई कारणों से बनी हुई है,जिनमें आयात में कमी, घरेलू उत्पादन में वृद्धि और कुछ तेलों की कीमतें अभी भी उच्च बनी हुई हैं। खाद्य तेल की कीमतों में गिरावट का लाभ ग्राहकों तक नहीं पहुंच पा रहा है, भले ही आयात शुल्क घटाने और अन्य उपायों से तेल की कीमतें कम हो गई हों। उद्योग और किसान परेशान हैं, जबकि कारोबारी लाभ कमा रहे हैं।

## अगले 10 सालों में 1 लाख करोड़ का इंवेस्टमेंट करेगा अडाणी ग्रुप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



उद्योगपति गौतम अडाणी ने पूर्वोत्तर राज्यों में ग्रीन एनर्जी, सड़क निर्माण और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए अगले 10 वर्षों में 50,000 करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि उनका समूह नॉर्थ ईस्ट में अपनी उपस्थिति का विस्तार करना चाहता है। इससे पहले अडाणी ग्रुप ने फरवरी में असम में 50,000 करोड़ रुपए का निवेश करने की घोषणा की थी। अडाणी ग्रुप ने पूर्वोत्तर राज्यों में अभी तक एक लाख करोड़ रुपए के निवेश का कमिटमेंट जताया है।

गौतम अडाणी ने 'राइजिंग नॉर्थईस्ट इन्वेस्टर्स समिट' में कहा कि उनके समूह की पहल स्थानीय नौकरियों, स्थानीय उद्यमशीलता तथा सामुदायिक जुड़ाव को प्राथमिकता देगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में अडाणी ने कहाकि तीन महीने पहले, असम में हमने 50,000 करोड़ रुपए का निवेश करने का वादा किया था। अडाणी ग्रुप अगले 10 वर्ष में पूर्वोत्तर में 50,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगा। यह निवेश स्मार्ट-मीटर, हाइड्रो पंप स्टोरेज, पावर ट्रांसमिशन, सड़क एवं राजमार्ग, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स के साथ ही 'स्किलिंग एवं वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर' के माध्यम से क्षमता-निर्माण सहित ग्रीन एनर्जी का विस्तार करेगा।

## आरबीआई ने यूनियन बैंक पर लगाया 63.60 लाख का जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) पर नियामकीय निर्देशों के उल्लंघन के चलते 63.60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।केंद्रीय बैंक ने शुक्रवार को बताया कि उसने 31 मार्च 2023 और 31 मार्च 2024 को बैंक की वित्तीय स्थिति के संबंध में निरीक्षण किया था, जिसके दौरान उसने पाया कि यूबीआई में जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता कोष में तय समय सीमा के भीतर आवश्यक राशि का हस्तांतरण नहीं किया गया। गिरवी मुक्त कृषि ऋण के दिशा-निर्देशों के उल्लंघन में बैंक ने कुछ मामलों में 1.60 लाख रुपए तक के कृषि ऋण पर गिरवी मांगा।

## शॉटगन राष्ट्रीय ट्रायल्स में शीर्ष पर रहे मेराज और गनीमत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ओलंपियन मेराज अहमद खान और गनीमत सेखों ने डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में आयोजित दूसरे शॉटगन राष्ट्रीय ट्रायल्स की स्कीट स्पर्धा के फाइनल में शीर्ष स्थान हासिल किए। मेराज ने फाइनल में 55 का स्कोर करते हुए पेरिस ओलंपिक में भाग ले चुके अनंतजीत सिंह नरूका को एक अंक से पछाड़ा। गनीमत ने भी एक अंक के अंतर से जीत दर्ज की। उन्होंने 53 का स्कोर किया जबकि माहेश्वरी चौहान ने 52 अंक प्राप्त किए।

इससे पहले क्वालीफिकेशन के शुरुआती दिन 73 का स्कोर करने वाले भवतेग सिंह गिल ने अंतिम दो दौर में 22 और 24 का स्कोर किया जो उन्हें फाइनल में पहुंचाने के लिए काफी था। मेराज ने कुल 118 के स्कोर के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहे। स्मित सिंह (117), अंगद (116), और अनंतजीत (115) ने क्वालीफायर में शीर्ष छह में जगह बनाई। महिला वर्ग में गनीमत ने क्वालीफिकेशन दौर में 114 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया। माहेश्वरी और परिनाज ने 113-113 अंक प्राप्त किए। ओश्मी श्रीवास (108), दर्शना राठौड़ (107) और मानसी रघुवंशी (107) ने शीर्ष छह में जगह बनाई। जूनियर वर्ग के लिए अलग चयन ट्रायल आयोजित नहीं किया गया था। इसी कारण महिलाओं में ओश्मी और मानसी को उनके स्कोर के आधार पर क्रमशः पहला और दूसरा स्थान दिया गया। अग्रिमा कंवर ने 104 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### युवान ने 110 अंकों के साथ शीर्ष पर

पुरुष जूनियर वर्ग में युवान ने 110 अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि यशवर्धन सिंह राजावत (108) और अंजनेय सिंह मंडावा (106) ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने कहा कि चयन समिति उन जूनियर खिलाड़ियों के स्कोर को भी मान्य करेगी जो सुहल (जर्मनी) में आयोजित आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में भाग ले रहे हैं। चयन ट्रायल दो और यह प्रतियोगिता एक ही समय पर आयोजित होने के कारण ऐसे खिलाड़ियों के स्कोर 'शून्य' नहीं माने जाएंगे।




### श्रीकांत ने सेमीफाइनल में बनाई जगह 18वें नंबर के पोपोव को 3 सेट में हराया

**एजेंसी:कुआलालंपुर।** भारत के अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने शुक्रवार को यहां चुनौतीपूर्ण पुरुष एकल मुकाबले में अपने से ऊंची रैंकिंग के फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव पर तीन गेम में जीत दर्ज कर मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 65वीं रैंकिंग पर काबिज श्रीकांत ने क्वार्टर फाइनल में दुनिया के 18वें नंबर के पोपोव को कड़ी टक्कर देते हुए एक घंटे 14 मिनट में 24-22, 17-21, 22-20 से शिकस्त दी। अब पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत का सामना अंतिम चार में जापान के युशी टनाका से होगा। इस तरह विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भारतीय का यह एक साल में पहला सेमीफाइनल होगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने विश्वविद्यालयों के लिए जारी किया आदेश

# नीट पीजी में काउंसलिंग से पहले बताना होगा शुल्क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*सुप्रीम कोर्ट ने स्नातकोत्तर मेडिकल प्रवेश में बड़े पैमाने पर सीट रोकने के चलन पर चिंता व्यक्त की। कोर्ट ने सभी निजी और मानद विवि को राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा नीट-पीजी के लिए काउंसलिंग से पूर्व शुल्क का खुलासा अनिवार्य कर दिया है। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि सीट रोकने की कुप्रथा सीट की वास्तविक उपलब्धता को विकृत कर देती है, अभ्यर्थियों के बीच असमानता को बढ़ावा देती है और अक्सर प्रक्रिया को योग्यता के बजाय संयोग-आधारित बना देती है। पीठ ने अपने आदेश में कहा, सीट को रोकना सिर्फ गलत काम भर नहीं है, बल्कि यह पारदर्शिता की कमी और कमजोर नीति प्रवर्तन के साथ ही प्रणालीगत खामियों को भी दर्शाता है। हालांकि नियामक निकायों ने इसे निरुत्साहित किया है और तकनीकी नियंत्रण भी लागू किए हैं, लेकिन समन्वय, सही स्थिति और एकरूपता बनाए रखने जैसी मुख्य चुनौतियों का समाधान नहीं हो पाया है। फैसले में कहा गया, वास्तव में निष्पक्ष और कुशल प्रणाली प्राप्त करने के लिए नीतिगत बदलावों से कहीं अधिक की आवश्यकता होगी। इसके लिए संरचनात्मक समन्वय, तकनीकी आधुनिकीकरण और राज्य तथा केंद्र दोनों स्तरों पर मजबूत नियामक जवाबदेही की आवश्यकता होगी।*



### सीट ब्लॉक किया तो सख्त एक्शन

पीठ ने अधिकारियों को सीट रोकने पर सख्त दंड देने का आदेश दिया, जिसमें सुरक्षा जमा राशि (सिक्योरिटी डिपॉजिट) जब्त करना, भविष्य की नीट-पीजी परीक्षाओं से अयोग्य घोषित करना और दोषी कॉलेज को काली सूची में डालना शामिल है। शीर्ष अदालत का फैसला उत्तर प्रदेश सरकार और चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशक, लखनऊ द्वारा दायर याचिका पर आया।

### कोर्ट के ऐसे निर्देश

- सभी निजी/मानद विश्वविद्यालयों द्वारा काउंसलिंग-पूर्व शुल्क का खुलासा करना अनिवार्य किया जाए
- ट्यूशन, छात्रावास, कॉशन डिपॉजिट और विविध शुल्क का विवरण विस्तार से बताया जाए
- राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के तहत एक केंद्रीकृत शुल्क विनियमन ढांचा स्थापित किया जाए

### 52,000 सीटों के लिए परीक्षा

*देश भर में लगभग 52,000 पोस्ट ग्रेजुएशन सीटों के लिए हर साल लगभग दो लाख एमबीबीएस ग्रेजुएट नीट पीजी देते हैं। पिछले साल पहली बार नीट पीजी एक शिफ्ट फॉर्मेट के बजाय दो शिफ्ट में आयोजित की गई थी। 11 अगस्त को पहली शिफ्ट सुबह 9 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 3:30 बजे से शाम 7 बजे तक हुई थी।*

## राशिफल

**मेष** — मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।


**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की

## हेजलवुड के प्लेऑफ से पहले वापसी की संभावना

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के कंधे की चोट से उबरने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेऑफ से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से जुड़ने की संभावना है। यह तेज गेंदबाज मौजूदा आईपीएल सत्र में 27 अप्रैल को खेला था और तब से उन्होंने टीम के दो मैच नहीं खेले। वह भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के कारण लीग में हुए एक हफ्ते के ब्रेक के दौरान स्वदेश लौट गए थे। तब से यह 34 वर्षीय खिलाड़ी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से पहले ऑस्ट्रेलिया की तैयारियों के लिए ब्रिसबेन में ट्रेनिंग में जुटा था। अभी वह क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की चिकित्सा टीम की निगरानी में है और आरसीबी प्रबंधन उनसे संपर्क साधे है। आरसीबी के क्रिकेट निदेशक मो बोबाट ने पिछले हफ्ते कहा था, 'हमारी चिकित्सा टीम और उनकी चिकित्सा टीम उनकी उबरने की प्रक्रिया पर लगातार संपर्क में है।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

### शब्द पहेली - 5876



**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना-5
5.चतुर, जहीन-5
9.दया, तरस-3
10.कामदेव-3
11.लीन, तल्लीन-2
13.बोली, आवाज-2
14.राजदुर्वा-2
15.एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18.मत, सलाह-2
19.जो लायक न हो-4
20.अधीनस्थ-4
21.कहानी, गाथा-2
22.श्रवणेंद्रिय-2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26.दान देने वाला-4
29.वरदान, दूल्हा-2
30.पत्नी का नाना-2,3
33.सूर्य, दिनकर-2
34.भीगा हुआ-2
35.सुर आलाप-2
36.फूलों का रस,अर्क-3
38.तरंग, हिलोर-3
41.जरुरतमंद-5
42.सेंधमार-5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण-5
2.टैक्स,हाथ-2
3.महीना, मास-2
4.नामवर, प्रसिद्ध-4
5.संधि, सामंजस्य-4
6.सरुर, नशा-2
7.झंकार-2
8.रमण योग्य-5
12.तगारी, नांद-3
13.सुअर-3
15.अभिमान मर्दित होना -2,3
16.समाप्त-2
17.नेकनीयत-5
23.हनुमान-3,2
24.मुलायम-3
25.उम्मीद, आशा-2
27.बहादुरी-3
28.शिव, रविलोचन-2,3
31.नामचीन-4
32.सुसंचालन-4
36.चेहरे का तेज, दर्प-2
37.रिश्तेदार-2
39.अधिकार-2
40.ईश्वर, भगवान-2

### शब्द पहेली- 5875 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ल | ■ | ब | ला | ■ | य | म | ■ | श | र |
| या | ■ | क | ल | ■ | जो | श | ■ | जा | य | ज |
| ■ | कै | द | ■ | श | र | ■ | का | न | न | ■ |
| न | दी | ■ | खे | मा | ■ | का | त | ना | ■ | जा |
| म | ■ | जा | ल | ■ | का | य | र | ■ | ता | ल |
| ■ | मा | न | ■ | र | म | ल | ■ | का | ला | ■ |
| का | या | ■ | बी | न | ना | ■ | रा | म | ■ | सी |
| र | ■ | क | ह | र | ■ | शो | र | ■ | बा | धा |
| ■ | की | च | ड़ | ■ | सा | ला | ■ | री | त | ■ |
| क | म | रा | ■ | ख | र | ■ | सी | ता | ■ | द |
| म | त | ■ | जी | त | ■ | मा | मा | ■ | दा | म |

### सूडोकु नवताल - 5886

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5885 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल को सुनाई खरी-खरी

# सेना की वीरता को कम न आंकें, देश की सुरक्षा को खतरे में न डालें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। पार्टी ने कहा कि वह ऑपरेशन सिंदूर पर गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी करके भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी को कमतर करके आंकना और देश की सुरक्षा को खतरे में न डालें। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी को 'निशान-ए-पाकिस्तान' बताते हुए आरोप लगाया कि पाकिस्तान राहुल के बयान का इस्तेमाल भारत को बदनाम करने के लिए के लिए कर रहा है। भाटिया ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल को तय करना होगा कि आप किसके पक्ष में हैं? क्या आप भारत के विपक्ष के नेता हैं या निशान-ए-पाकिस्तान?

भाटिया ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष पर हमला करते कहा- राहुल को तय करना होगा कि आप किसके पक्ष में हैं? क्या आप भारत के विपक्ष के नेता हैं या निशान-ए-पाकिस्तान?

## पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता भाटिया ने विपक्षी नेता को 'निशान-ए-पाकिस्तान' बताया

- राहुल गांधी के बयानों को पाकिस्तान गलत तरीके से इस्तेमाल कर रहा
- देश की अखंडता के प्रति सचेत रहना चाहिए



### वे दुश्मनों के एजेंडे पर चल रहे

भाटिया ने आग्रह किया कि राहुल हमारे बहादुर सैनिकों के साह और समर्पण को कमतर करके आंकना बंद करें, ऐसे सवाल पूछना बंद करें जो नहीं पूछे जाने चाहिए। इससे राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे में पड़ती है। उन्होंने कहा कि राहुल के बयान केवल बचकाना व्यवहार है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल का स्वभाव रहा है कि वह जान-बूझकर ऐसे सवाल पूछते हैं जो हमारे देश के खिलाफ होते हैं और उन देशों के एजेंडे को आगे बढ़ाते हैं, जो हमारे दुश्मन हैं।



### राहुल ने यह कहा था

राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी से तीन सवाल पूछते हुए एक्स पर लिखा था, मोदी जी, खोखले भाषण देना बंद कीजिए। सिर्फ इतना बताइए- आतंकवाद पर आपने पाकिस्तान की बात पर भरोसा क्यों किया? ट्रंप के सामने झुककर आपने भारत के हितों की कुर्बानी क्यों दी? आपका खून सिर्फ कैमरों के सामने ही क्यों गरम होता है? आपने भारत के सम्मान से समझौता कर लिया! भाजपा की ओर से यह बयान इन्हीं सवालों के परिपेक्ष में आया है।

निशिकांत ने कांग्रेस के फैसलों को उजागर किया

## कांग्रेस पर लगाया देशद्रोह का आरोप 1991 समझौते की भी याद दिलाई

भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर से सवाल करने के लिए पाखंड करने का आरोप लगाया। दुबे ने कांग्रेस समर्थित सरकार के दौरान हस्ताक्षरित 1991 के भारत-पाक सैन्य पारदर्शिता समझौते का हवाला देते हुए कांग्रेस के पाकिस्तानी वोट बैंक के साथ लंबे समय से जुड़े होने का आरोप लगाया। 'एक्स' पर एक पोस्ट में दुबे ने दावा किया कि 1991 के समझौते में भारत और पाकिस्तान सैन्य कार्रवाई के बारे में जानकारी साझा करने पर सहमत हुए थे। क्या यह पाकिस्तान के साथ सुरक्षा पारदर्शिता का समर्थन करना नहीं था?



### नेहरू-लियाकत, सिंदु जल और शिमला समझौते किसने किए?

दुबे ने कहा कि सवाल यह है कि 1947 से हम पाक को आतंकवादी राष्ट्र मानते हैं, 78 साल से कश्मीर के मुद्दे पर हमारी उनके साथ लड़ाई चल रही है। चाहे 1950 का नेहरू लियाकत समझौता हो, 1960 का सिंधु जल समझौता हो या 1975 का शिमला समझौता। 1994 में आपने लिखा कि सेना, नौसेना कहां तैनात होगी और वायु सेना कैसे काम करेगी? ये सब देशद्रोह नहीं है?

## खबर संक्षेप

### भाजपा विधायक मीणा की सदस्यता निरस्त

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा एक बार फिर से 199 के फेर में फंस गई है। विधानसभा अध्यक्ष ने



शुक्रवार को भाजपा विधायक कंवरलाल मीणा की सदस्यता निरस्त कर दी। मीणा की सदस्यता समाप्त होने के साथ ही विधानसभा के सदस्यों की संख्या 200 से घटकर 199 हो गई है। मीणा को हाईकोर्ट से तीन साल की सजा सुनाई गई थी।

### हथियार तस्करी का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**मुंगेर।** ओडिशा पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने अवैध हथियार निर्माण और तस्करी से जुड़े एक



बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ कर बिहार के मुंगेर से मास्टरमाइंड मोहम्मद असलम को गिरफ्तार किया है। डीआईजी पिनाक मिश्रा ने बताया कि 20 मई को एसटीएफ ने मुंगेर पुलिस के सहयोग से मोहम्मद असलम को हिरासत में लिया।

### गंगोत्री हाई-वे पर मप्र के तीर्थयात्रियों की बस पलटी


**उत्तरकाशी।** गंगोत्री हाई-वे पर शुक्रवार को भयानक सड़क हादसा हो गया। नालूपानी धरासू के पास



मध्यप्रदेश के तीर्थयात्रियों से भरी एक बस सड़क पर पलट गई। जिससे 8 श्रद्धालु घायल हो गए। उत्तरकाशी पुलिस और आपातकालीन सेवा 108 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया।

### दुपट्टे के सहारे मंदिर से भगवान के गहने चुराए

**भीलवाड़ा ।** राजस्थान के भीलवाड़ा में जैन तीर्थ स्थल स्वस्ति धाम मंदिर से एक करोड़



रुपए से ज्यादा कीमत के गहने चोरी हो गए। अज्ञात चोर ने जैन तीर्थ स्थल स्वस्ति धाम मंदिर को निशाना बनाया। उसने 1 करोड़ से ज्यादा के भगवान के श्रृंगार के सोने-चांदी के गहने चोरी कर लिए।

## पीएम मोदी ने दिल्ली में राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट को किया संबोधित

विकास के केंद्र में आ गया पूर्वोत्तर

# पिछड़े सीमांत क्षेत्र से विकास में अग्रणी क्षेत्र में तब्दील हो गया अष्टलक्ष्मी राज्य



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि सरकार की नीति ने पूर्वोत्तर को विकास में प्राथमिकता दी है, जिसके परिणामस्वरूप यह क्षेत्र अब भारत की विकास कहानी के केंद्र में आ गया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने भारतीय उद्योग जगत से पूर्वोत्तर राज्यों में निवेश करने के लिए पहले कदम उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में यह क्षेत्र पिछड़े सीमांत क्षेत्र से ग्रोथ फ्रंट रनर यानि विकास में अग्रणी क्षेत्र में तब्दील हो गया है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस नीति के तहत केंद्रीय कैबिनेट मंत्रियों ने पूर्वोत्तर राज्यों का 700 से अधिक बार दौरा किया है और उन्होंने अपने दौरे के दौरान उनके लिए एक रात रुकना भी अनिवार्य कर दिया है।इससे केंद्र को विकास की रणनीति तैयार करने में जमीनी हकीकत और लोगों की आकांक्षाओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने में मदद मिली।

### पूर्वोत्तर का विकास एक 'भावनात्मक जुड़ाव'

उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर का विकास न केवल क्षेत्र के बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे के विकास में परिलक्षित एक ईंट और मोर्टार की कहानी है, बल्कि एक 'भावनात्मक जुड़ाव' भी है, जिसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास हुआ है।

### उद्योग जगत से निवेश करने के लिए कदम उठाने का किया आह्वान



### पूर्वोत्तर की समृद्ध विविधता को सभी देख रहे

उन्होंने कहाभारत को दुनिया के सबसे विविधतापूर्ण देशों में से एक माना जाता है, और पूर्वोत्तर इस विविधतापूर्ण देश के भीतर सबसे विविध क्षेत्र के रूप में सामने आता है। व्यापार से लेकर परंपरा तक, वस्त्र से लेकर पर्यटन तक, पूर्वोत्तर की समृद्ध विविधता इसकी सबसे बड़ी ताकत है। बायोइकोनॉमी और बांस से लेकर चाय उत्पादन और पेट्रोलियम तक, खेल और कौशल विकास से लेकर इकोटूरिज्म और जैविक उत्पादों तक, पूर्वोत्तर एक ऊर्जा शक्ति है।

**हमारे लिए ईस्ट का मतलब- एमंपावर, एक्ट, स्ट्रैंथ एंड ट्रांसफॉर्म**

पीएम मोदी ने कहा हमारे लिए ईस्ट का मतलब है एम्पावर, एक्ट, स्ट्रैंथ एंड ट्रांसफॉर्म। पूर्वी भारत के लिए यही हमारी सरकार की नीति है। आगे जोड़ते हुए उन्होंने कहा हम लूक ईस्ट से आगे बढ़कर एक्ट ईस्ट के मंत्र पर चले।

### पिछड़े क्षेत्र को अवसरों की भूमि में बदल दिया

पीएम मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर में बुनियादी ढांचे की क्रांति ने अब लंबे समय से पिछड़े क्षेत्र को अवसरों की भूमि में बदल दिया है। पीएम ने इस बात पर प्रकाश डाला कि 11,000 किलोमीटर से अधिक राजमार्ग, सैकड़ों किलोमीटर रेलवे लाइन और जलमार्गों का विकास इस बुनियादी ढांचे के विकास का हिस्सा है, जिसने क्षेत्र में कनेक्टिविटी को बढ़ाया है। इसके अलावा, राज्य में 4 जी और 5 जी कनेक्टिविटी प्रदान करने वाले बड़ी संख्या में मोबाइल टावर और 1600 किलोमीटर पाइपलाइन गैस ग्रिड का निर्माण किया गया है।

### उद्योग के लिए कुशल जनशक्ति उपलब्ध

पीएम मोदी ने यह भी बताया कि केंद्र ने क्षेत्र में स्कूलों, मेडिकल कॉलेजों, आईआईटी और तकनीकी संस्थानों में शिक्षा प्रणाली में 21,000 करोड़ से अधिक का निवेश किया है। परिणामस्वरूप, अब उद्योग के लिए कुशल जनशक्ति उपलब्ध है।

### हमारा फोकस युवाओं के भविष्य पर

उन्होंने कहा कि एक समय था, जब नॉर्थ ईस्ट के साथ बम, बंदूक और ब्लोकेड का नाम जुड़ा हुआ था। इसका बहुत बड़ा नुकसान वहां के युवाओं को उठाना पड़ा। उनके हाथों से अनगिनत मौके निकल गए। लेकिन, हमारा फोकस नॉर्थ ईस्ट के युवाओं के भविष्य पर है। इसलिए हमने एक के बाद एक शान्ति समझौते किए। युवाओं को विकास की मुख्यधारा में जोड़ रहे।

यह क्षेत्र बनेगा दक्षिण पूर्व एशिया का अंतरराष्ट्रीय गलियारा

### आज इस क्षेत्र में 17 हवाई अड्डे हैं और 2000 से अधिक उड़ानें



वहीं इस अवसर परपूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि सरकार ने उत्तर-पूर्व क्षेत्र में बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने की दिशा में काम किया है। उन्होंने कहा कि आज इस क्षेत्र में 17 हवाई अड्डे हैं और 2000 से अधिक उड़ानें हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि उत्तर-पूर्व क्षेत्र दक्षिण पूर्व एशिया का अंतरराष्ट्रीय गलियारा बन जाएगा।

शीर्ष अदालत के अहम फैसले

## कोई संस्थाएं मातृत्व अवकाश के हक से नहीं रोक सकतीं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मातृत्व अवकाश से जुड़ा एक अहम फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि अनुसार मातृत्व अवकाश मातृत्व लाभ का एक अभिन्न अंग है और महिलाओं के प्रजनन अधिकारों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि कोई भी संस्था किसी महिला को मातृत्व अवकाश के अधिकार से वंचित नहीं कर सकती।यह ऐतिहासिक आदेश तमिलनाडु की एक महिला सरकारी शिक्षिका की आरे से दायर याचिका पर दिया गया है।

### राजस्थान सरकार बताए- कोटा में ही छात्र क्यों मर रहे?

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार को कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या के मामले बढ़ने पर जमकर फटकारा। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि इस साल अब तक कोटा में 14 छात्र-छात्राएं आत्महत्या कर चुके हैं। पीठ ने राजस्थान सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आप बतौर राज्य क्या कर रहे हैं? क्यों कोटा में ही ये बच्चे आत्महत्या कर रहे हैं?

### वकील पर भड़के जुर्माना ठोका

सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका को खारिज करते हुए वकील को नसीहत दी है कि सस्ती पब्लिसिटी से बचना चाहिए। असल में मामला महाराष्ट्र से जुड़ा हुआ था जब सीजेआई गवई एक कार्यक्रम के लिए गए थे। लेकिन मामला ठंडा पड़ा। अब एक वकील ने याचिका दायर कर दी। वकील अभी नौजवान है, अनुभव नहीं है। ऐसे में ज्यादा जुर्माना नहीं लगाया जा रहा है, याचिकार्ता को 7000 रुपए देने होंगे।

### 27 बार टाली जमानत, जवाब दे

सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी की जमानत याचिका को 27 बार टालने को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट पर नाराजगी जताई और आरोपी को जमानत दे दी। सीजेआई ने सवाल किया कि आरोपी 4 साल से जेल में है, हाईकोर्ट कुछ नहीं कर रहा है। व्यक्तिगत स्वतंत्रता से संबंधित मामले में 27 बार स्थगित कर दिया है। पिछले 27 मौकों पर हाईकोर्ट ने कुछ नहीं किया है।

### पॉक्सो मामले में दी जमानत

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। इस फैसले ने पूरे देश में बाल यौन अपराध कानून (पॉक्सो) की समझ को झकझोर कर रख दिया। कोर्ट ने एक ऐसे व्यक्ति को सजा से राहत दी जिसे पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी ठहराया गया था। क्योंकि पीड़िता ने खुद इस घटना को कभी 'अपराध' के तौर पर नहीं देखा।

बीएसएफ के समारोह में गृहमंत्री शाह ने कहा

## ऑपरेशन सिंदूर पीएम मोदी की इच्छाशक्ति व हमारी सेना की बढ़ती ताकत का प्रतीक

आज पाकिस्तान पूरी तरह से देश और दुनिया में एक्सपोज हो गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को पूरी तरह से दुनिया के सामने बेनकाब कर दिया है



और यह साबित कर दिया है कि भारत में आतंकवाद पाकिस्तान प्रायोजित है। 22वें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) इन्वेस्टिचर समारोह और रुस्तमजी स्मृति व्याख्यान के दौरान बोलते हुए शाह ने भारतीय सशस्त्र बलों की प्रशंसा की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को भारत की आतंकवाद विरोधी रणनीति में आमूल-चूल परिवर्तन और ऑपरेशन सिंदूर जैसे निर्णायक कदम उठाने का श्रेय दिया।

### हमने केवल आतंकियों पर हमले किए, अन्य पर नहीं

उन्होंने भारत की संयमित और सटीक रणनीति को रेखांकित करते हुए कहा कि हमने न तो किसी पाकिस्तानी सैन्य ठिकाने को निशाना बनाया और न ही किसी एयरबेस पर हमला किया। हमने केवल और केवल उन आतंकी अड्डों को नष्ट किया जिन्होंने हमारे देश में अपराध किए थे। शाह ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय नेतृत्व, खुफिया जानकारी और सैन्य क्षमता को दिया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान पूरी तरह से देश दुनिया में एक्सपोज हो गया है।



### धोखाधड़ी मामले में आप विधायक रमन गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने आप विधायक रमन अरोड़ा को धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। अरोड़ा जालंधर सेंट्रल विधानसभा सीट से मौजूदा विधायक हैं। ब्यूरो ने जालंधर स्थित उनके घर पर छापा मारा था। तलाशी के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उन पर अधिकारियों की मिलीभगत से लोगों को ठगने के गंभीर आरोप हैं।

पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार को फटकारा

## फर्जी पुलिस एनकाउंटर में मारे गए युवक की मां को 15 लाख रुपए का मुआवजा दे

कानून के बाहर कार्रवाई को नहीं किया जा सकता स्वीकार

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार को 2013 में हुए कथित फर्जी पुलिस एनकाउंटर में मारे गए युवक की मां को



15 लाख मुआवजा देने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस की ओर से कानून के दायरे से बाहर जाकर की गई कार्रवाई को स्वीकार नहीं किया जा सकता और इस प्रकार की घटनाएं कानून के शासन की नींव को ही हिला देती हैं। कानून लागू करने वाली एजेंसियों को यह अधिकार नहीं है कि वे खुद ही जज, ज्यूरी और जल्लाद की भूमिका निभाएं।

### नाई की दुकान पर बैठे युवक के सीने में मारी थी गोली

23 मई, 2013 को अमृतसर निवासी 22 वर्षीय युवक अरविंदर पाल सिंह उर्फ लवली की गोली लगने से मौत हो गई थी। मृतक की मां याचिकाकर्ता दलजीत कौर ने आरोप लगाया था कि उनके बेटे को बिना किसी चेतावनी के पुलिस के हेड कांस्टेबल प्रेम सिंह ने बेहद करीब से सीने में गोली मार दी थी, जबकि वह उस समय एक नाई की दुकान पर बैठा था। पुलिस ने दावा किया था कि अरविंदर एक घोषित अपराधी था और उसने एक पुलिसकर्मी पर चाकू से हमला किया था, जिसके जवाब में आत्मरक्षा में गोली चलाई गई।इसके समर्थन में पुलिस ने एक झूठी एफआईआर दर्ज की थी। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह साफ हुआ कि गोली बेहद नजदीक से चलाई गई थी और इसके निशान भी शरीर पर मौजूद थे।

लखनऊ एडीजे कोर्ट ने सुनाया फैसला

साथी को भी मिली उम्रकैद की सजा

## खोपड़ी का सूप बनाकर पीने वाले सीरियल किलर तांत्रिक को आजीवन कारावास

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लखनऊ के एडीजे कोर्ट ने सीरियल किलर राम निरंजन उर्फ राजा कोलंदर को उम्र कैद की सजा सुनाई है। राजा कोलंदर के साथी



वक्षराज को भी उम्रकैद की सज़ा मिली है। दोनों साल 2000 में हुए डबल मर्डर में दोषी पाए गए हैं। राजा कोलंदर पर 20 से ज्यादा हत्या के मामले दर्ज किए गए थे। ज़्यादातर मामलो में सुबूतों के आधार पर बरी हो चुका है । इससे पहले जज रोहित सिंह की अदालत ने सोमवार को राजा कोलंदर और वक्षराज कोल को नाका इलाके में 22 वर्षीय मनोज कुमार सिंह और उनके ड्राइवर रवि श्रीवास्तव के अपहरण और हत्या में शामिल होने का दोषी पाया था। कोर्ट ने शुक्रवार को सजा सुनाई।

### नरकंकाल और नरमुंड बरामद किए थे बरामद

राजा कोलंदर को जब गिरफ्तार किया गया था तो उस समय प्रयागराज के उसके पिगरी फार्म हाउस से बहुत बड़ी संख्या में नरकंकाल और नरमुंड बरामद हुए थे। कोलंदर पर आरोप है कि वो तांत्रिक था और खोपड़ी का सूप बनाकर पीता था। कहा जाता है कि ये लोगों का क़त्ल करता था, फिर इनके शरीर के कई टुकड़े करता था और फिर लाश के टुकड़ों को अलग-अलग फेंक देता था, लेकिन ये लाश के सिर को अपने साथ ले जाता था। इसके बाद दिमाग निकालकर सूप बनाकर पीता था।

भारत में फिर पैर पसारने लगा कोरोना, कई राज्यों में पहुंचा

# महाराष्ट्र में 100, गुजरात में 15 व केरल में 183 मामले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में एक बार फिर कोविंड-19 के मामलों में इजाफा देखने को मिल रहा है। महाराष्ट्र, हरियाणा, तमिलनाडु, कर्नाटक, ओडिशा और गुजरात से नए मामले सामने आए हैं। महाराष्ट्र में लगभग 100 मामले सामने आए तो गुजरात में 15 नए केस देखने को मिले। बेंगलुरु में एक नवजात बच्चे का मामला सामने आया है। चेन्नई, गुरुग्राम में भी भारी बढ़ोतरी देखी गई है। मई में अब तक मुंबई में 95 मामले सामने आए हैं कम से कम 16 लोग अस्पताल में भर्ती हैं।

देश में एक बार फिर कोरोना के मामलों में इजाफा हो रहा है। महाराष्ट्र, हरियाणा, तमिलनाडु, कर्नाटक, ओडिशा और गुजरात में फैल रहा है।

### आंध्र प्रदेश में मास्क लगाना करना पड़ा अनिवार्य

### केरल में सबसे ज्यादा प्रभाव

इसी तरह ओडिशा में भी एक नया मामला मिला है। केरल में अब तक 182 मामले तो दिल्ली में 5 नए मामले मिले हैं। पुणे नगर निगम की स्वास्थ्य प्रमुख डॉ. नीना बोराडे ने कहा कि मई में हमारे पास केवल एक मामला था, जो अब ठीक हो चुका है।



### आंध्र प्रदेश सरकार ने एडवाइजरी जारी की

आंध्र प्रदेश सरकार ने स्थिति को देखते हुए राज्यों के लिए कई एडवाइजरी जारी की है। राज्य में सभी को भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर मास्क पहनना होगा। हाथों को साफ रखना होगा। मॉल, थिएटर, बस स्टैंड जैसी जगहों से दूरी बनाना जरूरी है। खासतौर पर बुजुर्ग, बच्चे और गर्भवती महिलाएं इन चीजों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई है।

### हरियाणा में भी दस्तक

हरियाणा के गुरुग्राम और फरीदाबाद में कोरोना वायरस संक्रमण के तीन मामले सामने आए हैं। गुरुग्राम से दो और फरीदाबाद से एक मामला सामने आया है। फरीदाबाद में पल्ला क्षेत्र के सेहतपुर निवासी 28 साल के सिक्योरिटी गार्ड कोविड संक्रमित पाया गया।

### तमिलनाडु में 12 नए केस दर्ज

तमिलनाडु में भी हाल ही में मामलों में वृद्धि देखी गई है, पुडुचेरी में 12 नए मामले सामने आए हैं। चेन्नई में, डॉक्टरों का कहना है कि शुरू में इन्फ्लूएंजा के कारण होने वाले बुखार में कोविड-19 के लिए सकारात्मक परीक्षण तेजी से हो रहे हैं। कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव के अनुसार, कर्नाटक में कोविड-19 के 16 सक्रिय मामले सामने आए हैं।




## आईपीएल : 18 साल के इतिहास में दूसरी बार प्लेआफ में पहुंचा पंजाब

# पंजाब की 11 साल में पहली बार शीर्ष दो पर नजर, दिल्ली से मुकाबला आज

एजेंसी ▶▶| जयपुर

एक दशक की नाकामी के बाद सफलता की नई दास्तान लिख रही पंजाब किंग्स इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेगी तो उसकी नजरें 11 साल में पहली बार शीर्ष दो में जगह बनाने पर लगी होंगी। इससे पहले 2014 सत्र में पंजाब टीम लीग में शीर्ष पर रही थी लेकिन फाइनल में हार गई। पंजाब पिछले 18 साल के लीग के इतिहास में एक बार और ही प्लेआफ में पहुंच सकी है। 11 बरस का इंतजार खत्म करने के बाद अब पंजाब की नजरें शीर्ष दो में रहने पर ही नहीं बल्कि एक और फाइनल खेलकर पहला खिताब जीतने पर लगी है।

आत्मविश्वास से ओतप्रोत पंजाब टीम के हौसले और बढ़ गए जब उसके विदेशी खिलाड़ी मार्कस स्टोइनिस, जोश इंगलिस, आरोन हार्डी और काइल जैमीसन तीन दिन पहले टीम से जुड़े। ये चारों चयन के लिए उपलब्ध होंगे जब उनकी टीम मुंबई इंडियंस से हारकर यहां पहुंची दिल्ली का सामना करेगी। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण लीग एक सप्ताह के लिये स्थगित होने के बाद ये विदेशी खिलाड़ी स्वदेश लौट गए थे।



### अय्यर पर काफी दारोमदार

आईपीएल प्लेआफ में तीन अलग अलग टीमों की कप्तानी करने वाले पहले कप्तान बने पंजाब के श्रेयस अय्यर पर काफी दारोमदार होगा जो बतौर कप्तान अपना शानदार फॉर्म कायम रखना चाहेंगे। पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब दिलाने वाले अय्यर 2019 और 2020 में दिल्ली को प्लेआफ तक ले जा चुके हैं। दिल्ली की टीम 2020 में उनकी कप्तानी में फाइनल में पहुंची थी। पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह (458 रन), अय्यर (435 रन) , प्रियांश आर्य (356 रन) , अर्शदीप सिंह (11 विकेट) और युजवेंद्र चहल (13 विकेट) ने शानदार प्रदर्शन किया है।

### निरंतरता का अभाव

दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स को कई मौके मिले लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव साफ नजर आया। तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के लौट जाने से भी उसके प्रदर्शन पर असर पड़ा। अब टीम जीत के साथ टूर्नामेंट से विदा लेना चाहेगी।

खास खबर

## हमारे पास प्लेऑफ में जाने के मौके थे



**अहमदाबाद।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने आईपीएल 2025 में कई मौकों पर अच्छा प्रदर्शन तो किया लेकिन मौके भुना नहीं सकी जिससे प्लेआफ की दौड़ से बाहर होना पड़ा। लखनऊ को प्रदर्शन में निरंतरता का खामियाजा भुगतना पड़ा और कई करीबी मुकाबलों में उसे पराजय भी मिली। पंत ने कहा, 'हम अच्छा क्रिकेट खेलने की बात करते हैं और हमने कई मौकों पर खेला भी। टूर्नामेंट में ऐसा भी समय आया जब हमारे पास प्लेआफ में पहुंचने का मौका था लेकिन हम पहुंच नहीं सके। लेकिन यह खेल का हिस्सा है।'

## पहला हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 18 जून से

**नई दिल्ली।** पूर्व खिलाड़ियों के लिये पहला हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 18 से 27 जून तक चेन्नई में खेला जायेगा । हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को आयोजन स्थल और तारीखों की घोषणा की । इस टूर्नामेंट में पुरूष और महिला खिलाड़ी भाग लेंगे। हॉकी इंडिया ने एक बयान में कहा कि लीग के नियमों के तहत पुरूष वर्ग में 40 या उससे अधिक उम्र के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे जबकि महिला वर्ग में यह सीमा 35 वर्ष है। दोनों श्रेणियों में टीमों की घोषणा जल्दी की जाएगी। इसमें भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को अपनी प्रदेश ईकाइयों के पास पंजीयन कराना होगा।

## इंग्लैंड ने 565 रन पर घोषित की पारी

**नाटिंघम।** इंग्लैंड ने शुक्रवार को यहां ट्रेंट ब्रिज पर जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दूसरे दिन लंच से पहले छह विकेट पर 565 रन पर पहली पारी घोषित की। पहले दिन के दबदबे भरे प्रदर्शन के बाद इंग्लैंड ने सुबह तीन विकेट पर 498 रन से खेलना शुरू किया और ओली पोप का विकेट गंवा दिया जो रात के स्कोर में महज दो रन जोड़ सके और 171 रन पर आउट हुए। कप्तान बेन स्टोक्स नौ रन बनाकर पवेलियन पहुंचे जबकि हैरी ब्रुक ने 50 गेंद में 58 रन की पारी खेली और ब्लेसिंग मुजारबानी की गेंद पर आउट हुए जिसके बाद इंग्लैंड ने पारी घोषित कर दी।

**पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, अमरकण्टक जिला अनूपपुर (म. प्र.)**

**निविदा अधिसूचना (संशोधित)**

सत्र 2025-26 के दौरान पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकण्टक, जिला अनूपपुर (म.प्र.) हेतु विभिन्न भण्डार सामग्री की आपूर्ति जैसे किराना सामग्री सब्जी एवं फल दैनिक उपयोगी सामग्री विद्युत सामग्री संगीत सामग्री कार्यालय एवं छात्र स्टेशनरी, खेल सामग्री, लैब आइटम यूनिफॉर्म सिलाई बाल कटाई कपडा धुलाई एवं प्रेस कार्य, कम्प्यूटर हार्डवेयर सामग्री, प्लंबिंग हार्डवेयर / सेनेटरी / भवन मरम्मत एवं रखरखाव सामग्री, पंखा रिपेयरिंग, मेडिसिन सीसीटीवी कैमरा सामग्री एवं गद्दा / तकिया मरम्मत आदि करने के लिए अधिकृत पंजीकृत डीलर / निमार्ता / आपूर्तिकर्ता / कंपनियों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र / दस्तावेज रु. 500.00 (रु. पांच सौ मात्र) प्रति सेट के हिसाब से प्राचार्य पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, अमरकण्टक जिला अनूपपुर (म.प्र) के कार्यालय से दिनांक 23/05/2025 से दिनांक 09.06 2025 अपरान्ह 03.00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में खरीदा जा सकता है। इसके अलावा इस विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है। हलाकि निविदा प्रपत्र जमा करते समय निविदा प्रपत्र की लागत के रूप में प्राचार्य पीएम श्री जनवि अमरकण्टक के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में प्रति सेट रु. 500.00 की राशि जगा करनी होगी। पूर्ण रूप से सीलबंद निविदाए मय अर्नेस्ट मनी का डिमांड ड्राफ्ट (प्राचार्य जनवि अमरकण्टक के पक्ष में) प्राचार्य के कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 10.062025 सायं 05:00 बजे तक है। सीलबंद निविदाए भौतिक रूप से या पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट द्वारा भी भेजा जा सकता है। निर्धारित तिथि / समय के बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।

**सामग्री एवं अमानत राशि का विवरण** - Details of article and Earnest Money

| स. क्र. | सामग्री का नाम / Name of item | अर्नेस्ट मनी / Earnest money | स. क्र. | सामग्री का नाम / Name of item | अर्नेस्ट मनी / Earnest money |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अनाज व किराना/ Grocery | 30000.00 | 10 | हेयर कटिंग/Hair cutting | 1000.00 |
| 2 | सब्जी व फल/ Vegetable & Fruits | 10000.00 | 11 | कपड़ा धुलाई एवं प्रेस काय/Cloth washing & Press work | 1000.00 |
| 3 | विद्युत सामग्री/ Electrical Item | 5000.00 | 12 | कम्प्यूटर हार्डवेयर सामग्री/ Computer Hardware item | 5000.00 |
| 4 | दैनिक उपयोग की सामग्री/Toilet items | 5000.00 | 13 | प्लंबिंग हार्डवेयर / सेनेटरी / भवन मरम्मत एवं सुधार सामग्री/Plumbing Hardware /Sanitary /Building repairs & repairs item | 5000.00 |
| 5 | संगीत सामग्री/ Music item | 5000.00 | 14 | पंखा रिपेरिंग/Fan repairing | 1000.00 |
| 6 | कार्यालय व छात्र स्टेशनरी/Office & students stationery | 5000.00 | 15 | मेडीसिन ब्राण्डेड कं./Branded Medicine | 2000.00 |
| 7 | खेल सामग्री/Sport item | 5000.00 | 16 | सी.सी.सी.टी.वी. केमरा 16 चैनल फिटिंग सहित/CCTV Camra Channel fitting | 5000.00 |
| 8 | लेब आयटम/Lab Item | 5000.00 | 17 | गद्दा तकिया मरम्मत कार्य/ Repairing of Mattress & Pillow | 1000.00 |
| 9 | यूनीफार्म सिलाइ/Uniform stitching | 2000.00 | 18 | टक भॉप | 1000.00 |
| | | | 19 | कबाड़ सामग्री विक्रय | 0.00 |

प्राचार्य

**कार्यालय उप संचालक मत्स्योद्योग बालाघाट**

कमांक/247/म./भण्डार/2025-26 **विज्ञप्ति** बालाघाट, दिनांक. 19-05-2025

कार्यालय उप संचालक मत्स्योद्योग बालाघाट को मत्स्य बीज उत्पादन वर्ष 2025-26 मे 31.03.2026 तक मत्स्य गर्रा, बालाघाट, तिरोडी, बैहर एवं बाम्हनवाडा एवं जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत मत्स्य बीज उत्पादन एवं मत्स्याखेट मे उपयोग आने वाली सामाग्री की आवश्यकता है। जिस हेतु सामाग्री अनुसार पृथक-पृथक निविदायें दिनांक 02.06.2026 को सायं 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी की सायं 4.00 बजे उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जावेगी। प्रत्येक सामाग्री के लिये पृथक-पृथक निविदायें स्वीकृत की जावेगी निविदा प्रपत्र 02.06.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक रुपए 400.00 (चार सौ मात्र) जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्रमांक | सामाग्री का नाम | अनुमानित मात्रा | धरोहर राषि |
|---|---|---|---|
| 1 | सरसों खली | 10 टन | 12000.00 |
| 2 | राईस ब्रान | 10 टन | 10000.00 |
| 3 | रेडीमेड फिश फीड | 05 टन | 10000.00 |

**नियम एवं शर्तें:-**
1. प्रत्येक सामाग्री हेतु पृथक-पृथक निविदा प्रपत्र का उपयोग करना होगा । 2. निविदायें सीलबंद लिफाफे मे प्रस्तुत की जावेगी जिस पर सामाग्री का नाम अंकित करना होगा । 3. प्रत्येक सामाग्री के लिये पृथक-पृथक धरोहर राषि निविदा प्रपत्र के साथ धनादेष के रूप मे जमा करना होगा । 4. निविदा प्रपत्र की राषि वापसी योग्य नही होगी । 5. निविदाकारों को प्रत्येक सामाग्री के साथ सेम्पल प्रस्तुत करना होगा । 6. विज्ञप्ति मे सामाग्री उल्लेखित सामाग्री की मात्रा अनुमानित है जो सम्पूर्ण वर्ष के दौरान आवष्यकतानुसार मात्रा मे कय की जावेगी कय की सामाग्री की प्रतिपूर्ति समय सीमा मे किये जाने जिम्मेदारी संबंधित फर्म की होगी आवंटन उपलब्ध न होने की दशा मे भुगतान बिलम्ब से हो सकता है आवंटन के उपलब्ध होने की दशा मे कार्यालय द्वारा देयकों का भुगतान किया जावेगा । 7. निविदाकार को जी.एस.टी. नम्बर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा । 8. नियमानुसार टैक्सों की कटौती विभाग द्वारा की जावेगी जिस पर निविदाकार को कोई एतराज नही होगा । 9. सरसों खली, राईस ब्रान, रेडीमेड फिष फीड की दरें मत्स्य बीज प्रक्षेत्र पहुचाकर अंकित की जावे । 10. वर्ष के दौरान लगने वाली सामाग्री का कम से कम 30 प्रतिषत कय दलित उद्यमियों की फर्म से किया जावेगा जिस पर निविदाकार को कोई एतराज नही होगा । 11. निविदा मे कय सामाग्री की दर्शाई गई मात्राये उपलब्ध बजट अनुसार अंकित की गई है जिन्हे भविष्य मे बढाया भी जा सकता है उक्त बढी हुई सामाग्री की पूर्ति करने हेतु निविदाकार बाध्य होगें 12. निविदा को मान्य अमान्य, अथवा बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार उप संचालक मत्स्योद्योग बालाघाट के पास सुरक्षित होगा उनका निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा ।

उप संचालक
मत्स्योद्योग बालाघाट

G-13254/25

**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION KATNI, (M.P.)**

**Notice Inviting Tender**

NIT No. 355 Katni Dated 08/05/2025

**Appointment of IE( Independent Engineer) for Integreted Solid Waste Management (ISWM) Project,Katni**

**Request For Proposal**

Nagar Palik Nigam Katni as Lead ULB along with 4 other Urban Local Bodies (ULBs) are implementing ISWM in all ULBS by Forming a cluster. The concept is develop and operate a Regional Processing and disposal facility at Katni and Door to door collection (DTDC) transportation in all ULBs. IE to be appointed by the Lead ULB of the Cluster Nagar Palik Nigam Katni to oversee its implementation and operation and maintenance. The detailed Information is given in the RFP for this appointment which is available on the E-procurement portal. www.mptenders.gov.in.

Online bids for the following works are invited from registered company / reputed firms fulfilling the eligibility criteria mention in the RFP documents.

| Online Tender No. | Name of work | Earnest Money (In Rupees) | Cost of Bid Document (In Rupees) | Period of work |
|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD_424395_1 | Appointment of IE (Independent Engineer)for Integreted Solid Waste Management (ISWM) Project, Katni | 2,00,000/- | 10,000/- | 05 Years |

The Nagar Palik Nigam Katni would endeavor to adhere to the following schedule:

| No. | Event Description | Date/Time |
|---|---|---|
| 1 | Start date of Purchasing of RFP Document | 19/ May /2025 |
| 2 | Pre-bid meeting | 03 June 2025: Time.1:00pm |
| 3 | Online Bid Submission start date | 19/May/2025 |
| 4 | Online Bid Submission Last Date | 20/June/2025 |
| 5 | Opening of Bid | 22/June/2025 |

Executive Engineer
Nagar Palik Nigam Katni

**कार्यालय अध्यक्ष काउंसलिंग समिति संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

टैगोर छात्रावास, क्रमांक-टी2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**ऑनलाइन काउंसलिंग सत्र 2025-26 (C-17)**

**कम्प्यूटर एप्लीकेशन (BCA) एवं मैनेजमेंट (BBA, BMS etc.) पाठ्यक्रम**

सत्र 2025-26 में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (AICTE), नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित कम्प्यूटर एप्लीकेशन (BCA) एवं मैनेजमेंट (BBA, BMS, etc.) पाठ्यक्रमों में प्रवेश की कार्यवाही शासन द्वारा घोषित सक्षम प्राधिकारी, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति, संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश द्वारा की जाना है। काउंसलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिए प्रदेश स्थित उक्त पाठ्यक्रमों को संचालित करने वाली समस्त संस्थाओं को निम्न जानकारी आवश्यक है:-

1. संस्थाओं द्वारा कम्प्यूटर एप्लीकेशन (BCA) एवं मैनेजमेंट (BBA, BMS etc.) संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश की सहमति।
2. अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (AICTE) द्वारा संस्था को सत्र 2025-26 के लिए बैचलर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन (BCA), बैचलर ऑफ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन (BBA), एवं बैचलर ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज (BMS) का अनुमोदन (EOA/LOA)।
3. संबंधित विश्वविद्यालय से सत्र 2025-26 के लिए सम्बंधित पाठ्यक्रम बैचलर ऑफ़ कम्प्यूटर एप्लीकेशन (BCA), बैचलर ऑफ़ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (BBA) एवं बैचलर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (BMS) (सम्बंधित पाठ्यक्रम) की संबद्धता।
4. सत्र 2025-26 के लिए शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय संस्थाओं के सम्बन्ध में शासन/संस्था द्वारा शिक्षण शुल्क की जानकारी तथा निजी क्षेत्र की संस्थाओं के लिए प्रवेश एवं शुल्क विनियामक समिति (AFRC) मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा संबंधित पाठ्यक्रम के लिए जारी किया गया शिक्षण शुल्क निर्धारण आदेश।

संस्थाएँ ऑनलाइन काउंसलिंग में सम्मिलित होने के लिये जारी किये गये निर्देश एवं अन्य जानकारी के लिए कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति, संचालनालय तकनीकी शिक्षा की वेबसाइट **https://dte.mponline.gov.in** का अवलोकन करें।

**संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ई-मेल : dte.helpcenter@mp.gov.in**

म.प्र. माध्यम/120275/2025 संचालक तकनीकी शिक्षा

**कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2025-26 (C-17)**

मास्टर ऑफ प्लानिंग (Master of Planning) पाठ्यक्रम में
वैध गेट स्कोर Valid GATE/NET Score/अर्हकारी परीक्षा के आधार पर
प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु (मध्यप्रदेश में स्थित अनुदान प्राप्त/निजी संस्थान)

| प्रथम चरण (वैध गेट/नेट स्कोर (Valid GATE/NET Score) के आधार पर) | |
|---|---|
| गतिविधियां | दिनांक/समय |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 10.06.2025 से 30.06.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 01.07.2025 से 02.07.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकता क्रम (Choice Filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 15.06.2025 से 04.07.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता। | 05.07.2025 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 10.07.2025 से 15.07.2025 सायं 5:00 बजे तक |
| अर्हकारी परीक्षा के आधार पर पंजीयन दिनांक 10 जून 2025 से 19 जुलाई 2025 तक उपलब्ध रहेंगे, शेष प्रक्रिया द्वितीय चरण अनुसार रहेगी। | |
| द्वितीय चरण (प्रथमत: वैध गेट/नेट स्कोर (Valid GATE/NET Score) तत्पश्चात अर्हकारी परीक्षा के आधार पर आवंटन) | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 10.07.2025 से 19.07.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 20.07.2025 से 21.07.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकता क्रम (Choice Filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 12.07.2025 से 23.07.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता। | 24.07.2025 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 27.07.2025 से 31.07.2025 सायं 5:00 बजे तक |
| संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) (प्रथमत: वैध गेट/नेट स्कोर (Valid GATE/NET Score) तत्पश्चात अर्हकारी परीक्षा के आधार पर आवंटन) | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन | दिनांक/समय |
| 02.08.2025 से 05.08.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 06.08.2025 प्रात: 10:30 बजे से कार्यालयीन समय तक |
| उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये | |
| 07.08.2025 से 10.08.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 11.08.2025 प्रात: 10:30 बजे से कार्यालयीन समय तक |
| उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये | |
| 12.08.2025 से 14.08.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 14.08.2025 प्रात: 10:30 बजे से रात्रि 11:45 बजे तक |

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग में **इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये** निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तद्उपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।

**प्रवेश निरस्त :**
❖ काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक तथा संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) में, प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्ती करण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।

- **संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ईमेल : dte.helpcenter@mp.gov.in**

म.प्र. माध्यम/120256/2025 संचालक, तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश




हाईकोर्ट में एनिमल एक्टिविस्ट ने याचिका दायर कर लगाया सनसनीखेज आरोप, हैदराबाद के मास्टरमाइंड के खिलाफ पशु क्रूरता का मामला दर्ज करने की मांग

# फिलीपींस में ऑनलाइन गैंबलिंग के लिए इस्तेमाल होते थे घोड़े

**100 को भूख से मार डाला**

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट में जबलपुर की एनिमल एक्टिविस्ट ने एक याचिका दायर कर 100 से अधिक घोड़ों को क्रूरता पूर्वक भूखों मार डालने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। याचिका में कहा गया है कि हैदराबाद के एक व्यक्ति ने हॉर्स रेस पर ऑनलाइन गैम्बलिंग के जरिये फिलीपींस में 154 घोड़ों से अरबों रुपये कमाए। लेकिन, इन्हें भूखों मरने के लिए छोड़ दिया। इन्ही में से 54 घोड़े ट्रक में लोड कर ठिकाने लगाने के लिए जबलपुर भेजे गए। इनकी हालत बेहद खस्ता है। याचिका में 100 घोड़ों की क्रूरतापूर्वक हत्या की जांच कराए जाने व दोषियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की गई है। जल्द ही याचिका की सुनवाई होगी।



अधिवक्ता उमेश त्रिपाठी ने बताया कि जबलपुर निवासी एनिमल एक्टिविस्ट सिमरन इस्सर ने याचिका दायर की है। उन्होंने बताया कि बीते कुछ वर्षों में भारतीय हॉर्स रेसिंग काफी प्रसिद्ध हुई है। इसमे कई प्रायोजक सामने आ रहे हैं। हैदराबाद निवासी सुरेश पालागुडू हॉर्स पावर स्पोर्ट्स लीग का सूत्रधार है। उसके पास 154 घोड़े थे। 2023 में उसने हैदराबाद रेस क्लब में उसने दो घोड़ों की रेस आरम्भ की। ट्रोपंग करेइस्ता नामक एप्प के जरिये उसने फिलीपींस में इसकी ऑनलाइन स्ट्रीमिंग की व सट्टा लगवाया। इसके जरिये उसने अरबो रु कमाए। लेकिन, अक्टूबर 2024 में उसने अपने कर्मचारियों को वेतन देना बंद कर दिया। इससे 100 घोड़ों की भूख से मौत हो गई। बाकी 54 घोड़े उसने ट्रक में लोड कर जबलपुर के सचिन तिवारी के पास भेज दिये। हैदराबाद की एक्टिविस्ट लावण्या शिखावत ने पेटाव नेशनल हॉर्स ब्रीडिंग सोसाइटी को सूचना पहुंचाई। इस पर सोसायटी ने दवा व घोड़ो के दाने के साथ अन्य जरूरी चीजों से भरकर ट्रक जबलपुर भेज दिया। याचिकाकर्ता ने जब सचिन के फॉर्महाउस में जाना चाहा, तो उसे रोका गया। कलेक्टर के आग्रह को भी उसने नही माना। अधिवक्ता त्रिपाठी ने बताया कि पनागर के समीप रैपुरा में स्थित फॉर्महाउस में रखे गए घोड़ों की हालत खराब है। उन्हें भूखे रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि हर घोड़े का परिवहन के लिए पासपोर्ट होता है। लेकिन, इन घोड़ों के पासपोर्ट सचिन तिवारी ने नही दिखाए। याचिका में राहत चाही गई है कि खस्ताहाल भूखों मर रहे घोड़ों को बचाने के लिए याचिकाकर्ता व उनकी टीम को फॉर्महाउस में जाने की अनुमति दी जाए। साथ ही 100 घोड़ों की क्रूरतापूर्वक हत्या की जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम व भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया जाए।

## प्रयोगशाला व पुस्तकालय की राशि आई पर नहीं हुआ निर्माण

▶ हाई कोर्ट ने कलेक्टर को दिए जांच के निर्देश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने शासकीय स्कूल में प्रयोगशाला व पुस्तकालय निर्माण के लिए राशि मिलने के बावजूद कार्य नदारद होने के मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने यह जिम्मेदारी कलेक्टर मंडला को दी है।
जनहित याचिकाकर्ता मंडला निवासी मुकेश श्रीवास की ओर से अधिवक्ता गोपाल सिंह बघेल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पौड़ीलिंगा, मंडला में प्रयोगशाला व पुस्तकालय निर्माण के लिए सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा दो लाख, 56 हजार रुपये की राशि मार्च 2018 को आवंटित की गई थी। विभाग के द्वारा उक्त राशि प्राचार्य के शासकीय खाते में भेजी गई थी। शासकीय खाते से राशि का आहरण कर लिया गया था। राशि का आहरण करने के बावजूद भी अभी तक प्रयोगशाला व पुस्तकालय का निर्माण नहीं कराया गया है। संबंधित अधिकारियों के द्वारा शासकीय राशि का दुरुपयोग किया गया है। इस संबंध में याचिकाकर्ता ने कलेक्टर मंडला, लोकायुक्त व ईओडब्ल्यू में शिकायत की थी। शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण उक्त याचिका दायर की गई है। युगलपीठ ने जनहित याचिका का निराकरण करते हुए कलेक्टर मंडला को निर्देशित किया है कि वह चार सप्ताह में शिकायत की जांच करें। जांच रिपोर्ट एक सप्ताह की निर्धारित समय सीमा में याचिकाकर्ता को प्रदान करें। जांच से असंतुष्ट होने पर याचिकाकर्ता पुनः हाई कोर्ट की शरण ले सकता है।

लालच में फंसे युवक के साथ धोखाधड़ी

# यूट्यूब और टेलीग्राम एप पर टास्क देकर हड़पे 6 लाख

हरिभूमि जबलपुर।

सायबर क्राईम लगातार बढ़ता जा रहा है। लोगों के जागरुक होने के बाद सायबर ठगी की वारदातें नहीं थम रही है। अधारताल थाना क्षेत्र में एक युवक को किसी सायबर ठग ने व्हाटसएप मैसेज भेजा जिसमें कहा गया कि यूट्यूब चैनल सबस्क्राईब करने पर प्रत्येक सबस्क्राईब पर 100 रुपए मिलेंगे। युवक सायबर ठग की बातों पर आ गया और टास्क पूरा करने के चक्कर में 6 लाख से अधिक की रकम गवा बैठा।



अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुभाषनगर अधारताल निवासी 38 वर्षीय अनिल कुमार अहिरवार ने लिखित शिकायत की, कि दिनांक 11 जनवरी 2024 को उसके मोबाईल पर एक मोबाइल नंबर से व्हाट्सअप पर मैसेज आया कि अगर आप एक यूट्यूब चैनल सबस्क्राईब करते है तो आपको प्रत्येक सबस्क्राईब करने पर 100 रू मिलेगा, तो उसने कुछ चैनल सबस्क्राईब कर दिये, इसके बाद उन्होने उसे कुछ टास्क करने के लिए कहा और उसे एक टेलीग्राम एप की लिंक भेजी उस पर उन्होने उससे 2 हजार रू ऐड करने के लिए कहा और बदले में 2 हजार 800 रू वापस करने को कहा तथा कुछ समय बाद उसे 2 हजार 800 रूपये उनके द्वारा उसके अकाउंट एसबीआई मे ट्रांसफर किया गया और इसके बाद उन्होने उसे दूसरे टास्क करने के लिये बोला, इस बार उन्होने उससे 10 हजार रू लिये जो उसने इंडसइंड बैंक खाता में ट्रांसफर किये, टास्क पूरा करने के बाद वापस नहीं किये और कहा कि आपको पैसे चाहिये तो और टास्क करना होगा इसी तरह टास्क के नाम पर उससे 25 हजार रुपए लिये और बदले में 35 हजार रूपये देने के लिये कहा लेकिन नही दिये, और बोला की जबतक आप टास्क कंपीलिट नही करेंगे, तब तक आपको पैसे नही मिलेंगे। इसी तरह उनके द्वारा टास्क कम्पलिट करने के नाम पर मुझसे अलग अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल राशि 6 लाख 65 हजार 350 रुपए जमा करवाये। लेकिन उनके द्वारा उसे किसी प्रकार की राशि वापस नही की गयी है। उसके साथ अज्ञात मोबाईल धारक द्वारा लालच देकर टास्क पूरा करने के नाम पर अलग अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 6 लाख 65 हजार 350 रू की धोखाधड़ी की गयी है। लिखित शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

डॉक्टर्स के 718 पदों के लिए प्रक्रिया पूरी, जल्द होगा परीक्षा की तारीख का ऐलान

# प्रोफेसर के 2197 पदों के लिए एग्जाम जून-जुलाई में

हरिभूमि जबलपुर।

प्रदेश में उच्च शिक्षा विभाग में प्राध्यापकों के 2197 पदों पर जून और जुलाई माह में भर्ती परीक्षाएं होंगी। इसके साथ ही लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा आयुष विभाग के 718 पदों के लिए आवेदन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। लेकिन आयोग परीक्षा की तारीख घोषित नहीं कर सका है। जल्दी ही इन पदों के लिए भी भर्ती परीक्षा कराई जाएगी। लोक सेवा आयोग ने साल 2025 के लिए प्री एग्जाम करा लिए हैं। लेकिन जून में होने वाली मुख्य परीक्षा का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। ऐसे में लोक सेवा आयोग के माध्यम से भरे जाने वाले पदों के लिए 2025 के अंत तक ही अंतिम परिणाम घोषित होने की संभावना है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिसम्बर 2024 में एक लाख पदों पर भर्ती की घोषणा की थी। इसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रदेश के सभी विभागों से रिक्त पदों की जानकारी बुलाई। ये ब्योरा पीएससी और कर्मचारी चयन मंडल को भेजकर भर्ती करने के निर्देश दिए हैं। इसमें लोक सेवा आयोग इंदौर ने 30 दिसम्बर 2024 से अब तक 64 विज्ञापन निकाले हैं। 3151 पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा प्रक्रिया शुरू की है।

### एग्जाम डेट पर निर्णय बाकी

डिप्टी सीएम और लोक स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र कुमार शुक्ल पीएससी के माध्यम से होने वाली चिकित्सकों की भर्ती को लेकर लगातार प्रयासरत हैं। वे इसको लेकर मंत्रालय में स्वास्थ्य विभाग के अफसरों के साथ मीटिंग करने के अलावा पीएससी के अफसरों के साथ भी बैठक कर चुके हैं लेकिन अब तक की जो स्थिति है, उसके अनुसार विभाग के रिक्त पदों को इस साल चिकित्सक स्टाफ मिल पाने की उम्मीद कम ही है।

प्रवेश प्रक्रिया से छात्र वंचित डेमोक्रेटिक लायर्स फोरम ने उठाई आवाज

# रादुविवि के पोर्टल में पांच जिलों के निजी कॉलेज गायब

हरिभूमि जबलपुर।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के अधीन आने वाले निजी महाविद्यालयों के छात्रों के भविष्य पर संकट मंडरा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा संचालित ई-प्रवेश पोर्टल पर पांच जिलों के कॉलेजों की जानकारी प्रदर्शित न होने के कारण वहां के छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा में प्रवेश से वंचित रह गए हैं।



मंडल जबलपुर के अंतर्गत आने वाले नरसिंहपुर, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर और मंडला जिलों के विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के इस तकनीकी खामी के चलते काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा संबंधित निजी महाविद्यालयों की जानकारी ई-प्रवेश पोर्टल पर अपलोड नहीं की गई, जिससे छात्र आवेदन ही नहीं कर पाए।

छात्रों को राहत दिलाने के उद्देश्य से डेमोक्रेटिक लायर्स फोरम ने इस गंभीर मुद्दे को छात्र अधिष्ठाता रादुविवि को ज्ञापन सौंपा, जिसमें मांग की है कि छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभाव से ई-प्रवेश पोर्टल पर सभी महाविद्यालयों की जानकारी अपलोड की जाए और वंचित छात्रों को प्रवेश का अवसर प्रदान किया जाए।

इस मुद्दे को लेकर छात्रों में भारी असंतोष देखा जा रहा है, वहीं शिक्षा अधिकार से जुड़ी संस्थाएं और सामाजिक संगठन भी विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही पर सवाल उठा रहे हैं।

मप्र नर्सिंग काउंसिल ने शुरू की आवेदन की प्रक्रिया

# 2 साल बाद खुलेंगे नए नर्सिंग कॉलेज

हरिभूमि जबलपुर।

नर्सिंग कॉलेजों में बड़े पैमाने पर हुए फर्जीवाड़े और सीबीआई जांच के बाद अब दो वर्षों के अंतराल पर मप्र में फिर से नए नर्सिंग कॉलेजों को अनुमति देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। वर्ष 2022-23 के बाद पहली बार नए कॉलेज खोलने के लिए आवेदन मांगे गए हैं। जून में यह स्पष्ट होगा कि कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं।



गौरतलब है कि वर्ष 2022-23 में जब अंतिम बार नए नर्सिंग कॉलेजों की अनुमति दी गई थी, तब कॉलेजों में मापदंडों की अनदेखी और फर्जी मान्यता संबंधी मामलों को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। ला स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने जांच सीबीआई को सौंपी थी। जांच में सामने आया कि कई कॉलेज बिना बुनियादी ढांचे और योग्य स्टाफ के संचालित हो रहे थे। इसके बाद 550 से अधिक कॉलेजों में से लगभग आधे को बंद कर दिया गया।

**नए नियम और कसावट के साथ मान्यता**

अब नए सत्र 2024-25 में केवल 227 कॉलेजों की मान्यता का नवीनीकरण हो सका है। इस कारण प्रदेश में नर्सिंग स्टाफ की कमी की आशंका जताई जा रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने नए कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है, जिनमें 27 शासकीय नर्सिंग कॉलेज शामिल होंगे। मप्र नर्सिंग काउंसिल के अनुसार, नए कॉलेजों को वर्ष 2018 के मापदंडों के तहत ही मान्यता दी जाएगी। आधार आधारित फैकल्टी सत्यापन और कॉलेज की गूगल लोकेशन अनिवार्य की जाएगी। साथ ही, निरीक्षण दल में प्रशासनिक अधिकारी भी सम्मिलित किए जाएंगे। कड़े नियमों के कारण इस बार 50 से 100 के बीच ही नए कॉलेजों को अनुमति मिलने की संभावना जताई जा रही है।

# जिला उपभोक्ता आयोगों में रिक्त पड़े अध्यक्षों के पद

**जबलपुर।** प्रदेश के जिला उपभोक्ता आयोगों में भारी संख्या में अध्यक्ष के रिक्त पदों के संबंध में अध्यक्ष नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए नरेंद्र प्रताप सिंह, प्रमुख सचिव, विधि मंत्रालय ने रजिस्ट्रार जनरल उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश तथा मध्यप्रदेश के प्रमुख सचिव को पत्र भेजकर समुचित कार्रवाई करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने भी नागरिक उपभोक्ता मंच के पत्र के आधार पर हाईकोर्ट में जनहित याचिका डब्ल्यू पी 1143/2025 को दर्ज किया है। यह याचिका हाईकोर्ट में लंबित है।

**विधि मंत्रालय ने हाईकोर्ट रजिस्ट्रार व उपभोक्ता संरक्षण मंत्रालय को पत्र भेजा**


मंच के अध्यक्ष ने शिकायत की है कि प्रदेश के 61 प्रतिशत जिला उपभोक्ता आयोगों में अध्यक्ष पद रिक्त पड़े हैं। 51 आयोगों में से 31 में पद रिक्त हैं। एक अध्यक्ष को 2 या 3 अध्यक्षों का अतिरिक्त कार्य करना पड़ रहा है। मंच के डॉ. पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, एड.वेदप्रकाश अधौलिया तथा डीआर लखेरा ने बताया कि प्रदेश में पिछले 7 वर्षों से जिला उपभोक्ता आयोगों में लगातार रिक्त पदों पर नियुक्तियां नहीं हुई हैं। कुछ जिला आयोगों में पिछले 4 वर्षों से नियमित अध्यक्ष ही नहीं है। इस कारण लंबित प्रकरणों की संख्या बढ़ रही है।

3 टाईम मौसम के बदल रहे मिजाज

# सुबह धूप, शाम को बादल, रात में बूंदाबांदी

हरिभूमि जबलपुर।

दिन में धूप शाम को बादल और बूंदाबांदी। इन दिनों मौसम का कुछ ऐसा ही खेल चल रहा है। शुक्रवार को भी सूर्य देव बादलों की ओट में छिपकर अपनी तपन बिखेरते रहे। जिससे उमस व गर्मी बनी। सुबह से आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही दोपहर होते-होते बादलों की हल्की परत होने लगी और शाम को हल्के घने बादल छा गये और बूंदाबांदी होने लगी, इसके बाद रात में ठंडी हवायें चलतीं रहीं। पिछले दो दिनों से रात की बारिश और हवाओं की वजह से दिन और रात का तापमान तो औसत से नीचे आ गया। जिससे गर्मी से आंशिक राहत मिली है। मौसम विभाग से चेतावनी मिली है कि अगले 24 घंटों के दौरान धूल भरी आंधी के बीच कहीं कहीं वर्षा हो सकती है।



स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि राजस्थान के ऊपर बने हवा के कम दबाव और बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी भरी हवाओं के बीच पूर्वी और पश्चिमी मध्यप्रदेश के ऊपर हवा के कम दबाव का क्षेत्रफल बन गया है। पिछले चार दिनों से मौसम में आ रहे बदलाव के कारण रात में लोगों को गर्मी से राहत है। लेकिन दिन में गर्मी के तेवर तल्ख हैं। मौसम विभाग का कहना है कि अभी अगले एक-दो दिनों में मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा। धूल भरी आंधी चलेगी और कहीं-कहीं वर्षा होगी। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घण्टो के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम एवं न्यूनतम तापमान 26.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य 2 डिग्री कम रिकार्ड किया गया। हवा मे नमी प्रातः काल 59 प्रतिशत और सांयकाल 48 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.26 मिनिट पर और सूर्यास्त शाम 6.49 मिनिट पर हुआ। दक्षिणी पूर्वी हवाएं से 7 से 8 किलोमीटर प्रति घण्टे की रफतार से चलीं। पिछले 24 घण्टो मे सर्वाधिक 46.0 डिग्री तापमान खजुराहो जिले में दर्ज किया गया। अगले 24 घण्टो के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

# राईस मिलों की दोबारा जांच करें : कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने राईस मिल की जांच के संबंध में समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी एसडीएम से उनके द्वारा किये गये जांच प्रतिवेदन पर चर्चा की और कहा कि शासन के जो निर्देश है उसके अनुसार पुनः जांच करें। कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि जांच का आधार शासन के निर्देश तथा जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर दिये गये निर्देश हों। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वाहन का परिवहन विभाग के पोर्टल में किस श्रेणी में दर्ज है यह देखें। धान परिवहन के दौरान टोल एंट्री है या नहीं। साथ ही जीपीएस सिस्टम का भी इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि धान चालान, ट्रेक चालान, रिलीज ऑर्डर के बारे में विस्तृत जांच करें। धान के बोरे किस वाहन में आये इसकी भी जांच करें। कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि मिलर्स को धान परिवहन की जांच नियमानुसार व सतर्कता से करें। इसमें लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी जांच अधिकारी जांच उपरांत जांच प्रतिवेदन शीघ्रता से प्रदाय करें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि खाद्य सामग्री में संगठित रूप से सोच समझकर किया गया अवैधानिक कार्य गंभीर अपराध की श्रेणी में है, अतः सभी अधिकारी इस दिशा में सावधानी से जांच करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड, सभी एसडीएम व उपार्जन से संबंधित अधिकारी मौजूद थे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेद्वी RNI No.: MPHIN/2008/24240